प्रकाशन का सफलतम 17 वां वर्ष

**सुविचार**

अपनी पीडा के लिए संसार
को दोष मत दीजिये,
अपने मन को समझाओ,
तुम्हारे मन का परिवर्तन
ही तुम्हारे दुखो का अंत है!!!

श्रीमद् भगवद् गीता


आवाज आज की, नज़र कल पर

# पूर्वांचल सूर्य

रांची > दिल्ली > देवघर से प्रकाशित

www.purvanchalsurya.com

RNI No.- JHAHIN/2007/24306






वर्ष - 17 | अंक 248 | दैनिक | रांची | सोमवार 22 अप्रैल 2024 | पृष्ठ - 12 | मूल्य : ₹ 4.00

**पूर्वांचल सूर्य की रिपोर्ट सच साबित हुई**

## यशस्विनी सहाय होंगी रांची से कांग्रेस प्रत्याशी

### राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जताई सहमति

**विशेष संवाददाता**

**रांची।** लोकसभा चुनाव में रांची संसदीय सीट से पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय की सुपुत्री यशस्विनी सहाय कांग्रेस की प्रत्याशी होंगी। इस संदर्भ में महज घोषणा होना बाकी है। इस संबंध में रविवार को राजधानी रांची के प्रभात तारा मैदान में इंडिया गठबंधन की उलगुलान न्याय रैली की मंच पर कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सुश्री सहाय को बधाई दी। उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की शुभकामनाएं दी। गौरतलब है कि पूर्वांचल सूर्य ने विगत दिनों रांची संसदीय सीट से सुश्री सहाय को कांग्रेस प्रत्याशी बनाए जाने की संभावना व्यक्त करते हुए एक विस्तृत रिपोर्ट प्रकाशित की थी।



**कौन हैं यशस्विनी सहायः**

यशस्विनी सहाय पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय व लोकप्रिय टीवी कलाकार रेखा सहाय की सुपुत्री हैं। प्रारंभिक शिक्षा के बाद उन्होंने मुंबई से बैचलर ऑफ लॉ की डिग्री हासिल की। तत्पश्चात ट्रांस्नेशनल क्राइम एंड जस्टिस, (यूनाइटेड नेशंस क्राइम एंड जस्टिस रिसर्च इंस्टीट्यूट), टुरिन, इटली से लॉ में मास्टर डिग्री प्राप्त किया।

वर्तमान में सुश्री सहाय मुंबई फैमिली कोर्ट और मुंबई सेशन कोर्ट में बतौर अधिवक्ता अपनी सेवाएं दे रही हैं। वह राष्ट्रीय स्तर की गैर सरकारी स्वयंसेवी संस्था कैलाश सत्यार्थी फाउंडेशन से भी जुड़ी हैं। मरूनालनी देशमुख (वरिष्ठ अधिवक्ता) के साथ जुड़कर लीगल एडवाइजर के रूप में वहां भी सेवाएं दे रही हैं। इसके तहत वह विशेष रूप से झारखंड में बाल श्रम, यौन शोषण की रोकथाम और पोक्सो एक्ट के सफल कार्यान्वयन के लिए कार्य कर रही हैं। हाल के दिनों में पीड़ित मानवता के सेवार्थ झारखंड में उनके कार्यों को सराहा गया है।

**रिपोर्ट सच साबित हुई।**

रविवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं सुश्री सहाय की मुलाकात के बाद रांची सीट पर प्रत्याशी को लेकर लगाए जा रहे अटकलों पर विराम लग गया।

## राजस्थान में एक साथ निकली सात दोस्तों की शवयात्रा

**ट्रॉले-वैन की भिड़ंत में हुई थी 9 की मौत, बारात से लौटते समय हुआ एक्सीडेंट**



**झालावाड़ (एजेंसी)।** राजस्थान के झालावाड़ जिले में एक ट्रॉले और वैन की भिड़ंत में 9 दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई। वैन में 10 लोग सवार थे और मध्य प्रदेश के डूंगरी (खिलचीपुर) में शादी-समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे। हादसा जिले के अकलेरा थाना क्षेत्र में रविवार सुबह 3 बजे भोपाल मार्ग पर हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और वैन में फंसे घायलों को नजदीक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने 9 लोगों को मृत घोषित कर दिया। वहीं, एक घायल का इलाज किया जा रहा है। मृतकों में से 7 दोस्तों का एक साथ अंतिम संस्कार किया जा रहा है। गांव में जैसे ही 7 अर्थियां एकसाथ उठीं तो चीख-पुकार मच गई। एसचाओ बिश्नोई ने बताया कि अकलेरा कस्बे में एक घर में विवाह समारोह था। बारात शुक्रवार को मध्य प्रदेश के खिलचीपुर क्षेत्र में गई थी। बारातियों में से देर रात 10 दोस्त मारुति वैन से वापस अकलेरा लौट रहे थे। इस दौरान एनएच-52 पर खुरी पचोला (अकलेरा) के पास मारुति वैन और एक ट्रॉले की भिड़ंत हो गई।

## सतना रैली में नहीं पहुंच पाए राहुल, खड़गे ने संभाली कमान

**सतना (एजेंसी)।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, मैं कई जगह घूमा। जहां भी गया, वहां लोगों के प्रमुख मुद्दे महंगाई-बेरोजगारी हैं। महंगाई गरीबों की कमर तोड़ रही है। जान ले रही है। कोई खुश नहीं है। एक ही आदमी मोदी खुश है। लोग गरीबी में रहें, उनको खाना न मिले, उनकी आमदनी न बढ़े, यही मोदी का मेन मकसद है। उनका स्लोगन है- सबका साथ, सबका विकास, बाकी लोगों को सत्यानाश। खड़गे कांग्रेस के स्टार प्रचारक राहुल गांधी का दौरा कैंसिल होने के बाद सतना में सभा को संबोधित करने पहुंचे थे। बीटीआई मैदान में उन्होंने कहा, मैं माफी चाहता हूं कि राहुल नहीं आ सके। उन्हें फूड पॉइजनिंग हुई है। उन्होंने मुझसे कहा कि मुझे सतना जाना था। अब अगर इसकी भरपाई कोई कर सकता है तो आप ही कर सकते हैं। पूर्व में तय कार्यक्रम के मुताबिक, सतना में राहुल कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी सिद्धार्थ कुशवाहा डब्बू के समर्थन में आम सभा लेने वाले थे। सतना में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 26 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। नेहरू ने 16-17 साल हुकूमत की। आपको सब काम दिखेंगे।



**खड़गे बोले-**

- **राहुल गांधी बीमार, फूड पॉइजनिंग की है शिकायत**
- **कहा-महंगाई और बेरोजगारी से सिर्फ मोदी खुश, गरीब मर रहे हैं**

## कांग्रेस की नीयत ही नहीं रही कि लोगों को पानी मिले: पीएम

- राजस्थान के जालोर में पीएम मोदी का कांग्रेस पर बड़ा हमला
- कहा-देश का युवा दोबारा इस पार्टी का मुंह नहीं देखना चाहता



**जालोर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- कांग्रेस के इतने हाल खराब हैं भाइयों। अब देखिए कांग्रेस ने देश पर 60 साल तक राज किया। इसी कांग्रेस ने हमारी माताओं-बहनों को शौचालय, घरेलू गैस, बिजली-पानी, बैंक अकाउंट जैसी छोटी-छोटी चीजों के लिए तरसाया। इसी कांग्रेस ने परिवारवाद और भ्रष्टाचार का दीमक फैलाकर देश को खोखला कर दिया और उनके इन्हीं पापों की सजा देश कांग्रेस को दे रहा है। देश का युवा इतने गुस्से में है कि वो दोबारा कांग्रेस का मुंह नहीं देखना चाहता। मोदी ने भीनमाल (जालोर) में रविवार को 72 जिनालय के सामने स्थित ग्राउंड पर जनसभा को संबोधित किया। मोदी बोले- जिस पार्टी ने कभी 400 सीटें जीती थीं, आज वो 300 सीट पर चुनाव नहीं लड़ पा रही है। आज कांग्रेस की हालत ये है कि उन्हें उम्मीदवार नहीं मिल रहे हैं। कांग्रेस की कभी नीयत नहीं रही कि किसानों को पानी मिले। उनके जीवन का सबसे बड़ा संकट समाप्त हो। इसका एक उदाहरण है, सालगांव बांध परियोजना, ये साढ़े 4 दशक पहले तब बनी थी जब हर जगह कांग्रेस ही कांग्रेस थी। लेकिन ये योजना कभी पूरी नहीं हुई, जमीन पर उतरी ही नहीं। उस समय अगर ये बांध बन जाता तो 30 लाख से भी कम की लागत आती। इस वक्त इसे बनाने में 250 करोड़ तक लागत पहुंची है।

**मोदी बोले-**

### मैं मेरे लिए भी वोट मांगने आया हूं

सभा में मोदी बोले- लुंबाराम को वोट मतलब मोदी को मजबूत बनाने की गारंटी। आपके एक-एक वोट से मोदी की ताकत बढ़ेगी, मोदी को काम तेज करने की ताकत मिलेगी। देश को विकसित बनाना और राजस्थान को विकसित बनाने के काम करने में और आसानी होगी। आज मैं सिर्फ लुंबारामजी के लिए वोट मांगने आया हूं ऐसा नहीं है, आज मैं मेरे लिए भी वोट मांगने आया हूं। मैं जब से राजस्थान में आना शुरू किया, कोई भी ऐसा समय नहीं, जब मैंने पानी के विषय में सुना न हो। अभी मैं बैठा था हमारे उम्मीदवार महोदय तुरंत बोले- मोदी जी पानी मेरी पहली प्राथमिकता है। आपके इस सेवक ने किसान के हर खेत और हर बहन के घर तक पानी पहुंचाना अपना मिशन बनाया। इतिहास में पहली बार जल जीवन मिशन जैसा कार्यक्रम चल रहा है। सिर्फ 5 वर्ष में ही देश में 11 करोड़ से अधिक नए परिवारों को नल से जल दिया जा चुका है लेकिन अफसोस है कि इसी दौरान राजस्थान में पांच साल तक कांग्रेस की सरकार ने पानी में भी घोटाला किया। अब भजनलाल सरकार घोटाले की जांच कर रही है। अब हम हर घर पाइप से पानी पहुंचाने के लिए कार्य कर रहे हैं। ये ट्रेलर है, अभी हमें राजस्थान के विकास को, देश के विकास को नई बुलंदियां देनी हैं। इस संकल्प को लेकर चल पड़ा हूं। पीएम बोले- मोदी की गारंटी है, आपका सपना ही मेरा संकल्प है। मेरा पल-पल आपके नाम। मेरा पल-पल देश के नाम। कोरोना का इतना बड़ा महासंकट आया। एक तरफ हमने हर परिवार को मुफ्त टीका लगाया। दूसरी तरफ मुफ्त राशन की व्यवस्था की। ताकि गरीब का चूल्हा जलता रहे, गरीब का बच्चा भूखा न सोए। हमने वन नेशन वन राशन की योजना बनाई।

## ईरान-इजरायल में बन रहे हैं 'महायुद्ध' जैसे हालात!

**तेहरान (एजेंसी)।** इजरायल और ईरान के बीच तनाव कम होने का नाम नहीं ले रहा है। सिर्फ मध्य पूर्व ही नहीं पूरी दुनिया की नजरें इस वक्त इन दो ताकतवर मुल्कों पर है। दुनिया के सामने एक महायुद्ध जैसी स्थिति बनी हुई है। इसने भारत समेत कई देशों की चिंता बढ़ा दी है। भारत की इसलिए क्योंकि ईरान अगर होर्मुज जलडमरूमध्य अवरुद्ध कर देता है तो भारत के लिए कच्चे तेल का आयात मुश्किल हो जाएगा। इससे तेल और एलएनजी की कीमतें बढ़ सकती हैं। ईरान-इजराइल संघर्ष पर विश्लेषकों का कहना है कि अगर ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को अवरुद्ध किया तो कच्चे तेल और एलएनजी की कीमतें बढ़ सकती हैं। इस जलडमरूमध्य से भारत जैसे देश सऊदी अरब, इराक और यूएई से कच्चा तेल आयात करते हैं। गौर हो कि ईरान और इजरायल के बीच हालिया तनाव का पहला चरण 1 अप्रैल को तब शुरू हुआ जब इजरायली सेना ने सीरिया में ईरानी दूतावास में धमाका किया। इस हमले में ईरान के टॉप कमांडर समेत 13 लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए इजरायली धरती पर 300 से ज्यादा ड्रोन और मिसाइलें छोड़ दी। हालांकि अमेरिका, ब्रिटेन और इजरायल के सुरक्षा कवच आयरन डोम की मदद से 99 फीसदी हमले नाकाम कर दिए गए। जवाब में इजरायल ने भी गुरुवार रात ईरान में धमाके किए। हालांकि इस हमले की जिम्मेदारी न ही इजरायल ने ली है और न ही ईरान ने खुद पर हमला होने की बात कबूली है। इजरायल और ईरान के बीच संघर्ष के बाद से कच्चे तेल की कीमतें 90 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुंच गईं। ममोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज ने कहा कि हालांकि तनाव कम करने के प्रयासों से संकट पर नियंत्रण होने की संभावना है, लेकिन अगर ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को अवरुद्ध किया तो तेल और एलएनजी की कीमतें तेजी से बढ़ेंगी। होर्मुज जलडमरूमध्य ओमान और ईरान के बीच लगभग 40 किलोमीटर चौड़ी एक समुद्री पट्टी है। इस मार्ग के जरिए सऊदी अरब, यूएई, कुवैत, कतर, इराक और ईरान (13 लाख बैरल प्रति दिन) कच्चे तेल का निर्यात करते हैं।



- ईरान के एक कदम से मुश्किल में आ जाएगा भारत
- कच्चे तेल का आयात होगा मुश्किल, बढ़ेंगी कीमतें

## देश का पहला मंदिर जिसके गुंबद में एक भी पिलर नहीं

### यहां एक ही मंदिर में होंगे 24 जैन तीर्थंकरों के दर्शन

**40 हजार किलो के पत्थर की प्रतिमा**



अजमेर (एजेंसी)। देश का पहला जैन मंदिर, जिसमें बिना पिलर का गुफा मंदिर भी होगा। पहाड़ी की तलहटी में स्थित डोम के आकार का गुफा मंदिर 90 फीट चौड़ा और 135 फीट लंबा है। इसे बनाने में लाल पत्थरों का इस्तेमाल किया जा रहा है। करीब साढ़े पांच सौ एकड़ के कैंपस में जैन धर्म से जुड़े तमाम मंदिर और प्रतिमाएं हैं। नारेली तीर्थ क्षेत्र कमेटी के कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल जैन ने बताया कि 150 मीटर ऊंची पहाड़ी की तलहटी में बना यह बहुउद्देशीय क्षेत्र करीब साढ़े पांच सौ बीघा भूमि पर फैला है। ज्ञानसागर महाराज की समाधि नसीराबाद (अजमेर) में है। संत शिरोमणी पूज्य आचार्य 108 विद्यासागरजी की दीक्षा स्थली भी अजमेर ही है। दोनों महान आदर्श संतों की यशोगाथा को चिर स्थायी बनाने के लिए 'ज्ञानोदय तीर्थ' बनाया गया। इसी कैंपस में 11 मंजिला मंदिर भी बन रहा है। इसका काम भी लगभग पूरा हो चुका है। यहां भगवान आदिनाथ से महावीर स्वामी तक 24 तीर्थंकरों की 3-3 प्रतिमाएं विराजेंगी। हर मंजिल पर 72 और 10 मंजिलों में चारों ओर 720 प्रतिमाएं तीर्थंकरों की लगेंगी। गौशाला, स्कूल, हॉस्पिटल के अलावा भक्तों के ठहरने के लिए धर्मशाला को भी बनाया गया है। साल 1997 में सुधासागरजी महाराज का प्रथम चातुर्मास भी इसी क्षेत्र पर हुआ था। इस साल कई योजनाएं शुरू की गईं और विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास किया गया। नारेली तीर्थ में एंट्री पर लाल पत्थरों से बना सिंहद्वार है। इसकी ऊंचाई 51 फीट है। इसके दोनों तरफ सुरक्षाकर्मियों के लिए 2 मंजिले कमरे बने हैं। इस द्वार से क्षेत्र के प्रमुख मंदिर आदिनाथ जिनालय में स्थापित विशाल और भव्य मनोहारी आदिनाथ की प्रतिमा के दर्शन होते हैं।

## चुनाव से पहले वायनाड में राहुल को लगा झटका

**भाजपा में शामिल हो गए वायनाड़ जिला महासचिव**



**वायनाड़ (एजेंसी)।** वायनाड में कांग्रेस पार्टी को शनिवार को उस समय झटका लगा, जब जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। भाजपा में शामिल होने के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए पी एम सुधाकरन ने कहा कि वर्तमान सांसद और वायनाड लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार राहुल गांधी पार्टी के जिला नेताओं के लिए पहुंच से बाहर हैं। सुधाकरन ने कहा, 'अगर वह मेरे लिए पहुंच से बाहर हैं, तो एक आम आदमी की स्थिति की कल्पना करें। उन्हें पांच साल दिए गए थे। अगर हम एक और कार्यकाल देते हैं, तो यह वायनाड के विकास की संभावनाओं को नष्ट कर देगा।' उन्होंने गांधी को यह घोषणा करने की भी चुनौती दी कि वह अमेठी से चुनाव नहीं लड़ेंगे।

## राजनीतिक दलों की रेवड़ियों पर आना चाहिए श्वेतपत्र

**आरबीआई के पूर्व गवर्नर डी. सुब्बाराव ने कर दी बड़ी मांग**

**कहा-लोगों को इसके नफे-नुकसान के बारे में बताना चाहिए**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में अभी लोकसभा चुनाव चल रहे हैं और मतदाताओं को लुभाने के लिए राजनीतिक दलों में रेवड़ियां बांटने की होड़ मची है। जनता से तरह-तरह के चुनावी वादे किए जा रहे हैं। लेकिन भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर डी. सुब्बाराव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार को मुफ्त उपहारों के मुद्दे पर राजनीतिक दलों के बीच आम सहमति बनाने के लिए एक श्वेतपत्र यानी वाइट पेपर लाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस पर विस्तृत चर्चा होनी चाहिए कि इस संबंध में राजनीतिक दलों पर कैसे रोक लगाई जाए। सुब्बाराव ने कहा कि जनता को इन मुफ्त उपहारों की लागत और फायदों के बारे में ज्यादा जागरुक किया जाना चाहिए तथा इस पर जनता को शिक्षित करने की जिम्मेदारी सरकार की है। सुब्बाराव ने कहा, 'मुझे लगता है कि यह एक राजनीतिक मुद्दा है और इस पर राजनीतिक आम सहमति बनानी होगी। केंद्र सरकार तथा प्रधानमंत्री को नेतृत्व करना चाहिए। मुझे लगता है कि उन्हें एक श्वेतपत्र लाना चाहिए और इस पर आम सहमति बनाने का प्रयास करना चाहिए।' लोगों को इन मुफ्त उपहारों के अच्छे और बुरे पहलुओं के बारे में बताया जाना चाहिए।

## योगी बोले-नक्सलवाद के साथ कांग्रेस का आंतरिक समझौता

**कोरबा में कहा-कांग्रेस की कमीशनखोरी को लगाम लगाने का काम बीजेपी ने किया**




**बिलासपुर/राजनांदगांव/कोरबा (एजेंसी)।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ रविवार को छत्तीसगढ़ दौरे पर थे। राजनांदगांव और कोरबा में उन्होंने जनसभा को संबोधित किया और कहा कि, नक्सलवाद के साथ कांग्रेस का आंतरिक समझौता था। कांग्रेस के राज में कमीशनखोरी जमकर होती थी। कांग्रेस की कमीशनखोरी को लगाम लगाने का काम बीजेपी ने किया है। वहीं राजनांदगांव में उन्होंने कहा कि, भुनेश्वर साहू के पिता को विधायक बनाकर भुनेश्वर को जनता ने सच्ची श्रद्धांजलि दी। भुनेश्वर की एक ही गलती थी कि उसने लव जिहाद का विरोध किया था, कांग्रेस सरकार की तुष्टीकरण की नीति का विरोध किया था। योगी ने कहा कि, प्रभु राम की धरती से संदेश लेकर उनके ननिहाल हम आए हैं।

ये बताने आए हैं कि, अयोध्या में रामलला आ गए हैं। राम राज की स्थापना मोदीजी के नेतृत्व में होने जा रही है। इसके लिए मोदीजी को जिताना जरूरी है।

# श्री कृष्ण प्रणामी ट्रस्ट का नि:शुल्क 146 वां अन्नपूर्णा भंडारा आयोजित



**वरीय संवाददाता ,रांची।** रविवार को 146 वें नि:शुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का संचालन अपनी स्व धर्म पत्नी शैला सर्राफ की स्मृति मे संस्था के वरिष्ठ सदस्य श्री पुर्णमल सर्राफ उनके पुत्र अनमोल सर्राफ बेटी दमाद प्रिया पंकज नेमानी, पायल भाष्कर हिम्मत सिंहका और उनके परिवार के सौजन्य से की गई। गुरू महाराज के जनसेवा को समर्पित जीवन के 52 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में रविवार को शहर के पुंदाग स्थित संस्था के निर्माणाधीन श्री कृष्ण प्रणामी (राधा-कृष्ण) मंदिर के प्रांगण मे रांची शहर के प्रतिष्ठित समाजसेवी भंडारे के यजमान पुर्णमल सर्राफ,अनमोल सर्राफ, प्रिया नेमानी,मानसी अग्रवाल, संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल कार्यक्रम संयोजक विशाल जालान,अमिता जालान द्वारा श्रद्धालुओं के बीच 146 वां नि:शुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का विधिवत पूजन कर मंदिर परिसर मे उपस्थित 5 पुजारियों को श्रीराज श्यामा जी (श्री राधा-कृष्ण) भगवान एवं प्रणामी समाज के संतो एव गुरुजनों को भोग अर्पित कर बने हुए भंडारे में भगवान का भोग मिश्रित कर भंडारे का वितरण शुरू किया गया।

सेवा कार्य में संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल सचिव मनोज कुमार चौधरी,पुर्णमल सर्राफ,सुशील नारसरीया,अनमोल सर्राफ, ओम प्रकाश सरावगी,नन्द किशोर चौधरी,विशाल जालान,बिमल मोदी,विष्णु सोनी, शिव भगवान अग्रवाल, ज्ञान प्रकाश शर्मा, पवन पोद्दार (ताउ),प्रेम कुमार,चन्द्रदीप साहु परमेश्वर साहु, हरीश कुमार, महेश वर्मा महिला समिति की चंदा देवी अग्रवाल,संतोष देवी अग्रवाल,प्रिया नेमानी,पायल सर्राफ,अमिता जालान,मानसी अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित थे। यह जानकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल ने दी।

# देवलाल कुमार राजीव गांधी पंचायती राज संगठन का संयोजक बने



**प्रतिनिधि,चरही ।** राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के झारखंड प्रदेश में हजारीबाग के देवलाल कुमार को संगठन का संयोजक बनाया गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खगड़े के अनुमोदन पर प्रदेश अध्यक्ष सुनीत शर्मा के नेतृत्व में बनाया गया है। झारखंड के प्रदेश के राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की संयोजकों की सूची जारी किया है। जिसमें हजारीबाग से देवलाल कुमार को राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश संयोजक बनाया गया है। जिसकी प्रतिलिपि राष्ट्रीय अध्यक्ष आरजीपीआरएस मीनाक्षी नटराजन, झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर एवं झारखंड प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस कमिटी राजेश ठाकुर को भेज दिया गया है। इसके प्रदेश संयोजक बनने पर उनके संगठन के साथ सभी पदाधिकारी और कांग्रेसियों के बीच खुशी की लहर देखी गई है। कांग्रेस के सभी अधिकारियों व सदस्य ने बधाई दी है।

# जेसीआई रांची यूथ का नि :शुल्क जांच शिविर आयोजित




**वरीय संवाददाता ,रांची।** जेसीआई रांची यूथ और शल्बी डिवाइन हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में मोरहाबादी मैदान में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। अध्यक्ष सोनल अग्रवाल ने बताया की शिविर में लगभग 150 लोगो का नि:शुल्क स्वास्थ्य का परीक्षण किया।स्वास्थ्य शिविर का लाभ बड़ी संख्या में लोगों ने लिया। उन्होंने कहा कि समय-समय पर ऐसे स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे।शिविर में डॉक्टर आरके उपाध्याय ने बीपी शुगर हृदय, उच्च रक्तचाप,टॉयफायड, शुगर,रोग तथा अन्य बीमारियों के मरीज का नि:शुल्क जांच किया गया।रक्तचाप,मधुमेह की जांच अधिक मात्रा हुई और मुफ्त मे दवाइयों का वितरण किया गया।मेडिकल टीम मे आए जनरल फिजीशियन डॉक्टर आरके उपाध्याय ने शिविर में उपस्थित को महत्वपूर्ण जानकारी में उन्होंने बताया कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए 1 घंटे का व्यायाम बहुत जरूरी है पूरे 24 घंटे में आप 23 घंटे अपने काम में लगा लीजिए परंतु शरीर को स्वस्थ रखने के लिए सुबह एक घंटा अपने शरीर को जरूर दीजिए जिसमें चलना, दौड़ना, खेलना, व्यायाम करना, साइकलिंग इत्यादि शामिल है। चिकित्सकों द्वारा जांच के पश्चात लोगों को उचित मार्गदर्शन भी दिया गया है।इस आयोजन से शिविर में आने वाले मरीज काफी खुश दिखे। मौजूद लोग स्वास्थ्य शिविर के आयोजन के लिए डॉक्टरों को धन्यवाद दे रहे थे।

कार्यक्रम को सफल बनाने मे मोनिका गोयनका,सज्जन अग्रवाल,प्रवीण कुमार व अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# रांची उलगुलान महारैली में संजीव बेदिया समेत सैकड़ो झामुमो कार्यकर्ता हुए शामिल

**पुसू प्रतिनिधि, बड़कागांव।** रांची प्रभात तारा मैदान में आयोजित इंडिया उलगुलान महारैली में झामुमो केंद्रीय सचिव सह मुख्य संयोजक हजारीबाग संजीव कुमार के नेतृत्व व बड़कागांव झारखंड मुक्ति मोर्चा अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय सिंह की संचालन में सैकड़ो कार्यकर्ता रैली में शामिल हुए। इंडिया गठबंधन जिंदाबाद हेमंत सोरेन जिंदाबाद, शिबू सोरेन जिंदाबाद झारखंड मुक्ति मोर्चा जिंदाबाद जेल का ताला टूटेगा हेमंत सोरेन छूटेगा झारखंड झुकेगा नहीं के नारों के साथ लोग रांची पहुंचे व रैली में शामिल हुए। मौके पर उपस्थित झामुमो केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया, झामुमो केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय सिंह,झमन प्रसाद ,जिला सोशल मीडिया सदस्य संजय भुईयां, शंकर साव,प्रखंड सचिव सरोज मेहता, संजय करमाली, विवेक वर्मा,सुरेश यादव धीरेंद्र पासवान ,चूरामन गंझू,पवन तुरी नंदकिशोर भुईयां, बसंत ठाकुर, दीपन साव ,राजेंद्र भुइयां आदि सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष झामुमो कार्यकर्ता शामिल हुए ।



# चरही कोयलांचल क्षेत्र के विद्यार्थियों ने मैट्रिक में लहराया परचम

## मैट्रिक में सर्वोदय शिशु विद्या मंदिर लालबंगला का शतप्रतिशत प्रदर्शन

**प्रतिनिधि,चरही।** चरही कोयलांचल क्षेत्र में सर्वोदय विद्यालय लालबंगला के विद्यार्थियों ने मैट्रिक परीक्षा में शानदार शतप्रतिशत प्रदर्शन किया। कुल 59 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। जिनमें 40 विधार्थी प्रथम श्रेणी एवं 19 विधार्थी द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। इनमें 72 प्रतिशत विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान से उत्तीर्ण हुए। अंकिता कुमारी ने सर्वाधिक 87.8 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर हुई। विद्यालय के अनीता कुमारी 81.4 प्रतिशत अंक लाकर दूसरा स्थान पर रही वहीं मनीष कुमार प्रजापति 76.8 प्रतिशत अंक लाकर तीसरे स्थान प्राप्त किया। विद्यालय का बेहतर परीक्षा परिणाम को लेकर शिक्षकों व विद्यार्थियों में हर्ष व्याप्त है। विद्यालय के प्राचार्या कपील देव पटेल ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी एवं कहा कि शिक्षकों के कुशल नेतृत्व में छात्र-छात्राओं ने परिश्रम कर यह सफलता अर्जित कर विद्यालय का नाम रौशन किया है।



### परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय चरही के 93.25 प्रतिशत छात्र सफल

परियोजना प्लस टू हाई स्कूल के 93.25 प्रतिशत विद्यार्थियों ने मैट्रिक परीक्षा में सफलता अर्जित की। कुल 89 विद्यार्थियों में से 83 विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की। 40 विद्यार्थियों को फर्स्ट डिवीजन प्राप्त हुआ जबकि 43 विद्यार्थी सेकेंड डिवीजन में सफल हुए। अनन्या कुमारी 93 प्रतिशत, रिंकी कुमारी 89.2 प्रतिशत और सुमित कुमार सिंह 89 प्रतिशत के साथ क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। प्राचार्य पारसनाथ महतो ने सफल छात्रों को उज्जवल भविष्य का कामना की एवं कहा कि विद्यार्थियों का प्रदर्शन संतोषजनक है। अगली बार और बेहतर परिणाम आए, ऐसा लक्ष्य लेकर पढ़ाई की व्यवस्था की गई है।

**मैट्रिक में ज्ञान भारती शिक्षायतन चरही का रिजल्ट रहा शतप्रतिशत :** ज्ञान भारती शिक्षायतन विधालय चरही का झारखंड अधिविद्य परिषद रांची द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा में शतप्रतिशत रिजल्ट रहा विद्यालय के प्राचार्य रीमा कुमारी ने बताया कि विद्यालय के सभी परीक्षार्थी हिंदी माध्यम से परीक्षा दिए थे। जिसका रिजल्ट शत प्रतिशत रहा 26 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए है जबकि 9 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। इस बार की मैट्रिक परीक्षा में विद्यालय से 35 छात्र छात्राओं ने मैट्रिक की परीक्षा में सम्मिलित हुए थे, जिसमें अधिकांश छात्रों ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण कर अपना और विद्यालय का नाम रोशन किया है। साथ ही कई छात्रों ने गणित विषय में शतप्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय के शत प्रतिशत परीक्षाफल आने से विद्यालय प्रबंधन समिति और शिक्षकों में काफी खुशी है। विद्यालय के टापर रहे प्रेम कुमार 440 अंक, द्वितीय आशीष कुमार 436 अंक, तृतीय मोनिका कुमारी 428 अंक प्राप्त किया।उन्होंने बताया कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम काफी बेहतर रहा ।विद्यालय के सभी छात्र छात्रओं अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हुए हैं, यह विद्यालय के लिए गौरव की बात है। विद्यालय प्राचार्य रीमा कुमारी समेत अन्य शिक्षकों ने कहा कि छात्र-छात्रओं ने मैट्रिक परीक्षा में अपने प्रतिभा का लोहा मनवाया है। साथ छात्रों की उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

# झारखंड चैम्बर के कस्टोडियन कमिटी की बैठक आयोजित



**वरीय संवाददाता**

**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के कस्टोडियन कमिटी की बैठक होटल कैपिटल हिल में हुई। बैठक में शामिल सबसे वरीयतम पूर्व अध्यक्ष आरके सरावगी की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में चैम्बर अध्यक्ष किशोर मंत्री और महासचिव परेश गट्टानी ने चैम्बर की वर्तमान गतिविधियों पर चर्चा करते हुए अपनी भावी योजनाओं से अवगत कराया।

राज्यस्तर पर चैम्बर को सशक्त बनाने के साथ ही क्षेत्रीय उपाध्यक्ष की सहभागिता से जिला चैम्बर ऑफ कॉमर्स और सम्बद्ध संस्थाओं को चैम्बर के कार्यकलापों में सहभागी बनाने पर भी बैठक में सदस्यों द्वारा बल दिया गया। कहा गया कि जिला स्तर पर दौरों के आयोजन के माध्यम से फेडरेशन की उपस्थिति से व्यापारियों का मनोबल बढ़ता है। चैम्बर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी फेडरेशन द्वारा राज्यस्तर पर गतिविधियों का आयोजन सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी क्रम में चैम्बर के कार्यकारिणी समिति की आगामी बैठक 27 अप्रैल को नेतरहाट में आयोजित की गई है जिसमें रांची के अलावा पलामू, गुमला, लोहरदगा के व्यापारी शामिल होंगे।

चैम्बर भवन बिल्डिंग के रख रखाव, अव्यवस्थित जनरेटर को सुव्यवस्थित बनाने तथा पूरे पैसेज को साफ सुथरा रखने में कार्रवाई के लिए पूर्व अध्यक्ष ललित केडिया के नेतृत्व में कमिटी का गठन किया गया। भवन में नया लिफ्ट लगाने का प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पारित किया गया, जिसके लिए पूर्व अध्यक्ष पवन शर्मा को अधिकृत किया गया। इसी प्रकार चेंबर भवन के आधारतल एवं कार्यालयी तल के सौंदर्यकरण करने के साथ ही प्रथम तल पर 12 केविन बनाने का निर्णय लिया गया। जिसका प्रारूप बनाकर अपने सम्बद्ध संस्थाओं के बीच में प्रचारित करना है और जब तय हो उसके बाद बनाने की सहमति समिति द्वारा दी गई।

चैम्बर को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में वर्तमान टीम द्वारा की जा रही कार्रवाई की समिति के सदस्यों ने सराहना की और इस दिशा में और अधिक बेहतरी के अपने सुझाव भी दिए। महासचिव परेश गट्टानी ने चैम्बर की बेहतरी के लिए कस्टोडियन कमिटी की बैठक को महत्वपूर्ण बताते हुए सभी पूर्व अध्यक्ष का आभार जताया और कहा कि कमिटी के निर्देशानुसार हमारी कार्यकारिणी समिति हरसंभव कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है।

बैठक में पूर्व अध्यक्ष आरके सरावगी, केके साबू, ललित केडिया, महेश पोद्दार, गिरीश मल्होत्रा, मनोज नरेडी, रंजीत टिबडेवाल, बिकास सिंह, पवन शर्मा, रंजीत गाडोदिया, कुणाल अजमानी, चैम्बर अध्यक्ष किशोर मंत्री और महासचिव परेश गट्टानी उपस्थित थे।

# सी-विजिल एप पर करें आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत,100 मिनट के अंदर होगी कार्रवाई




- **स्वतंत्र, पारदर्शी एवं निष्पक्ष के लिए चुनाव आयोग की पहल**
- **जागरूक बनें और चुनाव के निष्पक्ष संपादन में प्रशासन का सहयोग करें**

**प्रतिनिधि, हजारीबाग।** हज़ारीबाग़ लोकसभा चुनाव 2024 में स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने में आयोग के साथ साथ मतदाताओं की भी सजग भूमिका जरूरी है। जब तक मतदाता चुनाव में प्रलोभन देने के हथकंडों को आंख बंद करके यूं ही देखते रहेंगे, तब तक इस पर रोक लगाना संभव नहीं है। इसके लिए चुनाव आयोग ने तकनीक का इस्तेमाल करते हुए सी -विजिल मोबाइल एप मतदाताओं के लिए बनाया है.सी-विजिल एप के माध्यम से आम नागरिक आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लघंन की शिकायत कर सकते हैं। मोबाइल के प्ले स्टोर या एप स्टोर से सी-विजिल एप डाउनलोड कर लाइव फोटो अथवा लाइव वीडियो अपलोड कर शिकायत की जा सकती है । आदर्श आचार संहिता के उल्लघंन होने पर सी-विजिल एप में अपने मोबाइल नम्बर से लॉग इन (लॉगिन) कर आम नागरिक अपने शिकायत की सतत निगरानी भी कर सकते हैं।

**क्या नाम और मोबाइल नंबर देना अनिवार्य है?** सी-विजिल एप पर शिकायत करने के लिए नाम व मोबाइल नम्बर देने की कोई बाध्यता नहीं है, परन्तु अगर शिकायतकर्ता अपना नाम व मोबाइल नम्बर देते हैं तो शिकायतकर्ता एप के माध्यम से अपनी शिकायत की निगरानी भी कर सकते हैं। अगर शिकायतकर्ता द्वारा अपना नाम एवं मोबाइल नम्बर दिया जाता है तो भी यह सार्वजनिक नहीं हो सकता है । चुनाव आयोग ने मतदाताओं से अपील की है कि वे बेखौफ होकर आयोग के ÷आंख नाक कान÷ बनकर सजक मतदाता की भूमिका निभायें ।

### शिकायत का निष्पादन कैसे होता है?

शिकायत को निष्पादित करने की समयावधि 100 मिनट है। आम नागरिक द्वारा शिकायत दर्ज होने पर रिटर्निंग आफिसर द्वारा अपने नजदीक के उड़नदस्ता टीम (एफएसटी) को शिकायत स्थल पर भेजा जाता है। शिकायत की प्राथमिक तौर पर पुष्टि के बाद रिटर्निंग आफिसर के पोर्टल पर भेजा जाता है तथा रिटर्निंग आफिसर द्वारा शिकायत के निस्तारण के क्रम में निर्णय लिया जाता है ।

### एप से क्या-क्या शिकायत दर्ज करा सकते हैं?

आम तौर पर सी-विजिल एप में धनराशि वितरण, गिफ्ट / कूपन वितरण, शराब वितरण, पैसा बांटने के लिए कूपन का वितरण, महिलाओं को साड़ी बांटने सहित अन्य प्रकार से प्रलोभन देने की शिकायत की जा सकती है । बिना अनुमति पोस्टर, बैनर लगाना, बिना अनुमति बैठक करना, बिना अनुमति के प्रचार में गाड़ी लगाना, धार्मिक तथा उन्मादी भाषणबाजी देकर मतदाताओं को लुभाने या डराने की भी श?कायतें की जा सकती हैं.

# सामाजिक कार्यकर्ताओं ने आर्थिक रूप से कमजोर दो कन्याओं का कराया विवाह



**प्रतिनिधि,रांची।** शहर के जाने-माने समाजसेवी तुषार कांति शीट व उनके अन्य सहयोगी सामाजिक कार्यकर्ताओं ने आर्थिक रूप से कमजोर दो अभिभावकों की पुत्रियों का विवाह रविवार को मोरहाबादी स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में संपन्न कराया। दोनों कन्याओं के वैवाहिक कार्यक्रम में वर-वधु पक्ष के लगभग ढाई सौ रिश्तेदार, परिजन व शुभचिंतक सामूहिक प्रतिभोज में शामिल हुए और वर-वधु को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर समाजसेवियों द्वारा वर-वधु को दैनिक उपयोग की सामग्री उपहार स्वरूप भेंट की गई। श्री शीट ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर कन्या के अभिभावकों ने अपनी पुत्री के विवाह में आ रही बाधाओं के संबंध में चर्चा करते हुए अपनी समस्याएं रखी। इसपर उन्होंने अपने सहयोगियों से विचार-विमर्श कर दोनों कन्याओं का विवाह संपन्न कराने का निर्णय लिया। वैवाहिक समारोह में आलोक मजुमदार, तनय शीट, डॉ.स्मिता डे,अमिताभ दास, अंजन घोष, अरुण सिन्हा, आनंद रंजन घोष, सोमेन दत्ता तन्मय मुखर्जी, विनोद प्रकाश, विवेक राय, आलोक नंदी, मृणाल बोधक, बीबी नंदी, कृष्णा कंचन राय, दिलीप भाटिया, मुनमुन घोष, अजंता काली, मंतोष मजुमदार, अर्चना चक्रवर्ती, अरुण विश्वास, गोपी धीवर, सुधा कृष्ण बेग, सोहनी मजुमदार, श्रावंती शीट सहित अन्य ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विवाह के बाद वर-वधु पक्ष के लोगों ने समाजसेवियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# हज हाउस में दी गई हज यात्रियों को ट्रेनिंग

## हज का सफर 9 मई से होगा शुरू

**वरीय संवाददाता**

**रांची।** हज 2024 को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। इस वर्ष झारखंड से लगभग 1700 लोग हज पर जाएंगे। इसको लेकर झारखंड हज कमेटी ने तैयारी शुरू कर दी है। झारखंड राज्य हज कमेटी के द्वारा कडरु हज हाउस में हज पर जाने वाले महिला- पुरुष यात्रियों की ट्रेनिंग दी गई। रांची, खूंटी व सिमडेगा के लोगों ने ट्रेनिंग ली। ट्रेनर मुफ्ती मो अनवर कासमी, मुफ्ती सलमान कासमी, मौलान शफीक अलयावी, मुफ्ती फैजुल्लाह मिसबाही, मौलाना मंजूर कासमी, एजाजुल हसन सिद्दीकी व नयाब जेबा ने हज यात्रियो को ट्रेनिंग दी। हज से जुड़े हर छोटी बड़ी जानकारी दी गई। बहुत संख्या में महिला-पुरुष हज् यात्रियों ने ट्रेनिंग लेकर जानकारी ली।




झारखंड राज्य हज कमेटी के सीईओ ने बताया कि 21 अप्रैल से शुरू हो कर 30 अप्रैल तक राज्य के विभिन्न जिलों में हज की ट्रेनिंग दी जाएगी। बता दें कि झारखंड लोग कोलकाता, दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, गया से हज के लिए उड़ान भरेंगे। 10 मई से हज का मुकद्दस सफर शुरू हो जाएगा। संभवतः 22 मई तक झारखंड के हज यात्री उड़ान भरेंगे। किस जिला के लोग किस दिन जाएंगे इसको लेकर अभी शेड्यूल नहीं आया है। लेकिन बहुत जल्द शेड्यूल आ जाएगा। उन्होंने कहा कि ट्रेनिंग बहुत ही जरूरी है, इससे हज यात्रियों को बहुत फायदा मिलता है। हज ट्रेनर मुफ्ती अनवर कासमी, मुफ्ती सलमान कासमी, मौलाना मंजूर आदि ने हज यात्रियों को जाने से लेकर आने तक की सफर की पूरी जानकारी दी। इस मौके पर मो खुर्शीद, मो नासिर, डॉक्टर असलम परवेज, शाह उमैर, डीआईजी नौशाद आलम, सुडडू, मो लतीफ आलम, इमाम अहमद, जाहिद इक़बाल, अरशद जिया समेत अन्य उपस्थित थे।

# दि आर्ट ऑफ लिविंग हजारीबाग ने किया भगवान महावीर रथ का स्वागत

## सेवा के माध्यम से दिया नशा–मुक्ति का संदेश

**प्रतिनिधि,हजारीबाग।** दि आर्ट ऑफ लिविंग हजारीबाग इकाई ने स्थानीय बंगाली दुर्गा स्थान चौक पर रविवार को महावीर जयंती पर जैन समाज द्वारा निकाले गये जुलूस पर स्वागत किया। जुलूस में शामिल श्रद्धालुओं को शर्बत एवं ठंडा पानी दिया गया। इस दौरान नशा मुक्त भारत अभियान संदेश को प्रसारित-प्रचारित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में तुषार सेठी,दीपक पसरीचा, साहेब सोनी,डॉ अविनाश कुमार मिश्रा, सरिता अग्रवाल, शांति लाल अग्रवाल, मुन्ना तिवारी, शाहनवाज हुसैन, तन्मय सोनी,ओम सोनी,भोला गुप्ता,राकेश ठाकुर (जदयू), संजय गुप्ता (जेएमएम), सरफराज हैदर (बीजेपी) पीयुष सोनी,कविता ठाकुर, शैलेश पाण्डेय,अपील,मोनु सोनी,विक्की सोनी, प्रेम कुमार एवं अन्य स्वयंसेवकों का योगदान सराहनीय रहा कार्यक्रम का संयोजन दि आर्ट ऑफ लिविंग के टीचर तारकेश्वर सोनी के द्वारा किया गया।




# जैन धर्म के 24वें तीर्थकर भगवान महावीर स्वामी का जीवन ही उनका सबसे बड़ा संदेश- चंद्र प्रकाश जैन



**पुसू प्रतिनिधि**

**हजारीबाग।** हजारीबाग की पावन धरती पर जैन समुदाय के द्वारा महावीर जयंती के पावन पर्व पर भव्य शोभा यात्रा निकाला गया। जिसका सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित हजारीबाग यूथ विंग के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के द्वारा बड़ा बाजार चौक के समीप जैन समुदाय के पवन जैन अजमेरा, टोनी जैन, एवं स्वरूप चंद्र सहित पदाधिकारियों को अंग वस्त्र देकर उनका स्वागत किया गया। तत्पश्चात जुलूस में शामिल तमाम महिलाएं,पुरुष एवं बच्चों के बीच जूस एवं पानी की बोतल का वितरण किया गया। जिसके पश्चात सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने शोभायात्रा में शामिल महावीर स्वामी की तस्वीर का दर्शन कर उनसे आशीर्वाद लिया। जैन समाज के पदाधिकारियों द्वारा हजारीबाग यूथ विंग के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों का अभिनंदन किया गया। शोभा यात्रा के दौरान जैन समुदाय के सभी सदस्य महावीर स्वामी की जय कारे लगाते हुए शोभा यात्रा का आनंद ले रहे थे। तो वही शोभायात्रा में महिलाएं लाल पीली साड़ी एवं पुरुष कुर्ता पजामा में शामिल हुए और शोभायात्रा का भरपूर आनंद ले रहे थे, तो वहीं बच्चे भी शोभायात्रा में आनंदित होकर घूम रहे थे और ईश्वर की आराधना कर रहे थे।

# झारखंड आंदोलनकारियों की आवाज चतरा में चहुंओर होगीः पुष्कर महतो

## चतरा लोकसभा क्षेत्र से अली हसन अंसारी प्रत्याशी घोषित

**प्रतिनिधि, रांची।** बरवाडीह - झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा लातेहार जिला की बैठक चतरा लोकसभा संसदीय क्षेत्र को लेकर बरवाडीह में विशेष चर्चा का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के जिला अध्यक्ष सूर्यदेव भगत ने की।

बतौर मुख्य अतिथि झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों की आवाज चतरा में चहुंओर होगी। आंदोलनकारियों की अलग पहचान होगी। चतरा



लोकसभा संसदीय क्षेत्र से झारखंड आंदोलनकारी अली हसन अंसारी के रूप प्रत्याशी घोषित किया गया।

मौके पर केंद्रीय उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने कहा कि पूरे राज्य में झारखंड आंदोलनकारियों ने गोलबंद होकर अपने स्वाभिमान की रक्षा के लिए चतरा लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे।

केंद्रीय सचिव एवं चतरा लोकसभा प्रत्याशी खाली हसन अंसारी ने कहा कि मैं अपने दायित्व का निर्वाह पूरे जिम्मेवारी एवं जवाबदेही के साथ करूंगा । आंदोलनकारी लड़ेंगे और जीतेंगे।

पलामू प्रमंडल के संयोजक सतीश कुमार ने कहा कि आंदोलनकारी अपने मान सम्मान पहचान के लिए संसदीय रास्ते पर जाने के लिए मजबूर हुए हैं।

दक्षिण छोटा नागपुर प्रमंडल के अध्यक्ष रोजलीन तिर्की ने कहा कि झारखंड अलग राज्य आंदोलन के लिए हम लोग लड़े थे और अपने अधिकारों , अस्तित्व एवं अस्मिता की रक्षा के लिए हमें लड़ना है संघर्ष करना है संसदीय रास्ते पर चलकर अलग राज्य के मूल्य को स्थापित करना है।

बैठक में प्रदीप कुमार सिन्हा, शहनाज अंसारी, वीरेंद्र ठाकुर, अलाउद्दीन खान, मोहन सिंह, सुखलाल सिंह, मुस्लिम खान ललन यादव, नागेंद्र प्रजापति, कृष्णा साहू ,राजनाथ साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

## इंडिया गठबंधन ने की वैश्य समुदाय की उपेक्षा -संजय चौधरी




**वरीय संवाददाता ,रांची।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन झारखंड प्रदेश के प्रदेश महामंत्री संजय चौधरी ने बयान जारी करते हुए कहा कि झारखंड मे 40 प्रतिशत वैश्य समाज की आबादी है फिर भी इंडिया गठबंधन कांग्रेस, आरजेडी,जेएमएम ने वैश्य समाज के लोगों को झारखंड के लोकसभा सीट मे एक भी टिकट नहीं देकर उम्मीदवार नहीं बनाया है। वैश्य समाज इसकी घोर निंदा करती है, जबकि भाजपा द्वारा झारखंड में (रांची,धनबाद,हजारीबाग )तीन लोकसभा सीटों पर वैश्य समाज के लोगों को टिकट देकर उम्मीदवार बनाया गया है।वैश्य समाज झारखंड के सभी लोक सभा सीटों पर भाजपा के उम्मीदवारों का समर्थन करेगी।

यह जानकारी वैश्य महासम्मेलन के मीडिया प्रभारी शिव किशोर शर्मा ने दी।

## बड़कागांव में रामनवमी के अवसर पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा में शामिल हुई विधायक

### अंबा प्रसाद ने रामनवमी में खूब भांजी लाठी



**पुसू प्रतिनिधि, बड़कागांव।** बड़कागांव में रामनवमी के दशमी को निकाली गई भव्य शोभायात्रा में लोकप्रिय विधायक अंबा प्रसाद जी शामिल हुई एवं यात्रा में शामिल हुए सभी राम भक्तों को रामनवमी की हार्दिक बधाई दी।भव्य शोभा यात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालु गण शामिल रहें और प्रभु श्री राम के नारों से पूरा बड़कागांव का माहौल भक्तिमय हो गया। इस दौरान रामनवमी जुलूस में शामिल होकर विधायकअंबा प्रसाद ने रामनवमी में खूब भांजी लाठी।

## शोहदों ने महिलाओं पर कर दिया हमला

**पूसू प्रतिनिधि,गिरिडीह।** शादी समारोह में गिरिडीह आई हुई बिहार की महिलाओं पर शोहदों ने की छेड़खानी,वहीं विरोध किए जाने पर कर दिया हमला।घटना में तीन घायल हुए। बिहार के नवादा जिले के अकबरपुर प्रखंड की महिलाएं व युवतियां गिरिडीह जिले के बिरनी थाना क्षेत्र के बरहमसिया गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने आयी थीं।शादी समारोह के बाद वे वापस घर लौट रही थीं।इसी दौरान बादीडीह के पास तीन युवक उन्हें अश्लील इशारे करने लगे।इतना ही नहीं, वे उनकी गाड़ी पर कंकड़-पत्थर भी फेंकने लगे। गाड़ी में बैठीं महिलाएं व युवतियों ने जब इसका विरोध किया तो उन्होंने अपने अन्य साथियों को फोन कर मौके पर बुला लिया और उनकी गाड़ी पर हमला कर दिया।जिसमें तीन महिलाएं घायल बताई जा रही हैं।

## महावीर जयंती पर निलाली गई भव्य शोभा यात्रा

### महावीर के जयकारे से गुंजा शहर, अहिंसा परमो धर्म का दिया संदेश



**पूसू प्रतिनिधि,गिरिडीह।** अहिंसा परमो धर्म का संदेश देने वाले भगवान महावीर की 2652वीं जयंती को लेकर आज रविवार की सुबह जैन समाज के द्वारा भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। गिरिडीह शहर के बड़ा चौक स्थित जैन मंदिर से निकली भव्य शोभा यात्रा में काफी संख्या में जैन समाज के युवाओं के साथ-साथ महिलाएं व युवतियों के साथ बच्चे शामिल हुए। भगवान महावीर की जयंती को लेकर निकले भव्य शोभा यात्रा में भक्तों की ओर से जयकारे भी लगाए जा रहे थे। बड़ा चौक के जैन मंदिर से निकले शोभा यात्रा में युवाओं की टोली एक चांदी के पालने में भगवान महावीर के अष्टधातु की मूर्ति को लेकर साथ चल रहे थे। जबकि एक वाहन में भगवान महावीर का दरबार सजा था। गाजे बाजे के साथ निकली शोभा यात्रा में हर महिलाएं भगवान महावीर के भजन गाते हुए चल रहे थे। जैन मंदिर से निकल कर शोभा यात्रा शहर के कई हिस्सों से गुजरते हुए मकतपुर पहुंचा। जहां भक्तो ने चांदी के पालने में स्थापित मूर्ति की आरती उतारी गई। वहीं शिव मुहल्ला में मारवाड़ी युवा मंच द्वारा शीतल पेय जल और शीतल पेय पदार्थ का वितरण किया जा रहा था। शहर भ्रमण के बाद शोभा यात्रा वापस मंदिर पहुंच कर समाप्त हुआ। इस दौरान शोभा यात्रा में महेश जैन, अजय जैन, अविनाश सेठ्ठी, रमेश जैन, अंकित जैन, अरिहंत जैन, संजय जैन, रितेश मोदी समेत समाज के कई लोग शामिल हुए।

## मंडलकारा में जेल अदालत का हुआ आयोजन



**प्रतिनिधि, पाकुड़।** झालसा रांची के निर्देशानुसार रविवार 21 अप्रैल को मंडलकारा पाकुड़ में जेल अदालत का आयोजन अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम सह प्रभारी अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ राकेश कुमार के निर्देश पर किया गया। उक्त कार्यक्रम में अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सह प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ विशाल मांझी की उपस्थित बनी रही। मौके पर अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी निर्मल कुमार भारती, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी कमल प्रकाश,जेलर ललन कुमार भारती समेत जेल के प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। उक्त कार्यक्रम में कोई सुलहानिए वाद नहीं रहने के कारण कोई निष्पादन नहीं हुआ।

## चेकनाका पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं कर्मी अपने दायित्वों का सख्ती से करें अनुपालन -उपायुक्त



**प्रतिनिधि,पाकुड़।** जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। उपायुक्त ने अवैध कोयला, अवैध पत्थर, अवैध बालू उठाव, अवैध खनन, अवैध भंडारण के रोकथाम के लिए पूर्व के बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन की बिन्दुवार समीक्षा करतें हुए जिला खनन पदाधिकारी के द्वारा की गई कार्रवाई का ब्यौरा लिया। साथ ही जिला खनन पदाधिकारी को अवैध खनन करने वालो पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया।संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि चेकपोस्ट पर प्रतिनियुक्त कर्मियों को सख्त निर्देश दिया जाए कि कोई भी अवैध माइनिंग, परिवहन हुआ तो प्रतिनियुक्त कर्मियों पर एफआईआर की जाएगी। उपायुक्त ने अनुमंडल पदाधिकारी, डीटीओ, डीएमओ, सीओ को नियमित क्षेत्रों का भ्रमण कर औचक निरीक्षण करने को कहा। अवैध खनन व परिवहन कार्य में कोई भी लोग संलिप्त पाए जाते हैं तो उसके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई करने को कहा। जांच के दौरान कोई भी वाहन ओवरलोडिंग पाए जाते हैं तो, वैसे वाहन मालिक एवं जिस क्रशर से लोडिंग हुआ है, उस क्रशर को भी सील करते हुए समुचित कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। साथ ही साथ उपायुक्त ने पदाधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि प्रत्येक दिन विभिन्न क्रशरों में औचक निरीक्षण के साथ छापेमारी अभियान चलाएं। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा अधिकारियों को जिले के अलग-अलग क्षेत्र में संचालित क्रशर की जांच करने एवं बिना अनुमति अथवा अवैध तरीके से क्रेशर का संचालन करने वालों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने एवं तत्काल रूप से अवैध क्रशरों को ध्वस्त करने का निर्देश दिया। इस बैठक में पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, प्रशिक्षु आईएफएस प्रबल गर्ग, अनुमंडल पदाधिकारी प्रवीण केरकेट्टा, जिला परिवहन पदाधिकारी संजय पीएम कुजूर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार, मुख्यालय डीएसपी जितेन्द्र कुमार,पाकुड़ एसडीपीओ डीएन आजाद, महेशपुर एसडीपीओ विजय कुमार, सभी अंचलाधिकारी, सभी थाना प्रभारी समेत अन्य उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कर लिया सड़क दुर्घटनाओं का जायजा

**प्रतिनिधि,पाकुड।** शनिवार को समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में हुए सड़क दुर्घटनाओं एवं उनके कारणों की विस्तृत समीक्षा की।उपायुक्त ने कहा कि जिला में प्रायः देखा जा रहा है कि हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग वाहन चालक नहीं कर रहे हैं जिससे सड़क दुर्घटनाओं में आए दिन इजाफा हो रहे है और मृत्यु दर भी बढ़ रही है। 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के द्वारा बाईक एवं अन्य वाहन के विरुद्ध जांच अभियान तेजी से चलाने हेतु पुलिस एवं परिवहन विभाग को सख्त निर्देश दिया गया और सभी विद्यालय स्तर पर वाहन जांच कर ऐसे विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावक के ऊपर सख्त कार्रवाई करें। शिक्षा विभाग, पुलिस एवं परिवहन विभाग दोनों आपस में समन्वय स्थापित कर सभी सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों के बीच जागरूकता अभियान चलाएंगे और



18 वर्ष से कम उम्र के विद्यार्थियों को मोटर वाहन अधिनियम से संबंधित सभी जानकारी देकर जागरूक करेंगे और शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में हेलमेट को लेकर सखूती के साथ अनुपालन कराया जाए एवं कल एक सप्ताह में सभी थाना स्तर पर परिवहन विभाग तीन टीम बनाकर समय बदल बदल का अलग-अलग थाना में हेलमेट एवं चालक अनुज्ञप्ति (ड्राइविंग लाइसेंस) का जांच करेंगे साथ ही सभी थाना स्तर पर कम से कम 100-100 ( प्रतिदिन/प्रति सप्ताह ) मोटरसाइकिल जो हेलमेट एवं बिना ड्राइविंग लाइसेंस का परिचालन करते हैं उसका जांच करेंगे एवं उल्लंघन करने वालों से दंड की राशि वसूल करेंगे। इसको लेकर सभी थाना एवं जिला परिवहन कार्यालय को निर्देश दिया गया। साथ ही जिला के सभी कार्यालय में कार्यालय में कार्य करने वाले सभी कर्मियों को हेलमेट पहनकर ही घर से कार्यालय आने का निर्देश दिया गया। ऐसा करने से आमलोगों में भी हेलमेट पहनने को लेकर जागरुकता आएगी। इसका उल्लंघन करने वालों के ऊपर कार्रवाई करते हुए उनके ऊपर मोटर वाहन अधिनियम अंतर्गत दंड की राशि वसूली की जाएगी।

सभी प्रखण्डों में लगातार जांच अभियान चलाकर बढ़ती सड़क दुर्घटना पर अंकुश लगाने का निर्देश दिया गया। जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक के द्वारा सड़क दुर्घटना के एनालिसिस कर बताया गया कि जनवरी 2023 से दिसम्बर 2023 तक 71 सड़क दुर्घटना हुआ जिसमें 65 लोगों की मृत्यु हुई एवं वर्ष 2024 में जनवरी 2024 से अप्रैल 2024 कुल 31 सड़क दुर्घटनाएं हुई है जिसमें कुल 29 लोगों की मृत्यु हुई है, जिसमें सबसे ज्यादा दो पहिया वाहन चालकों की मृत्यु हुई है। उपायुक्त ने इस मृत्यु दर पर बहुत ही खेद व्यक्त करते हुए इसमें कमी लाने हेतु जिला के सभी संबंधित विभाग के पदाधिकारी को निर्देश दिया।

## अलग अलग सड़क दुर्घटना मे दो युवक की मौत, दो घायल



**प्रतिनिधि चौपारण,चौपारण।** प्रखंड अंतर्गत पंचायत बसरिया ग्राम हथिया निवासी सागर कुमार की मौत सड़क दुर्घटना में सोमवार सुबह को हो गई। घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि वह अपने बाईक (स्कूटी) से अपने ससुराल से घर वापस लौट रहा था की सवईया पुल के अज्ञात वाहन ने उसे अपने चपेट मे लिया जिससे उसकी मौत घटना स्थल पर हो गई। इधर घटना की खबर सुनकर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। सुबह पोस्टमार्टम के लिये आपदा एम्बुलेंस से चालक शक्ति के द्वारा हजारीबाग ले जाया गया पोस्टमार्टम के बाद शव घर लाया गया और दाह संस्कार किया गया। वहीं दुसरी घटना दैहर पंचायत के ग्राम हथिन्दर की है। तीन युवक आज सुबह अपने गांव हथिन्दर मोटरसाइकिल से इटखोरी की ओर जा रहें थें अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसमे एक युवक की मौत मौके पर ही हो गई।दूसरा रामचन्द्र भुइयाँ के पुत्र को बेहतर इलाज के लिए राँची रिम्स रेफर किया गया । तीसरा युवक का इलाज हज़ारीबाग सदर अस्पताल में किया जा रहा है । घटना की खबर सुनकर बरही विधायक उमाशंकर अकेला पहुचें मृतक के घर और गहरा दुख व्यक्त किया।

## दो अफीम तस्कर गिद्धौर पुलिस के हत्थे चढ़े, डेढ़ करोड़ के अफीम के साथ हुए गिरफ्तार

- अफीम माफियाओं के विरुद्ध पुलिसिया कार्रवाई से अफीम तस्करों में हड़कंप, एक माह के भीतर गिद्धौर पुलिस की तीसरी बड़ी कार्रवाई
- खूंटी से अफीम खरीदकर दिल्ली और पंजाब के मंडियों में आपूर्ति करते थे

पूर्वांचल सूर्य ब्यूरो



**चतरा।** रातो-रात अमीर बनने के जुगत में जुटे अफीम तस्करों को चतरा पुलिस ने एक और बड़ा झटका दिया है। जिले के गिद्धौर थाना पुलिस की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब एक करोड़ चालीस लाख रुपये के अफीम के अवैध खेप के साथ अवैध धंधे में संलिप्त पिता-पुत्र को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। चतरा पुलिस अधीक्षक विकास पांडेय को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सिमरिया एसडीपीओ अजय केसरी के नेतृत्व में गठित गिद्धौर थाना पुलिस की स्पेशल टीम ने यह कार्रवाई कर माफियाओं में हड़कंप मचा दिया है। गिरफ्तार तस्कर अफीम के खेप को दूसरे राज्यों के मंडियों में ऊंचे दामों पर खपाने का काम करते थे।

**मवेशी सेड में छिपाकर रखे थे अवैध अफीम, पुलिस ने योजना पर फेरा पानी** अफीम तस्करों के विरुद्ध हुई कार्रवाई की पुष्टि करते हुए सिमरिया एसडीपीओ अजय केसरी ने बताया कि थाना क्षेत्र के बरली टोला में बड़े पैमाने पर अवैध तरीके से अफीम को स्टॉक कर तस्करी करने की गुप्त सूचना पुलिस अधीक्षक को मिली थी। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सिमरिया एसडीपीओ के नेतृत्व में गिद्धौर थाना प्रभारी व सशस्त्र बल की संयुक्त टीम का गठन कर अभियान चलाने का निर्देश प्राप्त हुआ था। निर्देश के आलोक में टीम ने चिन्हित स्थल पर बने मवेशी सेड में छापेमारी अभियान चलाकर अवैध तरीके से तस्करी को लेकर स्टॉक कर रखा गया 28 किलो अफीम के साथ तस्कर महेंद्र दांगी व उसके पुत्र दीपेंद्र दांगी को गिरफ्तार किया। साथ ही तस्करी में प्रयुक्त विभिन्न कंपनियों का दो मोबाईल फोन भी तस्करों के पास से जप्त किया गया। एसडीपीओ ने बताया कि नशे के अवैध कारोबारियों के द्वारा अफीम के खेप को खूंटी से खरीद कर दिल्ली और पंजाब के मंडियों में खपाया जाता था। इसी दौरान पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामार कर उनकी साजिश पर पानी फेर दिया।

***नशे के सौदागरों के विरुद्ध जारी रहेगा अभियान, करेंगे कठोर कार्रवाई** :अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि पुलिस के इस कार्रवाई से अफीम तस्करों को बड़ा आर्थिक झटका लगा है। अभियान में एसडीपीओ के अलावे थाना प्रभारी अमित गुप्ता व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। उन्होंने बताया कि चतरा पुलिस अफीम तस्करों के विरुद्ध लगातार अभियान चला रही है। किसी भी परिस्थिति में तस्करों को इलाके में पांव पसारने की इजाजत नहीं दी जाएगी।

**मजदूर को पूछताछ के बाद किया मुक्त, मास्टरमाइंड फरार** : जानकारी के अनुसार गिद्धौर थाना पुलिस ने छापामारी के दौरान मौके से एक मजदूर को भी तस्करों के साथ हिरासत में लिया था। लेकिन अधिकारियों व जांच टीम के द्वारा पूछताछ के बाद मजदूर की संलिप्तता नहीं पाए जाने के बाद उसे थाने से मुक्त कर दिया। हालांकि पुलिस के अभियान के दौरान मौके से इस काले धंधे का मास्टरमाइंड भागने में सफल रहा है। जानकारी के अनुसार गिरफ्तार तस्कर पिता अपने इस पुत्र के साथ पूर्व में भी अफीम तस्करी के मामले में जेल की हवा खा चुका हैं। जबकि उसका दूसरा बेटा जो इस तस्करी के काले धंधे का मास्टरमाइंड माना जाता है। वह अभी भी पुलिस के पहुंच से दूर है। सूत्रों के अनुसार अफीम तस्करी से जुड़े इस माफिया बाप-बेटे की जोड़ी ने करोड़ों रुपए की अवैध कमाई की है। ये अफीम तस्करी के काले धंधे की कमाई से विभिन्न जिलों में परिवहन निबंधित दर्जनों गाड़ियों के साथ-साथ विभिन्न जिलों में कई स्थानों पर अचल संपत्तियां भी अर्जित कर रखी है। जिसकी जांच करें तो पुलिस को और भी बड़ी सफलता हाथ लग सकती है।

## वाहन जांच अभियान में कुल 26,300/= रुपया की दंड राशि वसूल की गई चालकों से



**प्रतिनिधि,पाकुड।** उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरनवाल के आदेशानुसार एवं जिला परिवहन पदाधिकारी संजय पीएम कुजूर के नेतृत्व में 21 अप्रैल को अपराह्न 02-30 से 4-30 बजे आमड़ापाड़ा थाना के सामने मुख्य सड़क पर सभी दो पहिया एवं अन्य वाहनों का जांच अभियान चलाया गया, जिसमे मुख्य रुप से ऐसे वाहन चालक जो बिना हेलमेट, बिना ड्राइविंग लाइसेंस, बिना इन्शुरन्स एवं अन्य जरुरी कागजात नहीं लगाने एवं नहीं रखने को लेकर मोटरवाहन अधिनियम 2019 के तहत दंड की राशि वसूल की गई है। इस वाहन जांच अभियान में कुल 29 वाहनों की जांच की गई, जिसमें बिना हेलमेट वालों से 25000/= रुपया, तेज गति वहां चलाने से 1000/= रुपया तथा बिना नंबर प्लेट वालों से 300/= रुपया, कुल 26,300/= रुपया की दंड राशि चालकों से वसूली की गई।

# चतरा सदर अस्पताल का खस्ता हाल बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे मरीज

● बाहर से पानी खरीद कर पीने को मजबूर हैं मरीज, शौचालय में पानी की कोई व्यवस्था नहीं

● अस्पताल में इलाजरत रोगियों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है



पूर्वांचल सूर्य ब्यूरो

**चतरा।** जिला मुख्यालय के सदर अस्पताल में मरीजों का हाल बेहाल है। इलाजरत मरीजों को पीने के पानी के लिए काफी मशक्कत करना पड़ रहा है। यहां तक की अस्पताल में मरीज के शौचालय में भी पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। मरीजों की माने तो मरीज के लिए मच्छरदानी की भी कोई व्यवस्था नहीं है। अस्पताल में मिलने वाले भोजन की व्यवस्था में भी कमी की शिकायत मरीज के द्वारा की जा रही है। इस चिलचिलाती गर्मी में सबसे बड़ी समस्या मरीजों के सामने पीने के पानी की है। अस्पताल से बाहर निकाल कर के मरीजों को या तो पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है या जिनके पास खरीदने की क्षमता नहीं है उन्हें दूर दराज से पानी की व्यवस्था करनी पड़ रही है। अस्पताल में जो दूध का वितरण किया जा रहा है उसमें भी पानी के मिलावट की शिकायत मरीज के द्वारा की गई साथ ही फल वितरण में भी विसंगतियों की बात मरीज के द्वारा बताई गई। अस्पताल में इलाजरत मरीज ने बताया कि जिले का यह एकमात्र अस्पताल है जहां बड़ी उम्मीद के साथ लोग अपना इलाज करने के लिए आते हैं परंतु यहां के व्यवस्था से जब मरीज दो चार होते हैं तो उन्हें लगता है कि यहां की कुव्यवस्था से स्वस्थ होने की जगह पर और बीमार हो जाएंगे। बड़ी आशा और उम्मीद के साथ मरीज इस अस्पताल में आते हैं किंतु यहां की कुव्यवस्था को देखकर मरीज हलकान ही नहीं होते परेशान भी हो जाते हैं। देश में स्वास्थ्य और चिकित्सा पर अरबों रुपया खर्च होने के बाद भी मरीज को बदल व्यवस्था के बीच अपना इलाज कराने की विवशता वाले हालात से कब निजात मिलेगा।

## बाईक से गिरकर महिला गंभीर रूप से घायल,बेहतर इलाज के लिए किया गया रिम्स रेफर



**प्रतिनिधि ,बालूमाथ ।** बालूमाथ चतरा मुख्य सड़क मार्ग पर बारियातू थाना क्षेत्र के गिद्दी मोड़ के पास बाईक से गिरकर एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला की पहचान चतरा जिला निवासी मनीष कुमार सिंह की पत्नी सोनी देवी के रूप में हुई है। जिसे 108 एंबुलेंस की सहायता से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। जहां पर चिकित्सक सुरेंद्र कुमार ने घायल महिला सोनी देवी की स्थिति को गंभीर और चिंताजनक देखते हुए प्राथमिक उपचार के पश्चात बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार उक्त महिला हेरहंज थाना क्षेत्र के चिरू ग्राम स्थित अपने मायके से शादी समारोह में शामिल होकर ससुराल पति के साथ बाईक में सवार होकर जा रही थी कि इसी दौरान गिद्दी मोड़ के पास अनियंत्रित होकर नीचे गिर गई । जिससे उसके सर और शरीर की कई जगहों पर गंभीर और आंतरिक चोट लगी है। फिलहाल घायल महिला की स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है।

## मगध खदान पहुंचकर खनन गतिविधियों का लिया जायजा दिया कई जरूरी दिशा निर्देश



**प्रतिनिधि ,बालूमाथ।** थाना क्षेत्र स्थित संचालित सीसीएल के मगध कोलियरी खनन गतिविधि का जायजा लेने रविवार को सीसीएल के तकनीकी निदेशक हरीश दूहान पहुंच कर खदान संचालन संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया। खदान जायजा के दौरान मगध परियोजना के महाप्रबंधक नृपेंद्र नाथ के साथ बैठक कर खनन में आने वाली समस्या और खदान के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्राप्त करते हुए समस्या को दूर करने के लिए कई बिंदुओं पर जरूरी दिशा निर्देश दिया। इस मौके पर परियोजना पदाधिकारी एस सतनारायणा, खान प्रबंधक मो0 अकरम सहित परियोजना के कई पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।

## मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक मरा दो गंभीर रूप से घायल हजारीबाग रेफर किया गया

**प्रतिनिधि,इटखोरी (चतरा)।** इटखोरी-चतरा मुख्य मार्ग में पोस्ट ऑफिस के पास रविवार की अहले सुबह एक बाइक पर सवार तीन युवक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गए। इस दुर्घटना में चौपारण थाना क्षेत्र के हथिंदर गांव के बद्री भुइयां के 22 वर्षीय पुत्र कुंदन कुमार भुइयां की घटनास्थल पर हीं मौत हो गई। वहीं इस दुर्घटना में उसके साथ बैठे इसी गांव के दो अन्य साथी रामचंद्र भुइयां के पुत्र आशीष कुमार भुइयां और महादेव भुइयां गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को चिकित्सकों ने गहन चिकित्सा के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दी है। घटना की जानकारी के बाद इटखोरी पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर चतरा सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव को मृतक के परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सुपुर्द कर दिया है। घटना के बारे में मृतक के परिजनों ने बताया कि ये तीनों युवक एक बाइक पर सवार होकर अपने घर से इटखोरी की तरफ एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान उक्त स्थल पर अनियंत्रित होकर इनकी बाइक एक दुकान में घुंस गई। जिस दुर्घटना में कुंदन की मौत हो गई।

## प्रखण्ड टॉपर अनिकेत को मनीष जायसवाल व मनोज यादव ने सम्मानित कर बढ़ाया मनोबल



**प्रतिनिधि चौपारण,चौपारण।** जैक बोर्ड द्वारा 19 अप्रैल को मैट्रिक बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट जारी किया गया। जिसमें प्रखण्ड के लगभग सभी उच्च विद्यालय के छात्र छात्राओं ने उम्दा प्रदर्शन किया। वहीं प्रखण्ड के सिंहपुर में कस्तूरबा जनजागरण समिति द्वारा संचालित डॉ ललन बाबू कस्तूरबा गांधी उच्च विद्यालय सिंहपुर व मॉडर्न पब्लिक स्कूल दादपुर के मानव कुमार सिन्हा व अनिकेत कुमार सिन्हा ने मैट्रिक परीक्षा में 473 ( 94.60 त्न ) अंक लाकर पूरे प्रखण्ड में संयुक्तरूप से टॉपर बने। जनसम्पर्क अभियान के दौरान दादपुर आए सदर विधायक मनीष जयसवाल व बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने प्रखण्ड टॉपर अनिकेत कुमार सिन्हा को मैट्रिक में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए समान्नित कर उसके हौसले को बढ़ाया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षकों को भी समान्नित कर उनके मनोबल को बढ़ाया। साथ ही उन्होंने कहा कि गांव के युवाओं में प्रतिभा कूट कूट कर भरी है बशर्ते उन्हें तराशने वाला सही कारीगर होने चाहिए। और यहाँ के शिक्षक बखूबी अपनी जिम्मेवारियों को निभा रहे है।

## 10वीं के बाद 10 दिनों में ही घोषित हो जाएंगे 12वीं के नतीजे भी

**रांची, एजेंसी।** झारखण अधिविद्य परिषद, राँची द्वारा वर्ष 2023-24 के लिए इस साल फरवरी में आयोजित मैट्रिक बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम शुक्रवार, 19 अप्रैल 2024 को घोषित कर दिए। जैक अध्यक्ष ने परीक्षाफल जारी करते हुए 12वीं कक्षाओं के नतीजों की भी जानकारी साझा की। प्राप्त जानकारी के अनुसार झारखण्ड बोर्ड इंटर परीक्षाफल की घोषणा भी अगले 10 दिनों में कर दी जाएगी।

ऐसे में झारखण्ड बोर्ड से इंटर की परीक्षाओं में सम्मिलित हुए छात्र-छात्राएं जल्द ही अपना परिणाम देख पाएंगे। इसके लिए स्टूडेंट्स को जैक रिजल्ट पोर्टल पर विजिट करना होगा। इसके बाद जैक 12वीं रिजल्ट लिंक पर क्लिक करना होगा। फिर नये पेज पर स्टूडेंट्स अपना रोल नंबर और रोल कोड की डिटेल भरकर सबमिट करके अपना परिणाम देख सकेंगे। साथ ही दिए गए लिंक से अपनी मार्कशीट का प्रिंट-आउट भी ले सकेंगे।बता दें कि झारखण्ड बोर्ड द्वारा बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन इस साल 6 फरवरी से 26 फरवरी तक किया गया था। परीक्षाओं के समापन के बाद जैक द्वारा इन परीक्षाओं में सम्मिलित हुए लाखों स्टूडेंट्स की कॉपियां की जांच का काम पूरा किया गया। इसके बाद अब बारी-बारी से नतीजे घोषित किए जा रहे हैं, जिन्हें आमतौर पर मई-जून में जारी किया जाता था।

## झूठे वादों के पुलिंदो के साथ विजय हांसदा नजर आएंगे चुनावी मैदान में ~ आलमगीर आलम



**प्रतिनिधि,पाकुड़।** सांसद विजय हांसदा तीसरी बार टिकट लेकर फिर राजमहल लोकसभा क्षेत्र की जनता के बीच वोट मांगने की तैयारी कर रहे हैं। यह बातें आजसू जिला अध्यक्ष आलमगीर आलम ने कही। उन्होंने कहा कि पिछले दो बार चुनाव जीतने के बाद अपने मतदाताओं से दूरी बनाए रखने वाला सांसद विजय हांसदा चुनाव के दरमियान कई वादे किए, सारे वादे धरे के धरे रह गए। उन्होंने कहा कि जिसमें एक वादा 18 जनवरी 2024 को आम जनता से विजय हांसदा ने किया था कि जनता के सुविधा के मद्देनजर पाकुड़ में जो ट्रेन का ठहराव नहीं है उसका ठहराव को लेकर मांग, साथ ही साथ इस रूट से दिल्ली जाने के लिए सीधी ट्रेन की मांग रेलवे मंत्रालय से करने का वादा किया गया था। लेकिन आजतक ये मांग पूरी नहीं हुई, और न ही इसके लिए सार्थक प्रयास सांसद के द्वारा किया गया। आजसू जिला अध्यक्ष आलमगीर आलम ने कहा कि सांसद अपनी मांगों की पूर्ति ना होने पर रेलवे द्वारा कोयला एवं पत्थर की ढोलाई बाधित की जाएगी ऐसी घोषणा उन्होंने की थी, परंतु आज तक कुछ नहीं हुआ सूत्रों से पता चला है कि रेल के वैगनों में पिलोडर, पोकलेन द्वारा कोयले का लोडिंग बड़े पैमाने पर किया जाता है और जो लोग इस व्यापार में जुड़े हुए हैं उन लोगों के साथ विजय हांसदा का बहुत मधुर संबंध है। रेलवे मंत्रालय के समक्ष जनता की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग अपने खास मित्रों के स्वार्थ के नीचे शायद दबकर रह गया। विगत 14 अप्रैल को सांसद विजय हांसदा लोकल ट्रेन से पाकुड़ आए, सांसद एवं उसके खास लोगों के द्वारा लोकल ट्रेन को ऐसा सराहा गया कि वो पाकुड़ के लिए कोई खास नई ट्रेन ला दिए। सांसद विजय हंसदा कोई एक्सप्रेस या सुपर फास्ट ट्रेन का ठहराव तो कर ही नही सकते तो लोकल ट्रेन से आयेंगे ही। चंद पार्टी के कार्यकर्ता एवं सांसद विजय हांसदा में ऐसा उत्साह देखा गया कि वो पाकुड़ में एयरपोर्ट बनाकर उद्घाटन करने हवाई जहाज से आया हो।

## योग सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**प्रतिनिधि,दुमका।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी आंजनेयुलु दोड्डे के देखरेख में रविवार को स्वीप के तहत् दुमका पार्क में योग-कम-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान योग प्रशिक्षकों द्वारा वरिष्ठ नागरिकों व युवाओं को योग क्रियाएं करवाने के साथ-साथ उन्हें मतदान के लिए प्रेरित किया गया। स्वीप कोषांग के अधिकारियों द्वारा उपस्थित आम नागरिकों को बताया गया कि पिछले कुछ दिनों से स्वीप के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं, जिनके जरिए लोगों को मतदान के महत्व के बारे में जागरूक किया जा रहा है तथा उन्हं चुनाव बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।यह योग कार्यक्रम भी इसी का हिस्सा था। इस तरह की गतिविधियां करवाने का मकसद चुनाव प्रतिशत को बढ़ाना है। जो बुजुर्ग मतदाता है या फिर कोई बीमार उसके लिए भी टीमों को लगा दिया गया है तथा उनको मतदान की सुविधा उनके घरों में उपलब्ध करवाई जाएगी। इस दौरान वहां उपस्थित सभी लोगों को मतदाता शपथ दिलाई गई तथा मतदान संबंधी विभिन्न जानकारियां साझा की गई।

## जरूरत पड़ी तो जेल भी भरेंगे ~ दीपक तिवारी

### न्याय के लिए पलामू से दीपक तिवारी का उलगुलान, रांची महारैली में सैकड़ों समर्थक के साथ हुए शामिल



**प्रतिनिधि, मेदिनीनगर(पलामू) ।** झारखंड झुकेगा नहीं, इंडिया रूकेगा नहीं। लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को फंसाने की साजिश करने वालों को इस बार जनता करारा जवाब देगी। केंद्रीय नेतृत्व का आदेश होगा तो प्रभात तारा मैदान के बाद जेल भी भर देंगे। ये बातें कहीं झामुमो युवा नेता दीपक तिवारी ने, जब अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ राजधानी रांची में आयोजित इंडिया उलगुलान न्याय महारैली में पलामू से सम्मिलित होने पहुंचे थे। झारखंड सरकार के कद्दावर मंत्री मिथलेश ठाकुर के आह्वान पर युवा नेता दीपक तिवारी, पूर्व केंद्रीय समिति सदस्य देवेंद्र तिवारी सैकड़ों समर्थक के साथ हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के खिलाफ आक्रोश जताने महारैली में पहुंचे। जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा के निर्देशन में नगरनिगम एवं सदर प्रखंड क्षेत्र के समर्थकों को दीपक एवं देवेंद्र ने प्रभात तारा मैदान पहुंचाया। दीपक तिवारी ने बताया कि राष्ट्र को ठगने वालों ने झामुमो से टकराने की गलती कर दी है। झारखंड मुक्ति मोर्चा इस राज्य से आदिवासी, दलित, पिछड़ों के हक अधिकार की लड़ाई को मंजिल तक पहुंच ने तक संघर्ष जारी रखेगा।

## ओबीसी मोर्चा ने शोक सभा आयोजित कर समाजसेवी जर्नादन यादव को दिया श्रद्धांजलि



**प्रतिनिधि,दुमका।** पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा संताल परगना के द्वारा बन्दरजोरी स्थित मोर्चा के अस्थायी कार्यलय में शोक सभा का आयोजन किया गया। शहर के प्रबुद्ध समाजसेवी और वरीय अधिवक्ता रहे जनार्दन प्रसाद यादव के निधन पर पर उनके फोटो पर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। उपस्थित सदस्यों ने कहा कि वह गरीब गुरबों को न्याय दिलाने के हमेशा तत्पर रहते थे। समाजिक क्षेत्र में उन्होंने हमेशा अग्रणी भूमिका निभाई थी। उनके निधन से समाज को अपूर्णीय क्षति हुई है। विभिन्न सरकारी तथा गैर सरकारी पदों कर रह जीवन पर्यंत सक्रिय रहे। मोके मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष असीम मंडल, प्रधान महासचिव डॉ अमरेन्द्र कुमार यादव, बुद्धिजीवी मंच के अध्यक्ष शिवनारायण दर्बे, महासचिव रंजीत जायसवाल, कोषाध्यक्ष अजित मांझी, पूर्व प्राचार्य अजय कुमार गुप्ता, जयकांत कुमार, अधिवक्ता जयकांत यादव, कंचन यादव, प्रदीप सिंह, पवित्र कुमार मंडल, कलाम कादरी, संजय मंडल, बबलू मंडल, विशाल हरि, रंजीत मंडल, विमल महतो, आदिश महतो, अरुण मांझी, मुन्ना पंजियारा सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे। बैठक के बाद अध्यक्ष असीम मंडल और प्रधान महासचिव डॉ अमरेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि गोड्डा लोकसभा क्षेत्र में इंडिया गठबंधन एवं एनडीए के द्वारा बहुसंख्यक पिछड़ा वर्ग को प्रत्याशी नहीं बनना दोनों गठबंधन के लिए काफी नुकसान दायक साबित हो सकता है। इस पर मोर्चा काफी गंभीरता पूर्वक तमाम स्थिति और परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए पिछड़ा वर्ग के हित में कड़े कदम उठाने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि राजनीति दलों द्वारा पिछड़ा वर्ग को राजनीतिक हासिए पर लाने के लिए एक साजिश के तहत समाज को कमजोर और नेतृत्व विहीन करने हेतु चुनाव लड़ने से वंचित किया जा रहा है।

# हजारीबाग लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने किया चौपारण के कई गांवों का दौरा

● चिलचिलाती गर्मी में एक दो जगह पर ही उपस्थित रहे ग्रामीण, अनेक भाजपाई भी दिखे नदारद

● त्रिकोणीय मुकाबले में कमल की राह नही आसान

● दो गुटों में दिख रही भाजपा, जयंत समर्थक मौन

प्रतिनिधि चौपारण



**चौपारण।** हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल शनिवार को चुनाव अभियान की शुरुआत चौपारण प्रखंड के चोरदाहा पंचायत से शुरू किया। ये अलग बात है कि गर्मी और महुआ चुनने में व्यस्त ग्रामीणों की उपस्थिति कम रही तो दूसरी ओर कार्यकर्ताओं में भी उतना उत्साह नहीं दिखा।

तूफानी दौरा के बीच मनीष जयसवाल ने पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के साथ चौपारण प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतों का दौरा किया।

खास बात यह भी है कि प्रत्याशी जायसवाल के साथ पुराने भाजपाइयों से ज्यादा पूर्व विधायक यादव के पुराने कार्यकर्ता ही घुम रहें हैं। भाजपा के अनेक वरिष्ठ व युवा कार्यकर्त्ता किनारा काटे घर मे बैठें हैं। वैसे भी बताते चलें कि त्रिकोणीय मुकाबले में कमल फंसता हुआ दिख रहा है और भी कई चेहरे बहुत जल्द सामने नजर आएंगे।

**जब-जब विपक्षी एक जुट रहे, बीजेपी हारी है** :हजारीबाग संसदीय क्षेत्र का इतिहास रहा है कि जब-जब विपक्षी एकजुट हुए भाजपा हारी है। 2004 का इतिहास उठाकर देखा जाए तो यशवंत सिन्हा को भी विपक्षी एकजुटता की वजह से हार का मुंह देखना पड़ा था।

सीपीआई हजारीबाग के पूर्व सांसद कामरेड भुनेश्वर प्रसाद मेहता ने पत्रकारों से खास बातचीत करने के क्रम में बोले कि मैं भाजपा विरोधी शुरू से हूं भाजपा को किसी भी क्षेत्र में समर्थन नहीं दूंगा और अपने चिर परिचित अंदाज में बोले कि सीपीआई चतरा से अर्जुन कुमार, लोहरदगा से महेंद्र उरांव, पलामू से अभय भुइयां, दुमका से राजेश कुमार किस्को, यह चारों सीपीआई लोकसभा के प्रत्याशी रहेंगे और हजारीबाग पर विचार किया जा रहा है।

इसी बीच कुछ लोगो ने चर्चा की, कि पहले भी मोदी के नाम पर लोगों ने वोट दिया, इस बार भी देंगे। जितने के बाद हाथ जोड़ने वाले चांद पर चले जाते हैं और मतदाता अपना हक पाने के लिए दर दर भटकते फिरते हैं।

मनीष जसवाल के द्वारा शाम को प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया था,घंटो बैठे रहे पत्रकार नहीं हुआ उनका दीदार

हजारीबाग लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव में यह देखना दिलचस्प होगा कि मनीष, पटेल, और संजय मेहता के त्रिकोणीय मुकाबले में विजय श्री किसके हाथ लगती है।

# रायबरेली लोकसभा: 72 साल में 37 साल महिलाएं रही हैं यहां से सांसद, आखिरी के बीस साल लगातार सोनिया गांधी

**रायबरेली, एजेंसी।** राजनीति के सुनहरे पन्नों में रायबरेली के नाम कई रिकॉर्ड दर्ज हैं। महिला सशक्तीकरण में भी इसका अपना अलग ही अंदाज है। महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण से इतर केंद्र सरकार में रायबरेली संसदीय सीट से सांसद बनी महिलाओं ने फिफ्टी-फिफ्टी का प्रतिनिधित्व किया। यहां से सांसद बनकर इंदिरा गांधी ने देश के प्रधानमंत्री की कुर्सी संभाली तो जग जाहिर है कि सोनिया गांधी ने सुपर पीएम के रूप में काम किया। पिछले 72 साल में महिला सांसदों ने 37 साल तक संसद में रायबरेली की प्रतिनिधित्व किया, जबकि पुरुष सांसदों को 35 साल ही जिले के प्रतिनिधित्व का मौका मिला।




रायबरेली से 1967 में इंदिरा गांधी ने पहली बार जिले से महिला सांसद के रूप में जीत दर्ज की। 1971 के चुनाव में भी वह रायबरेली होकर संसद पहुंचीं। 1977 तक जिले का नेतृत्व करने वाली इंदिरा गांधी ने हार का सामना करने के बाद 1980 में फिर जीतने के बाद सीट छोड़ दी। 1989 तक पुरुषों के जिम्मे रायबरेली संसदीय सीट रही।

1989 में हुए चुनाव में शीला कौल कांग्रेस से जीतीं। 1991 में भी वह सांसद चुनी गईं। 1996 तक उन्होंने रायबरेली का प्रतिनिधित्व किया। इंदिरा गांधी 10 साल तो शीला कौल सात साल सांसद रहीं। 2004 में पहली बार चुनाव लड़ने आईं सोनिया गांधी 2004 से लगातार सांसद के रूप में जिले का प्रतिनिधित्व करती रहीं।

सोनिया सबसे अधिक 20 साल तक जिले की लगातार सांसद रहीं। 72 साल में जिले से 10 लोग सांसद बनें। इनमें फिरोज गांधी, आरपी सिंह, बैजनाथ कुरील, अरुण नेहरू, राज नारायण, अशोक सिंह और सतीश शर्मा को 35 साल जिले का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला। इंदिरा गांधी, शीला कौल और सोनिया गांधी ने 37 साल तक केंद्र में रायबरेली की शान बरकरार रखी।

### फिर भी लोकतंत्र के महापर्व में महिलाओं की उपेक्षा

जिले में एक हजार पुरुषों पर महिलाओं की संख्या बढ़कर 946 हो गई है, लेकिन मतदाता सूची में प्रति हजार पुरुषों पर 916 महिलाओं के नाम ही दर्ज हैं। एपिक रेशियो भी वर्ष 2022 के चुनाव की तुलना में 1.42 प्रतिशत बढ़ा, लेकिन महिलाओं वोटरों में बड़ा इजाफा नहीं हुआ। 2022 में एपिक रेशियो 59.66 था। इस साल यह बढ़कर 61.08 हो गया है। लोकतंत्र के महापर्व में कहीं न कहीं महिलाओं के वोटर बनने में अब भी सुस्ती है। तमाम प्रयासों के बाद भी एक हजार पुरुषों पर 30 महिलाएं मतदाता बनने से अब भी वंचित हैं। लोकतंत्र के महापर्व में महिला और पुरुष वोटरों को लेकर अंतर कहीं न कहीं जागरूकता में कमी को दर्शा रहा है। जनसंख्या के हिसाब से वोटर बनने में इजाफा तो हुआ है, लेकिन महिलाओं को वोटर बनाने की प्रगति में ज्यादा सुधार देखने को नहीं मिला।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी का मौसम: लू की चपेट में आया प्रदेश, वाराणसी रहा सबसे गर्म

**लखनऊ , एजेंसी।** अप्रैल के तीसरे सप्ताह से ही प्रदेश में लू का दौर शुरू हो चुका है। मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ ने शनिवार को बहराइच में लू चलने की पुष्टि की है। बहराइच में दिन का तापमान 42.4 रहा, जो कि सामान्य से 4.9 डिग्री अधिक रहा। यहां पर न्यूनतम तापमान 22.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं प्रदेश में वाराणसी सर्वाधिक गर्म



रहा। यहां तापमान 43.7 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं प्रयागराज में भी पारा 43.2 डिग्री रहा। इन दोनों इलाकों में रातें भी 25.4 डिग्री तापमान के साथ गर्म रहीं। प्रदेश के कई ऐसे शहर रहे जहां तापमान चालीस के आंकड़े को छूता हुआ दिखा। इन सभी जगहों पर गर्म हवा के थपेड़े लोगों को परेशान करते रहे।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र मुताबिक, बाराबंकी, कानपुर, गोरखपुर, चुर्क, फतेहपुर, सुल्तानपुर, अयोध्या, फुरसतगंज फतेहगढ़, झांसी, उरई, हमीरपुर, आगरा और बुलंदशहर में पारा 40-42 डिग्री से अधिक रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 21 डिग्री से 28.9 डिग्री के बीच रहा।

वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, रविवार से लू में कुछ दिन राहत रहेगी, लेकिन गर्म हवा के थपेड़े अभी झेलने होंगे। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में बूंदाबांदी भी हो सकती है। कई जगहों पर हल्की आंधी चल सकती है। साथ ही धूल भरी हवाओं की भी संभावना प्रकट की गई है।

### मैनपुरी सड़क हादसा: मां की गोद ने बचा ली दो मासूमों की जान

**आगरा, एजेंसी।** मैनपुरी के भोगांव में ट्रक ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में ट्रॉली सवार चार महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 24 लोग घायल हुए। इस बीच मां के आंचल में लिपटे दो मासूमों के लिए गोद सुरक्षा की ढाल बन गई। ट्रॉली में बैठे किसी भी बच्चे को गंभीर चोट नहीं लगी। सभी को प्राथमिक उपचार से राहत मिल गई।

बिछ्वां क्षेत्र के गांव बेलधारा से शनिवार की तड़के ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार हुए लोगों में अधिक संख्या महिलाओं की थी। मां की गोद में बच्चे किसी भी भय से परे गहरी नींद में सोए हुए थे। अभी कुछ ही दूरी तय हुई थी कि अचानक एक तेज धमाका हुआ और ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। हादसे में ट्रॉली में बैठी सभी महिलाएं घायल हुईं। लेकिन दो मासूम जो अपनी मां की गोद में थे, उनके लिए मां की गोद एक सुरक्षा ढाल की तरह बन गई।

### डीजे पर डांस और चुपके से आई मौत: नाचते-नाचते जमीन पर लेट गई दूल्हे की बुआ

**आगरा, एजेंसी।** आगरा के बाह क्षेत्र के बिजौली गांव में शुक्रवार को आधी रात के बाद लग्नोत्सव में डीजे पर डांस करते समय दूल्हे की बुआ की मौत हो गई। इससे परिवार में शादी की खुशियों की जगह मातम पसर गया।

बाह के पास बिजौली गांव के रहने वाले गौरव की 23 अप्रैल को शादी है। शुक्रवार को लग्नोत्सव का कार्यक्रम चल रहा था। आधी रात के बाद परिवार और रिश्तेदार महिलाएं डीजे पर डांस कर रही थीं। सभी मस्ती में झूम रहे थे। दूल्हे की बुआ सरमथुरा के चांदपुरा गांव में रहने संगीता (37) भी भतीजे के लग्नोत्सव में जमकर नाची। बताया गया है कि वो नाचते-नाचते अचानक जमीन पर लेट गईं। लोगों की समझ ही नहीं आया कि आखिर हुआ क्या है। लोग समझ रहे थे कि ये मजाक है, लेकिन काफी देर तक जब संगीता जमीन से उठीं नहीं, तो पास पहुंचे। यहां संगीता की हालत देख लोगों के होश उड़ गए।

## पत्नी की दगाबाजी: पति की मौत के बाद अकेले छोड़ दिए बच्चे, बेच दी जमीन...फिर भी नहीं छोड़ रही पीछा

**आगरा, एजेंसी।** आगरा में पति की मौत के बाद पत्नी दो मासूम बच्चों को ससुराल छोड़कर मायके चली गई। इसके बाद वारिस होने का फायदा उठाकर जमीन बेच दी। रुपये लेने के बाद पिता ने भी घर से निकाल दिया। अब आश्रम में रह रही है। फिर से बची जमीन बेचने की कोशिश की तो महिला की बेटी विरोध करने लगी। मामला परिवार परामर्श केंद्र पहुंचा। काउंसलर ने दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया। मगर बात नहीं बन सकी। अगली तारीख दी गई है।

सदर के छावनी निवासी युवक की शादी 2004 में राजपुर चुंगी क्षेत्र की एक युवती के साथ हुई थी। पति स्कूल संचालक था। शादी के बाद महिला ने दो बच्चों को जन्म दिया। 2015 में पति की बीमारी चलते मौत हो गई। स्कूल भी बंद हो गया। पत्नी दोनों बच्चों को ससुराल छोड़कर मायके चली गई। आरोप है कि दो साल पहले पिता के साथ मिलकर बंद पड़े स्कूल की जमीन में से 200 वर्ग गज जमीन बेच दी। पिता के साथ मिलकर बाकी जमीन को बेचने का प्रयास किया, तो बेटी ने विरोध किया। इस पर महिला के पिता ने परिवार परामर्श केंद्र में प्रार्थनापत्र दिया। काउंसलर डॉ. सतीश खिरवार ने बताया कि महिला की बेटी और ससुर बेची हुई जमीन से मिले रुपयों का हिसाब मांग रहे हैं। वहीं, ससुर-बहु को साथ रखने के लिए तैयार हैं। महिला का पिता बेटी के पति की वारिस होने के नाते बाकी जमीन बेचना चाहता है। शनिवार को दोनों पक्षों को काउंसिलिंग के लिए बुलाया गया था।

## सीएम योगी बोले: शोभा यात्राओं को सुरक्षा नहीं दे पा रही हैं गैर भाजपाई सरकारें, तुष्टीकरण है दंगों की वजह

**लखनऊ , एजेंसी।** सीएम योगी ने कहा कि होली और रामनवमी के मौके पर पश्चिम बंगाल सहित देश की कई गैर भाजपाई सरकारों में हुए दंगे चिंता का विषय हैं। जनता को यह सोचना चाहिए कि रामनवमी या दूसरे धार्मिक पर्वों पर शांतिपूर्ण ढंग से चल रहीं शोभा यात्राओं को जो सरकारें सुरक्षा नहीं दे पा रही हैं वह सरकारें बहन-बेटियों को सुरक्षित कैसे रखेंगी।

एएनआई से बात करते हुए सीए योगी ने कहा कि वोट बैंक की राजनीति ने एक नए तरह के तनाव को जन्म दिया है। तुष्टीकरण की वजह से सरकारें सही फैसले नहीं ले पाती हैं। चुनाव के समय में वेस्ट यूपी में भी कुछ ऐसी घटनाएं हुई हैं। सीएम योगी ने कहा कि चुनाव का समय है। देश की जनता को यह देखना चाहिए कि कथित तौर पर सेक्युलर पार्टियां धार्मिक मामलों में किस तरह का स्टैंड लेती हैं। लोगों को वोट देते समय भी इन बातों का ध्यान रखना चाहिए।



**कांग्रेस ने आतंकियों को बिरयानी खिलाई : योगी–** राजस्थान के चित्तौड़गढ़ की रैली में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस की जातिवादी और सांप्रदायिक सोच के कारण देश को बहुत नुकसान हुआ है। कांग्रेस ने आतंकवादियों को बिरयानी तक परोसी है। उन्होंने सबसे पुरानी पार्टी पर लोगों की सुरक्षा और विश्वास के साथ खेलने का आरोप लगाया।

योगी आदित्यनाथ ने कहा, आज भारत में जरा सा भी विस्फोट होने पर पाकिस्तान अपनी सफाई देने को तैयार रहता है, लेकिन कांग्रेस के जमाने में आतंकियों को बिरयानी खिलाई जाती थी। वे कहते थे कि भगवान राम कभी थे ही नहीं, ऐसे लोगों को सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले चरण में शुक्रवार को 102 लोकसभा सीटों पर हुए मतदान के रुझान फिर एक बार, मोदी सरकार की देशव्यापी भावना को रेखांकित करते हैं। योगी आदित्यनाथ ने भाजपा उम्मीदवार और केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के पक्ष में जोधपुर में एक रोडशो भी किया।

## एसपी ट्रैफिक पहुंचे गोलघर, स्कूल प्रबंधकों को दिए ये सख्त निर्देश- असर स्कूल खुलने पर दिखेगा?



**गोरखपुर , एजेंसी।** गोरखपुर के कैंट क्षेत्र के सिविल लाइंस इलाके में स्कूलों के सामने जाम की समस्या का संज्ञान लेकर शनिवार को एसपी ट्रैफिक संजय कुमार खुद मौके पर पहुंचे। उन्होंने गाड़ियों को हटवाया। साथ ही स्कूल प्रबंधकों को चेतावनी दी कि जाम से निजात के उपाय तलाशें नहीं तो सख्त कार्रवाई होगी।

चारों तरफ जाम देखकर वह भी सीओ और ट्रैफिक के जवानों के साथ बेतरतीब खड़ीं गाड़ियों को हटवाने लगे। उन्होंने सिविल लाइंस में स्कूलों के सामने की सड़क पर घूमकर अव्यवस्था और जाम के कारण को समझा और इसके समाधान की बात कही। शनिवार को दोपहर 12:20 बजे सिविल लाइंस इलाके में डीएम आवास से लगायत हरिओम नगर और यूनिवर्सिटी की तरफ जाने वाली सड़क पर वाहनों की कतार लगनी शुरू हो गई। जैसे ही स्कूल की छुट्टी हुई, एक कार बीच सड़क पर पुलिस बूथ के सामने खड़ी कर अभिभावक बच्चे को लेने चले गए। इसके बाद वहां चारों तरफ की सड़क जाम हो गई। उसी समय ट्रैफिक जवानों और सीओ के साथ एसपी यातायात संजय कुमार पहुंचे।

**स्कूल रोड पर लगेगा डिवाइडर, एक घंटे वन-वे रहेगी लेन–** एसपी यातायात संजय कुमार ने कहा कि स्कूल इस समस्या की तरफ जरा भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। उनके साथ इस पर पहले भी मीटिंग की जा चुकी है। अब एक और मीटिंग कर वार्निंग दी जाएगी कि स्कूल के सामने वाहन ना खड़े हों, यह स्कूलों को भी देखना होगा।

समस्या को देखते हुए प्लान तैयार किया गया है। स्कूल रोड पर डिवाइडर लगवाए जाएंगे। एक घंटे तक रोड वनवे किया जाएगा। रोड पर नो वेंडिंग जोन और नो पार्किंग जोन बनाया जाएगा। छुट्टी के समय ट्रैफिक संचालन का अच्छा अनुभव रखने वाले जवानों की डयूटी लगाई जाएगी। इसके लिए जल्द ही स्कूलों के साथ एक मीटिंग भी की जाएगी।

### बोले प्रबंधक

आरपीएम एकेडमी के निदेशक अजय शाही ने बताया कि बच्चों को लेकर आने-जाने वाले अभिभावकों को स्कूल गेट तक कार लाने से परहेज करना चाहिए। इससे छुट्टी के समय अन्य बच्चे भी सुरक्षित सड़क पर चल सकेंगे। जाम की समस्या न हो, इसके लिए क्लास की छुट्टी अलग-अलग समय पर की जाती है।

स्प्रिंगर लोरेटो गर्ल्स इंटर कॉलेज की प्रबंधक रीमा श्रीवास्तव ने कहा कि स्कूल के सामने सड़क पर वाहन खड़ा करने से मना किया जाता है। अभिभावकों को भी कहा जाता है कि एक बच्चे के लिए वे कार लेकर स्कूल ना आएं। लेकिन किसी को ऐसा करने से मना भी नहीं किया जा सकता। अभिभावकों को समझाया जाएगा कि जाम से निपटने में वह भी स्कूल प्रबंधन की मदद करें।

## संकट में स्वामी प्रसाद मौर्य: हाईकोर्ट से नहीं मिली राहत, बेटी का बिना तलाक दूसरी शादी कराने का मामला



**लखनऊ।** स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ जारी गैरजमानती वारंट के मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ से राहत नहीं मिली। कोर्ट ने यह कहते हुए मौर्य की याचिका खारिज कर दी कि पहली नजर में उनके खिलाफ आरोप हैं, जिन पर ट्रायल कोर्ट में ही विचार हो सकता है। इस टिप्पणी के साथ कोर्ट ने परिवाद की कार्यवाही समेत उनके खिलाफ जारी गैर जमानती वारंट निरस्त करने की आग्रह वाली याचिका खारिज कर दी।

न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश स्वामी प्रसाद की याचिका पर दिया। शहर के सुशांत गोल्फ सिटी निवासी दीपक स्वर्णकार ने अदालत में स्वामी प्रसाद मौर्य, संघमित्रा समेत अन्य के खिलाफ परिवाद दाखिल किया है। परिवादी का आरोप है कि वह और संघमित्रा 2016 से लिव इन रिलेशन में थे।

संघमित्रा और स्वामी प्रसाद मौर्य ने परिवादी को बताया कि संघमित्रा की पहली शादी में तलाक हो चुका है। इस पर, परिवादी ने 3 जनवरी 2019 को संघमित्रा से घर पर शादी कर ली। हालांकि, बाद में उसने विधि विधान से शादी करने को बोला तो उस पर जानलेवा हमला कराया गया। इसी परिवाद को स्वामी प्रसाद ने हाईकोर्ट में चुनौती देकर कहा कि मामले में उनके खिलाफ कोई ठोस आरोप नहीं हैं, लेकिन कोर्ट ने उनकी याचिका का खारिज कर दिया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, मायके वालों ने ससुरालियों पर लगाया हत्या का आरोप

**आजमगढ़ , एजेंसी।** आजमगढ़ जिले के सरायमीर कस्बा के महाजनी टोला की एक विवाहिता की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। ससुराल वाले जहां बीमारी से मौत की बात कह रहे हैं, वहीं सूचना पर पहुंचे मायके वाले दहेज प्रताड़ना से मौत होना बता रहे हैं। मायके वालों की सूचना पर पहुंची सरायमीर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

**यह है पूरा मामला –** महाजनी टोला मोहल्ले की रहने वाली मुस्कान (20) की शनिवार की रात घर पर ही अचानक से तबीयत बिगड़ गई। जब तक उसे इलाज के लिए ले जाया जाता, इससे पहले ही उसने दम तोड़ दिया। ससुराल वालों ने रात में ही सूचना मृतका के मायके वालों को दी। सूचना पर मायके जौनपुर जिले के खुटहटन थाना अंतर्गत ख्वाजापुर से पिता इस्लाम व परिवार के अन्य लोग भी मौके पर पहुंच गए।

मायके वालों ने पति असफाक, ससुर झिनक उर्फ अतहर, सास बेबी, ननद मोना व साहवा पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए सूचना पुलिस को दी। पिता इस्लाम ने बताया कि शनिवार को बेटी के पति ने फोन पर सूचना दी कि मुस्कान की तबीयत खराब है। इस पर वह उसके घर पहुंचे तो बेटी बिस्तर पर बदहवास पड़ी थी। उसका दम निकल चुका था।

उधर, मायके वालों की सूचना पर पहुंची सरायमीर थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसके साथ ही पुलिस मौका मुआयना कर जांच पड़ताल की कवायद में जुटी है। ससुराल वाले पीड़िता की बीमारी से मौत होने की बात कह रहे हैं। वहीं मायके वाले दहेज प्रताड़ना का आरोप लगा रहे हैं।

## गाजे बाजे के साथ काशी में हुआ धर्मशाला का भूमिपूजन, वित्तमंत्री सीतारमण ने कार्यक्रम में लिया हिस्सा

**वाराणसी , एजेंसी।** नाटकोट्टम क्षत्रम की ओर से दक्षिण भारत के श्रद्धालुओं के लिए काशी में बनने वाली श्री काशी नटूकोट्टई नगर क्षत्रम धर्मशाला का भूमिपूजन धूमधाम से किया गया। रविवार को केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण की मौजूदगी में धर्मशाला की आधारशिला रखी गई। इसका निर्माण डेढ़ साल में पूरा हो जाएगा। अक्तूबर 2025 में धर्मशाला को श्रद्धालुओं को समर्पित कर दिया जाएगा। सिगरा स्थित नटराज सिनेमा के सामने क्षत्रम की जमीन पर बनने वाली दसमंजिला धर्मशाला में 135 कमरे होंगे।

क्षत्रम के अध्यक्ष लेना नारायण ने बताया कि पिछले 210 वर्षों से लगातार दिन में तीन बार भगवान विश्वनाथ और मां विशालाक्षी को पूजन सामग्री भेजते हैं। क्षत्रम ने यह जमीन 23 नवंबर 1894 में



महज पांच हजार रुपये में खरीदी थी।

उन्होंने बताया कि 65 हजार स्क्वायर फीट जमीन को बाबा विश्वनाथ के लिए फूल और विल्व पत्र अर्पित करने के लिए खरीदा गया था। पिछले 50 साल से जमीन, पर अवैध कब्जे को शासन व प्रशासन की मदद से हटवाया गया। अब इस पर 135 कमरों वाली 10 मंजिला धर्मशाला श्री काशी नकोट्टई नगर क्षत्रम का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही यहां छात्रावास, आवास और बैंक्वेट हॉल भी होगा।

### धर्मशाला का शिलान्यास है आचार संहिता का उल्लंघन: कांग्रेस

दक्षिण भारतीय श्रद्धालुओं के लिए सिगरा में बनने वाली धर्मशाला के शिलान्यास कार्यक्रम में वित्तमंत्री और मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम पर कांग्रेस ने आपत्ति जताई है। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष ने राघवेंद्र चौबे ने कहा कि आचार संहिता की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। चुनाव के दौरान ऐसा कार्यक्रम अनुचित है। बनारस में प्रशासन सत्ता के दबाव में मूकदर्शक बना हुआ है।

संपादकीय

# विश्व युद्ध के अनुभवों से समय रहते दुनिया को सबक लेने की जरूरत

पिछले दो विश्व युद्धों के इतिहास से ज्यादातर लोग वाकिफ हैं। दो देशों के बीच शुरू हुआ टकराव कब एक युद्ध में बदल जाए, कब वह दोनों पक्षों के सहयोगी देशों के बीच फैल जाए और विश्व युद्ध की शक्ल ले ले, कहा नहीं जा सकता। विडंबना है कि अतीत के अनुभवों से सबक लेना जरूरी नहीं समझा जाता। अमूमन हर युद्ध में इसी गलती को दोहराया जाता है। अब इजराइल-फिलिस्तीन संघर्ष की आग अन्य देशों की ओर भी फैलती दिखने लगी है। गौरतलब है कि हाल ही में दमिश्क में ईरान के दूतावास पर इजराइल की ओर से हमला करने की खबर आई थी। उसमें ईरान के दो जनरलों की मौत हो गई थी। उसके बाद से ईरान ने इसे मुद्दा बनाया हुआ है और जवाबी कार्रवाई की धमकी दी है। मगर अब मामला धमकियों से आगे बढ़ गया लगता है और ईरान ने जिस तेवर में जवाबी कार्रवाई की बात की है, उससे दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया है। अमेरिका ने भी ईरान के हमले की तैयारी को लेकर चेतावनी दी है। भारत और अमेरिका सहित कई देशों ने अपने नागरिकों को सलाह दी है कि वे इस समय इजराइल और ईरान जाने से बचें। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा है कि जो लोग अभी ईरान या इजराइल में रह रहे हैं, वे वहां के भारतीय दूतावासों से संपर्क करें और अपना पंजीकरण कराएं। ईरान में फिलहाल लगभग चार हजार और इजराइल में साढ़े अठारह हजार भारतीय रहते हैं। मगर ईरान के तेवर तीखे होने के बाद जिस तरह युद्ध का दायरा फैलने की आशंका मंडराने लगी है, उसके मद्देनजर भारत सरकार इन दोनों देशों में रह रहे भारतीयों की संभावित निकासी के साथ-साथ अचानक पैदा होने वाली स्थितियों से निपटने की तैयारी कर रही है। जाहिर है, अगर किन्हीं वजहों से बातचीत के जरिए स्थिति को संभाला नहीं गया, युद्ध को टाला नहीं जा सका तो फिलहाल फिलिस्तीन और इजराइल के बीच चल रहे जंग का दायरा चिंताजनक स्तर तक फैल जा सकता है। इसलिए भारत या अन्य देशों का अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए समय रहते कदम उठाना जरूरी है।

# कैसे जिएं खुशियों भरी एक प्यारी जिंदगी

(सुंदरचंद ठाकुर)

जिंदगी बहुत खूबसूरत चीज है। खूबसूरत इसलिए क्योंकि यह असीम संभावनाओं से भरी हुई है। आज आप जिस भी वजह से परेशान है, आपको जो भी तकलीफ है, आप सब कुछ धीरे-धीरे ठीक कर सकते हैं। आप विपरीत स्थितियों को अपने पक्ष में कर सकते हैं। अगर आप डिप्रेशन का शिकार हो गए हैं, तो धीरे-धीरे उससे लड़कर दोबारा खुद पर भरोसा करना शुरू कर सकते हैं। दोबारा जिंदगी के बाग में खुशियों की तितलियों के पीछे भाग सकते हैं। जिंदगी का अपने में कोई रंग नहीं होता। उसमें रंग हम भरते हैं। जिंदगी में स्थितियां होती हैं। सभी स्थितियां अपने में उदासीन होती हैं। उन्हें हम अपनी अपेक्षा से अच्छी और बुरी बनाते हैं। जो घटना हमारी अपेक्षाओं के अनुरूप घटती है, उसे हम अच्छी कहते हैं और जो अपेक्षाओं के खिलाफ जाती है, उन्हें हम बुरी कहते हैं।

कुछ दिनों पहले बातचीत के दौरान मेरी बेटी ने मुझसे पूछा ङ्क पापा, क्या यह जरूरी है कि हर इंसान महान बनने की कोशिश करे, अपने पीछे अपना बड़ा नाम और बड़ा काम छोड़ जाए ताकि दुनिया उसे हमेशा याद करे। क्या ऐसा नहीं हो सकता कि हम छोटी-छोटी चीजों से मिलने वाली खुशियों को सहज ही जीते हुए पूरा जीवन गुजार दें। बेटी ने सहज ही यह बात मुझसे कही, पर उसकी बात मेरे जहन में बैठ गई। मेरे लिए यह जिंदगी को देखने का एक बिलकुल ही नया नजरिया था। मैंने जो जीवन जिया था उसमें तो हमेशा ही कुछ बड़ा काम करते हुए महानता की ओर जाने की कोशिश करना और मरने के बाद अपना नाम और काम छोड़ जाना, यही बात मन की तहों में नीचे दबी रही थी और यही प्रेरित भी करती थी और धक्का भी लगाती थी। लेकिन अपने जीवन को महान बनाने के दबाव के बिना जीने वाली बात मैंने कभी सोची ही नहीं थी। ऐसा नहीं कि मुझ पर किसी का दबाव था, पर मेरा परिवेश मुझे ऐसे सोचते हुए ही जीवन जीने की कोशिश करवा रहा था। ऐसा मेरे जैसे और मुझसे अलग बाकी लोगों के साथ भी था। शायद ज्यादातर के साथ। खासकर वे जो मध्यवर्ग से ताल्लुक रखते थे।

बेटी की बात जहन में ऐसी फंसी कि मैं सोचने लगा कि एक आदर्श जीवन कैसा हो सकता है। बिना खुशियों के जीवन आदर्श नहीं हो सकता था। जीवन में खुशियों का होना उसके आदर्श होने की पहली शर्त थी। लेकिन खुशियों को सुनिश्चित कैसे किया जाए। इस सवाल पर मंथन किया तो कुछ बातें दिमाग में आईं। मुझे खुशियों भरे जीवन के लिए चार बातें जरूरी लगीं।

1 माइंडफुलनेस - अज्ञान में सबसे ज्यादा दुख छिपा हुआ है। खुशी के लिए जागरूक होना, अवेयर होना बहुत जरूरी है। हमें पता होना चाहिए कि हमारे साथ क्या हो रहा है और क्यों हो रहा है। माइंडफुलनेस आती है मेडिटेशन से। इसलिए ध्यान का अभ्यास जरूर करें।



2 -ग्रैटिट्यूड - जब तक हमारे मन में परमात्मा के प्रति या कहें कि सुप्रीम शक्ति के प्रति ग्रैटिट्यूड नहीं कि हमें उससे ऐसा अद्भुत जीवन मिला, हेल्दी शरीर मिला, माता-पिता, घर, भाई-बहन, दोस्त मिले, तब तक हमारे पास खुशी नहीं आ सकती।

3 - स्वयं से प्रेम अगर आप खुद से प्रेम नहीं करते, तो आप किसी और से भी प्रेम नहीं कर सकते और बिना प्रेम के जीवन में खुशी की कल्पना नहीं की जा सकती।

4 - प्रकृति से जुड़ाव- हम जिन पांच तत्वों से मिलकर बने हैं सब हमें प्रकृति से ही प्राप्त हुए हैं। एक तरह से प्रकृति ही हमारी जननी है। जैसे एक बच्चा अपनी मां से जुड़े रहकर ही खुश रहता है, पोषित होता है, वैसे ही खुश रहने और पोषित होने के लिए हमारा प्रकृति से जुड़े रहना जरूरी है।

छोटी बातों में खुशियां- खुश होने के अगर बड़ी बातों का इंतजार करोगे, तो जिंदगी निकल जाएगी। सुबह उठकर आंख खोलने, पहली सांस लेने, पानी का घूंट भरने, एक फूल को देखने, एक चिड़िया का गीत सुनने, पैदल चलने, धूप में जाने, बारिश को देखने, दोस्त से मिलने, मां-बाप के साथ चाय पीने, सूर्यास्त देखने जैसी बहुत छोटी-छोटी बातों पर खुश होना आ गया, तो जिंदगी को आप सहज ही खुशियों से लबरेज कर लोगे। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

# आखिर कब थमेगी अपने ही युवाओं से खून की होली

**छत्तीसगढ़ के कांकेर में सुरक्षाबलों ने 29 नक्सलियों को ढेर कर दिया। इस ऑपरेशन के लिए सुरक्षाबलों को कड़ी मेहनत करनी पड़ी है। जवान नक्सलियों के अड्डे तक पहुंचने के लिए 20 घंटे तक पैदल चले हैं। नक्सलियों के समूह को देखने के बाद पुलिस ने फायरिंग शुरू की थी। जब बंदूकें शांत हुईं, तो जंगल के फर्श पर सूखे पत्तों के बीच 29 माओवादी मृत पड़े थे। इनमें ललिता, शंकर और दूसरे कमांडर विनोद गावड़े के शवों की पहचान सबसे पहले की गई। मृतकों में पंद्रह महिलाएं भी थीं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सलियों के खिलाफ मिली सफलता को केन्द्र और राज्य में भाजपा सरकार की उपलब्धि बताया। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बहुत कम समय में देश से नक्सलवाद को उखाड़ फेंका जाएगा। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद से इस अभियान को गति मिली है। नक्सली इलाकों में सुरक्षा बल कैंप लगाए जा रहे हैं। 19 के बाद इनकी संख्या 250 हो गई है।**

(योगेंद्र योगी)

छत्तीसगढ़ में पिछले 14 सालों के भीतर 1582 नक्सली मुठभेड़ हुई है। इन मुठभेड़ के दौरान 1452 नक्सली मारे गए हैं। इस बीच 1002 आम नागरिकों की भी मौत हुई है। वहीं इन हमलों में 1222 जवान शहीद हो चुके हैं।

छत्तीसगढ़ के कांकेर में सुरक्षाबलों ने 29 नक्सलियों को ढेर कर दिया। इस ऑपरेशन के लिए सुरक्षाबलों को कड़ी मेहनत करनी पड़ी है। जवान नक्सलियों के अड्डे तक पहुंचने के लिए 20 घंटे तक पैदल चले हैं। नक्सलियों के समूह को देखने के बाद पुलिस ने फायरिंग शुरू की थी। जब बंदूकें शांत हुईं, तो जंगल के फर्श पर सूखे पत्तों के बीच 29 माओवादी मृत पड़े थे। इनमें ललिता, शंकर और दूसरे कमांडर विनोद गावड़े के शवों की पहचान सबसे पहले की गई। मृतकों में पंद्रह महिलाएं भी थीं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सलियों के खिलाफ मिली सफलता को केन्द्र और राज्य में भाजपा सरकार की उपलब्धि बताया। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बहुत कम समय में देश से नक्सलवाद को उखाड़ फेंका जाएगा। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद से इस अभियान को गति मिली है। नक्सली इलाकों में सुरक्षा बल कैंप लगाए जा रहे हैं। 19 के बाद इनकी संख्या 250 हो गई है। नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में छत्तीसगढ़ पुलिस से भी मदद मिल रही है। राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद तीन महीने में 80 से ज्यादा नक्सली मारे गए हैं। 125 गिरफ्तार हुए हैं और 150 ने आत्मसमर्पण किया है। देश के 10 राज्यों में 70 जिलों में नक्सलवाद का प्रभाव है। इसमें सबसे ज्यादा प्रभावित राज्य झारखंड जहां 16 जिले हैं। वहीं छत्तीसगढ़ में नक्सल प्रभावित 14 जिले शामिल हैं।

छत्तीसगढ़ में पिछले 14 सालों के भीतर 1582 नक्सली मुठभेड़ हुई है। इन मुठभेड़ के दौरान 1452 नक्सली मारे गए हैं। इस बीच 1002 आम नागरिकों की भी मौत हुई है। वहीं इन हमलों में 1222 जवान शहीद हो चुके हैं। छत्तीसगढ़ में नई सरकार के गठन के बाद नक्सलियों को आशंका थी कि सरकार उनके खिलाफ अभियान तेज करेगी और हुआ भी ऐसा ही। राज्य की नई सरकार ने शान्ति का प्रस्ताव भी सामने रखा था लेकिन नक्सल नेताओं की तरफ से इस प्रस्ताव पर कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं आई। वहीं दूसरी तरफ पुलिस और सुरक्षाबलों को बस्तर में फ्री हैण्ड कर दिया गया हैं। ऐसे में पिछले तीन महीनों में नक्सलियों को कई बड़े नुकसान उठाने पड़े हैं। अब तक जहां माओवादियों के बटालियन स्तर के नेता ही ढेर हुए थे तो इस बार शंकर राव जैसे डिवीजन लेवल का नेता पुलिस के गोली का शिकार हुआ हैं। ऐसे में नक्सली प्रदेश में पूरी तरफ से बैकफुट में हैं। अब लगातार सवाल किये जा रहे हैं कि आखिर कब तक छत्तीसगढ़ को इस नक्सल दंश से छुटकारा मिल पायेगा और बस्तर में खून की होली थमेगी। सरकार, सुरक्षा बलों एवं स्थानीय लोगों की संयुक्त कोशिशों का परिणाम है कि पिछले एक



दशक में वामपंथी अतिवाद संबंधी घटनाओं, मौतों और उनके भौगोलिक प्रसार में काफी कमी आई है। जहाँ वर्ष 2010 में वामपंथी अतिवाद से प्रभावित ज़िलों की संख्या 96 थी वहीं वर्ष 2018 में प्रभावित ज़िलों की संख्या 60 रह गई है। वर्ष 2009 में जहाँ नक्सलवाद की घटनाओं और इन घटनाओं में मरने वालों की संख्या क्रमश 2258 व 1005 थी वहीं वर्ष 2018 में यह संख्या घटकर क्रमश 833 एवं 240 रह गई। देश के जिन 8 राज्यों के लगभग 60 जिलों में यह समस्या बनी हुई है उनमें ओडिशा के 5, झारखंड के 14, बिहार के 5, आंध्र प्रदेश और छत्तीसगढ़ के 10, मध्य प्रदेश के 8, महाराष्ट्र के 2 तथा बंगाल के 8 जिले शामिल हैं। वर्ष 2015 के बाद से नक्सलियों के 90 प्रतिशत हमले लगभग चार राज्यों- छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार और ओडिशा में हुए हैं।

माओवादियों के थिंक-टैंक और प्रथम पंक्ति के नेता या तो मारे जा चुके हैं या इस विचारधारा को छोड़ चुके हैं। भारत में नक्सली हिंसा की शुरुआत वर्ष 1967 में पश्चिम बंगाल में दार्जिलिंग ज़िले के नक्सलबाड़ी नामक गाँव से हुई और इसीलिये इस उग्रपंथी आंदोलन को 'नक्सलवाद' के नाम से जाना जाता है। ज़मींदारों द्वारा छोटे किसानों के उत्पीडन् पर अंकुश लगाने के लिये सत्ता के खिलाफ चारू मजूमदार, कानू सान्याल और कन्हाई चटर्जी द्वारा शुरू किये गए इस सशस्त्र आंदोलन को नक्सलवाद का नाम दिया गया। यह आंदोलन चीन के कम्युनिस्ट नेता माओ त्से तुंग की नीतियों का अनुगामी था। आंदोलनकारियों का मानना था कि भारतीय मज़दूरों और किसानों की दुर्दशा के लिये सरकारी नीतियाँ ज़िम्मेदार हैं। ये लोकतंत्र एवं लोकतांत्रिक संस्थाओं के खिलाफ हैं और ज़मीनी स्तर पर लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को खत्म करने के लिये हिंसा का सहारा लेते हैं। ये समूह देश के अल्प विकसित क्षेत्रों में विकासात्मक कार्यों में बाधा उत्पन्न करते हैं और लोगों को सरकार के प्रति भड़काने की कोशिश करते हैं। केंद्र और राज्य सरकारें माओवादी हिंसा को मुख्यत कानून-व्यवस्था की समस्या मानती रही हैं, लेकिन इसके मूल में गंभीर सामाजिक-आर्थिक कारण भी रहे हैं। नक्सलियों का कहना है कि वे उन आदिवासियों और गरीबों के लिये लड़ रहे हैं, जिनकी सरकार ने दशकों से अनदेखी की है। वे ज़मीन के अधिकार एवं संसाधनों के वितरण के संघर्ष में स्थानीय सरोकारों का प्रतिनिधित्व करते हैं। माओवाद प्रभावित अधिकतर इलाके आदिवासी बहुल हैं और यहाँ जीवनयापन की बुनियादी सुविधाएँ तक उपलब्ध नहीं हैं, लेकिन इन इलाकों की प्राकृतिक संपदा के दोहन में सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र की कंपनियों ने कोई कमी नहीं छोड़ी है। यहाँ न सड़कें हैं, न पीने के लिये पानी की व्यवस्था, न शिक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएँ और न ही रोजग़ार के अवसर। नक्सलवाद के उभार के आर्थिक कारण भी रहे हैं।

नक्सली सरकार के विकास कार्यों के कार्यान्वयन में बाधा उत्पन्न करते हैं। वे आदिवासी क्षेत्रों का विकास नहीं होने देते और उन्हें सरकार के खिलाफ भड़काते हैं। वे लोगों से वसूली करते हैं एवं समांतर अदालतें लगाते हैं। प्रशासन तक पहुँच न हो पाने के कारण स्थानीय लोग नक्सलियों के अत्याचार का शिकार होते हैं। अशिक्षा और विकास कार्यों की उपेक्षा ने स्थानीय लोगों एवं नक्सलियों के बीच गठबंधन को मज़बूत बनाया है। नक्सलवादियों की सफलता की वज़ह उन्हें स्थानीय स्तर पर मिलने वाला समर्थन रहा है, जिसमें अब धीरे-धीरे कमी आ रही है। सरकार नक्सली चरमपंथ से निबटने के लिये बहुआयामी रणनीति अपना रही है। इसमें सुरक्षा एवं विकास से संबंधित उपाय तथा आदिवासी एवं अन्य कमज़ोर वर्ग के लोगों को उनका अधिकार दिलाने से संबंधित उपाय शामिल हैं। सरकार वामपंथी अतिवाद से प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी ढाँचे, कौशल विकास, शिक्षा, ऊर्जा और डिजिटल संपर्कता का यथासंभव विस्तार करने के भी प्रयास कर रही है।

सरकार की इस नीति के परिणामस्वरूप नक्सलियों के हौसले कमज़ोर हुए हैं तथा उनके आत्मसमर्पण की संख्या लगातार बढ़ रही है। विमुद्रीकरण ने भी नक्सलियों को पहुँचने वाली वित्तीय सहायता पर लगाम लगाई है और इसके बाद से अब तक 700 से अधिक माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। सरकार वामपंथी अतिवाद से प्रभावित क्षेत्रों में सड़कें बनाने की योजना पर तेज़ी से काम कर रही है और वर्ष 2022 तक 48877 किमी. सड़कें बनाने का लक्ष्य रखा गया है। वामपंथी अतिवाद से प्रभावित क्षेत्रों में संचार सेवाओं को मज़बूत बनाने के लिये सरकार बड़ी संख्या में मोबाइल टावर लगाने का काम कर रही है। इसके तहत कुल 4072 टावर लगाने का लक्ष्य रखा गया है। निश्चित तौर पर पुलिस की दवाब बनाने की सक्रिय कार्रवाई और विकास बहुआयामी योजनाओं से नक्सली समस्या जड़मूल से समाप्त हो सकेगी।

# वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत का व्यापार घाटा 36 प्रतिशत कम हुआ

**विदेशी व्यापार के क्षेत्र में भारत के लिए एक बहुत अच्छी खबर आई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान भारत के व्यापार घाटे में 36 प्रतिशत की कमी दर्ज हुई है। यह विशेष रूप से भारत में आयात की जाने वाली वस्तुओं एवं सेवाओं में की गई कमी के चलते संभव हो सका है। केंद्र सरकार लगातार पिछले 10 वर्षों से यह प्रयास करती रही है कि भारत न केवल विनिर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बने बल्कि विदेशों से आयात की जाने वाली वस्तुओं का उत्पादन भी भारत में ही प्रारम्भ हो। अब यह सब होता दिखाई दे रहा है क्योंकि भारत के आयात तेजी से कम हो रहे हैं एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, रूस-यूक्रेन युद्ध, इजराईल-हम्मास युद्ध, लाल सागर व्यवधान, पनामा रूट पर दिक्कत के साथ ही वैश्विक स्तर पर मंदी के बावजूद एवं विभिन्न देशों की अर्थव्यवस्थाओं के हिचकोले खाने के बावजूद भारत से वस्तुओं एवं सेवाओं के निर्यात में मामूली बढ़ौतरी दर्ज हुई है।**

(प्रह्लाद सबनानी)

केंद्र सरकार लगातार पिछले 10 वर्षों से यह प्रयास करती रही है कि भारत न केवल विनिर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बने बल्कि विदेशों से आयात की जाने वाली वस्तुओं का उत्पादन भी भारत में ही प्रारम्भ हो।

विदेशी व्यापार के क्षेत्र में भारत के लिए एक बहुत अच्छी खबर आई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान भारत के व्यापार घाटे में 36 प्रतिशत की कमी दर्ज हुई है। यह विशेष रूप से भारत में आयात की जाने वाली वस्तुओं एवं सेवाओं में की गई कमी के चलते संभव हो सका है। केंद्र सरकार लगातार पिछले 10 वर्षों से यह प्रयास करती रही है कि भारत न केवल विनिर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बने बल्कि विदेशों से आयात की जाने वाली वस्तुओं का उत्पादन भी भारत में ही प्रारम्भ हो। अब यह सब होता दिखाई दे रहा है क्योंकि भारत के आयात तेजी से कम हो रहे हैं एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, रूस-यूक्रेन युद्ध, इजराईल-हम्मास युद्ध, लाल सागर व्यवधान, पनामा रूट पर दिक्कत के साथ ही वैश्विक स्तर पर मंदी के बावजूद एवं विभिन्न देशों की अर्थव्यवस्थाओं के हिचकोले खाने के बावजूद भारत से वस्तुओं एवं सेवाओं के निर्यात में मामूली बढ़ौतरी दर्ज हुई है। जिसका स्पष्ट प्रभाव भारत के व्यापार घाटे में आई 36 प्रतिशत की कमी के रूप में दृष्टिगोचर हो रहा है। भारत का कुल व्यापार घाटा वित्तीय वर्ष 2022-23 के 12,162 करोड़ अमेरिकी डॉलर की तुलना में कम होकर वित्तीय वर्ष 2023-24 में 7,812 करोड़ अमेरिकी डॉलर हो गया है।

वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान भारत में वस्तुओं का कुल आयात 67,724 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहा है जो वित्तीय वर्ष 2022-23 के 71,597 करोड़ अमेरिकी डॉलर की तुलना में 5.41 प्रतिशत कम है। जबकि वस्तुओं के कुल निर्यात वित्तीय वर्ष 2023-24 में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में मामूली 3.11 प्रतिशत गिरकर 43,706 करोड़ अमेरिकी डॉलर के रहे हैं। देश के कुल निर्यात एवं आयात के बीच के अंतर को व्यापार घाटा कहा जाता है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान देश में वस्तुओं के निर्यात एवं आयात के अंतर का व्यापार घाटा 24,017 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहा है। परंतु, यदि वस्तुओं के निर्यात एवं आयात के आंकड़ों में सेवाओं के निर्यात एवं आयात के आंकड़े भी जोड़ दिए जाएं तो स्थिति बहुत अधिक सुधर जाती है। भारत से वस्तुओं एवं सेवाओं का कुल निर्यात वित्तीय वर्ष 2023-24 में पिछले वर्ष के उच्चत्तम रिकार्ड स्तर से भी आगे बढ़कर 77,668 करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो गया है, यह वित्तीय वर्ष 2022-23 में 77,640 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहा था। इसमें वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान किया गया सेवाओं का निर्यात, जो 3.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 33,962 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहा है, भी शामिल है।

वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान भारत से निर्यात होने वाली वस्तुओं में विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों, औषधियों एवं इंजीनीयरिंग वस्तुओं का अच्छा प्रदर्शन रहा है। इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों का निर्यात वित्तीय वर्ष 2022-23 के 2,355 करोड़ अमेरिकी डॉलर की तुलना में वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान 2,912 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहा है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 23.64 प्रतिशत अधिक है। इसी प्रकार, दवाओं एवं औषधियों का निर्यात भी 9.67 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए वित्तीय वर्ष 2022-23 के 2,539 करोड़ अमेरिकी डॉलर की तुलना में बढ़कर वित्तीय वर्ष 2023-24 में 2,785 करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो गया है। साथ ही, इंजीनीयरिंग वस्तुओं का निर्यात भी 2.13 प्रतिशत की वृद्धि के साथ वित्तीय वर्ष 2023-24 में 10,932 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर गया है। कुल मिलाकर, भारत से वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान निर्यात में वृद्धि इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद, दवाएं एवं चिकित्सा, इंजीनियरिंग उत्पादों, लौह अयस्क (वृद्धि दर 117.74 प्रतिशत), सूती धागा (यार्न एवं फैब्रिक में वृद्धि दर 6.71 प्रतिशत), फल एवं सब्जी (वृद्धि दर 13.86 प्रतिशत), तम्बाकू (19.46 प्रतिशत), मांस, डेयरी और पौलट्री उत्पाद (12.34 प्रतिशत), अनाज एवं विविध प्रसंस्कृत वस्तुएं (8.96 प्रतिशत), मसाला (12.30 प्रतिशत), तिलहन (7.43 प्रतिशत), आयल मील्स (7.01 प्रतिशत), हथकरघा उत्पाद एवं सेरेमिक उत्पाद तथा कांच के बर्तनों (14.44 प्रतिशत) के निर्यात के चलते सम्भव हो सकी है। साथ ही, यह वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान भारत के प्रमुख निर्यात बाजार में अमेरिका, यूनाइटेड अरब अमीरात, यूरोपीयन यूनियन देशों, ब्रिटेन, सिंगापुर, मलेशिया, बांग्लादेश, नीदरलैंड, चीन व जर्मनी जैसे देशों के शामिल होने से भी सम्भव हो सका है।

वैश्विक स्तर पर भू-राजनीतिक तनाव के चलते भी विशेष रूप से मार्च 2024 माह में तो भारत से वस्तुओं का निर्यात वित्तीय वर्ष 2023-24 में अपने उच्चत्तम स्तर 4,168 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहा है, जबकि वस्तुओं के आयात मार्च 2024 माह में 5.98 प्रतिशत की कमी दर्ज करते हुए हुए 5,728 करोड़ अमेरिकी डॉलर पर नीचे आ गए हैं। इस प्रकार मार्च 2024 माह में वस्तुओं का व्यापार घाटा लगातार कम होकर केवल 1,560 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रह गया है। इसकी पूर्ति सेवाओं के क्षेत्र से निर्यात में हो रही लगातार बढ़ौतरी से सम्भव हो रही है। अब तो सम्भावना व्यक्त की जा रही है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत कुल विदेश व्यापार में आधिक्य की स्थिति भी हासिल कर ले। वस्तुओं एवं सेवाओं के निर्यात में वृद्धि के साथ एवं वस्तुओं एवं सेवाओं के आयात में लगातार हो रही कमी के चलते यह सम्भव हो सकता है।

वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान भारत के कुल व्यापार घाटे (वस्तुओं एवं सेवाओं को मिलाकर) में आई भारी कमी के चलते अब यह विश्वास पूर्वक कहा जा सकता है कि आगे आने वाले समय में अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय रुपए की मांग भी बढ़ सकती है और पिछले कई दशकों के दौरान भारतीय रुपए में आ रही लगातार गिरावट को रोककर अब भारतीय रुपया न केवल स्थिर हो जाएगा (वैसे पिछले लगभग एक वर्ष के दौरान भारतीय रुपया 83 रुपए प्रति डॉलर के आसपास लगभग स्थिर तो हो ही चुका है) बल्कि भारतीय रुपए की कीमत भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ सकती है। भारतीय रुपए की अंतरराष्ट्रीय बाजार में डॉलर के साथ विनिमय दर वर्ष 1982 में 9.46 रुपए प्रति अमेरिकी डॉलर से 31 मार्च 2023 में 82.17 रुपए प्रति अमेरिकी डॉलर हो गई थी। परंतु, पिछले एक वर्ष के दौरान यह विनिमय दर लगभग स्थिर ही रही है। दूसरे, अब कई देश भारत के साथ विदेशी व्यापार को रुपए एवं उन देशों की स्वयं की मुद्रा में करने को सहमत हो रहे हैं। जिसके कारण भारत एवं इन देशों के बीच होने वाले विदेशी व्यापार का भुगतान करने हेतु अमेरिकी डॉलर की आवश्यकता कम होगी, बल्कि भारतीय रुपए में ही भुगतान सम्भव हो सकेगा। इस प्रकार के व्यवहार यदि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न देशों के बीच बढ़ते हैं तो विश्व में विडालरीकरण की प्रक्रिया को भी गति मिल सकती है। भारतीय रुपए में व्यापार करने हेतु रूस, सिंगापुर, ब्रिटेन, मलेशिया, इंडोनेशिया, हांगकांग, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत, ओमान, कतर सहित लगभग 32 देशों ने भारत के साथ समझौता किया है एवं भारतीय रिजर्व बैंक के साथ अपना वोस्ट्रो खाता भी खोल लिया है ताकि इन देशों को भारत के साथ किए जाने वाले विदेशी व्यवहारों के निपटान को भारतीय रुपए में करने में आसानी हो सके। (लेखक सेवा निवृत्त उप महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक)

# ग्वार की बुआई का समय एवं बीज की मात्रा



## उपज

ग्वार शुष्क क्षेत्रों में उगाई जाने वाली दलहनी फसल है जिसे भारत में अफ्रीका से लाया गया था। ग्वार की फसल आज विभिन्न देशों में उगाई जाती है तथा वर्तमान समय में भारत ग्वार उत्पादन में अग्रणी है। सम्पूर्ण विश्व के कुल ग्वार उत्पादन का 80 प्रतिशत अकेले भारत में पैदा होता है। भारत में 2.95 मिलियन हैक्टर क्षेत्र में ग्वार की फसल उगाई जाती है जिससे 130 से 530 किलोग्राम प्रति हैक्टर ग्वार का उत्पादन होता है, जोकि 65 देशों में नियत किया जाता है। भारत से ग्वार गोंद (गम) का निर्यात 1995-1996 में 83000 टन से बढकर 2006-2007 में 205000 टन और वर्तमान वर्ष में 201000 टन ग्वार गम भारत से दूसरे देशों में निर्यात होने की उम्मीद की जा रही है।

## ग्वार का उपयोग

ग्वार की फसल मुख्यत: भारत के उत्तर-पश्चिमी राज्यों (राजस्थान, हरियाणा, गुजरात एवं पंजाब) में उगाई जाती है। ग्वार एक बहुउद्देशीय फसल है जोकि बढ़ते जलवायु परिवर्तन एवं घटते संसाधनों में अहम भूमिका निभाती है। इससे प्राप्त होने वाली फलियों को सब्जी के रूप में एवं दानों को पशु आहार एवं गोंद उद्योग में प्रयोग किया जाता है। इससे प्राप्त होने वाले पौष्टिक चारे को हरे एवं शुष्क चारे के रूप में पशुओं को खिलाया जाता है।

गोंद निचोड़ने के बाद विभिन्न प्रकार के उत्पाद जैसे-ग्वार आटा, ग्वार खली, ग्वार चूरी एवं ग्वार कोरमा (अधिक प्रोटीन युक्त) पशुओं एवं सूअरों को दाने के रूप में खिलाया जाता है और ग्वार गम का प्रयोग पेपर उद्योग, कपड़ा उद्योग एवं इमारती लकड़ी फिनीशिंग के रूप में किया जाता है। ग्वार की बढ़ती मांग और उत्पादन लागत में कमी को देखते हुए किसानों में ग्वार की खेती की लोकप्रियता बढ़ी है। वर्तमान समय में वैश्विक स्तर पर ग्वार के बीज की मांग दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। क्योंकि ग्वार बीज का उपयोग गोंद उद्योग के साथ-साथ पेट्रोलियम उद्योग में भी किया जा रहा है।

## ग्वार की फसल के लिए उपयुक्त जलवायु

ग्वार शुष्क जलवायु की कम पानी की आवश्यकता वाली फसल है। ग्वार को ग्रीष्म और वर्षा ऋतु दोनों में ही उगाया जा सकता है। इसे भारी काली मृदाओं को छोड़कर सभी प्रकार की मृदाओं में उगाया जा सकता है। अधिक ग्वार उत्पादन के लिए उचित जलनिकास वाली बलुई दोमट से दोमट मृदाएं सर्वोत्तम होती है।

## ग्वार की फसल के लिए भूमि की तैयारी

रबी फसल की कटाई के बाद खाली पड़े खेतों में पहली जुताई मिट्टी पलट हल (हैरो) से करने के बाद दो जुताई कल्टीवेटर से करनी चाहिए और बाद में पाटा लगाकर खेत को समतल कर लेना चाहिए। पाटा लगाने से भूमि में नमी बनी रहती है।

## ग्वार की बुआई दो समय पर की जा सकती है

1.सब्जी के लिए ग्वार को फरवरी-मार्च में आलू, सरसों, गन्ना आदि के खाली पड़े खेतों में बोया जाता है।

2. जून-जुलाई में ग्वार मुख्य रूप से चारे और दाने के लिए पैदा की जाती है। इस फसल की बुआई प्रथम मानसून के बाद जून या जुलाई में की जानी चाहिए। कुछ क्षेत्रों में ग्वार की बुआई सितम्बर से अक्तूबर में भी की जाती है। ग्वार की फसल के लिए 5-8 कि.ग्रा. प्रति हैक्टर बीज की आवश्यकता पडती है। ग्वार के बीज को राईजोबियम व फॉस्फोरस सोलूबलाइजिंग बैक्टीरिया (पी.एस.बी.) कल्चर से उपचारित करना चाहिए।

## खाद एवं उर्वरक की मात्रा एवं प्रयोग विधि

बुआई से पहले खेत की जुताई के समय 10-12 टन प्रति हैक्टर सड़ी हुई गोबर की खाद मिलानी चाहिए। ग्वार फसल में सामान्यत: 25 कि.ग्रा. नाइट्रोजन 50 कि.ग्रा. फॉस्फोरस और 50 कि.ग्रा. पोटाश का प्रयोग करना चाहिए। जिसमें नाइट्रोजन की आधी मात्रा व फॉस्फोरस और पोटाश की पूरी मात्रा का प्रयोग बुआई के समय करना चहिए तथा शेष नाइट्रोजन बुआई से एक माह बाद छिटकवॉ विधि से प्रयोग करना चाहिए।

## खरपतवार एवं सिंचाई प्रबंधन

खरपतवारों को रोकने के लिए बुआई के एक माह बाद एक निराई-गुडाई करनी चाहिए तथा बुआई के तुरन्त बाद बासालीन 800 मि.ली. प्रति एकड़ 250 लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करना चाहिए। सामान्यत: जुलाई में बोई गई फसलों में सिंचाई की आवश्यकता नहीं पड़ती है। परन्तु वर्षा न होने की दशा में एक सिंचाई फलियाँ बनते समय अवश्य करनी चाहिए।

## हरे चारे के रूप में ग्वार की कटाई का समय

ग्वार के हरे चारे वाली फसल की कटाई बुआई के 50-60 दिन के बाद फूल आने की अवस्था में की जानी चाहिए। फली बनने की अवस्था में ग्वार के हरे चारे को खिलाना दुधारू पशुओं के लिए उपयोगी होता है।

## औषधीय महत्व

ग्वार का सेवन करने से बीमारियों से लड़ने की क्षमता में विकास होता है।

इसका प्रयोग एनीमिया एवं हानिकारक जीवाणुओं को कम करने में भी किया जाता है।

आयुर्वेद के अनुसार मानव शरीर में बीमारी मूलत: कफ, वात एवं पित्त के संतुलन बिगड़ने से उत्पन्न होती है। ग्वार फली के सेवन से पित्त में कमी आती है वहीं कफ व वात को बढ़ा देती है।

ग्वार में ग्लाइको पोषक तत्व पाये जाने के कारण डाइबिटीज के मरीज में ग्लूकोज स्तर नियमित करता है।

ग्वार भोजन को पचाने के साथ-साथ पाचन तंत्र को भी सही करता है और ऑतों में होने वाली बीमारियों को कम करता है।

ग्वार का सेवन करने से दिल मजबूत होता है क्योंकि ग्वार फॉस्फोरस और केल्शियम की उपस्थिति के

ग्वार में लौहे की उपस्थिति के कारण रक्त प्रवाह उगाई जाने वाली सर्वोत्तम प्रजातियाँ है। अच्छा होता है अत: उच्च वाले व्यक्तियों के कृषि लिए लाभदायक होता है।

ग्वार में हाइपोग्लाइशिमिक तत्व की उपस्थिति के कारण बौद्धिक क्षमता को बढ़ाने में भी सहायक है। जो लोग चिड़चिड़े एवं चिन्तित रहते हैं उनके लिए भी लाभदायक है।

ग्वार में विटामिन की प्रचुरता के कारण गर्भस्थ शिशु और उसे अनेक बीमारियों से लड़ने की क्षमता प्रदान करता है और साथ-साथ भी लाभदायक होता है। हड्डियों को सुदृढ बनाने एवं प्रौढ़ता से लड़ने में भी सहायक होता है।

## ग्वार की कटाई और उपज

ग्वार की कटाई उस समय करनी चाहिए जब उसकी पतियाँ पीली पड कर झड़ जायें तथा फलियों का रंग भूसे जैसा दिखने लगे, अन्यथा कटाई में देरी करने पर फलियों के छिटकने से बीज जमीन पर गिर जाएंगे। ग्वार फसल से हरे चारे की औसत उपज 150-225 कुण्टल प्रति हैक्टर एवं हरी फलियों की उपज 40-60 कुण्टल प्रति हैक्टर और दाने की उपज 17-19 कुण्टल प्रति हैक्टर प्राप्त होती है।

## उन्नतशील प्रजातियाँ

विश्वविद्यालय हिसार से निकाली गई है। दाने की उपज के लिए उत्तम प्रजातियाँ है ।

1. पूसा मौसमी-ग्वार की यह प्रजाति वर्षा ऋतु में यह खून में कोलेस्टरोल को कम करता है। उगाई जाने वाली फसल के लिए सर्वोत्तम है।

2. पूसा सदाबहार एवं पूसा ग्रीष्म ऋतु में कारण हड्डियों को मजबूत करता है।

3. एच.जी. 563,एच.जी. 870 - ये हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार से निकाली गई हैं।दाने की उपज के लिए उत्तम प्रजातियाँ हैं।

4. एच.एफ.जी 156-यह एक लम्बी, शाखादार, खुरदरी पत्तियों वाली चारे की प्रजाति है, इसके हरे चारे की औसत उपज 130-140 कुण्टल प्रति एकड़ है।

## मृदा स्वास्थ्य

ग्वार दलहनी फसल होने के कारण इसकी जडों में जड़ ग्रन्थियां पाई जाती है, जो वातावरणीय नाईट्रोजन का स्थिरीकरण करती है और मृदा की भौतिक दशा को सुधारने के साथ-साथ अन्य फसलों की उपज में वृद्धि करती है। ग्वार अनुपजाऊ लवणीय एवं क्षारीय मृदाओं को सुधारने का भी कार्य करती है। इसका प्रयोग हरी खाद के रूप में भी किया जाता है।



# कपास की जैविक खेती



कपास की जैविक खेती का अपना महत्व है। कपास का भारत में रेशे वाली फसलों में प्रमुख स्थान है और नगदी फसल है। लोग रसायनिक खेती के दुष्परिणामों को जान चुके हैं और रसायनिक तरीके से उत्पादित उत्पादों से दूर जाने लगे हैं। लम्बे रेशा वाले कपास को सर्वोतम माना जाता है जिसकी लम्बाई 5 सेंटीमीटर, मध्य रेशा वाली कपास जिसकी लम्बाई 3.5 से 5 सेंटीमीटर होती है तीसरे प्रकार का कपास छोटे रेशे वाली जिसकी लम्बाई 3.5 सेंटीमीटर होती है। कपास जब जैविक हो उसके रेशे, बिनोले और तेल की महत्ता अपने आप बढ़ जाती है।

**जलवायु :** कपास के पौधे के लिए उच्च तापमान, साधारणः 20 डिग्री सेंटीग्रेट से 30 डिग्री सेंटीग्रेट तक है। टिंडे खिलने के समय स्वच्छ आकाश, तेज और चमकदार धूप का होना आवश्यक है। जिससे रेशे में पर्याप्त चमक आ सके तथा टिंडे पूरी तरह खिल सकें और कपास की जैविक खेती के लिए कम से कम 60 सेंटीमीटर वर्षा का होना आवश्यक है।

**उपयुक्त भूमि :** कपास की जैविक खेती विभिन्न प्रकार की मिट्टियों में की जा सकती है, किन्तु इसके लिए उपयुक्त भूमि में अच्छी जलधारण और जल निकास क्षमता होनी चाहिए। जिन क्षेत्रों में वर्षा कम होती है, वहां इसकी खेती अधिक जलधारण क्षमता वाली मटियार भूमि में की जाती है। इसके लिए उपयुक्त पीएच मान 5.5 से 6.0 है। हालाँकि इसकी खेती 8.5 पीएच मान तक वाली भूमि में भी की जा सकती है।

**बुवाई समय :** कपास की बुआई दो समय पर की जाती है प्रथम विधि में वर्षा से पूर्व सूखे खेत में बोना दूसरा एक बारिश के बाद बुआई करना। वर्षा से पूर्व बुआई को अगेती बुआई भी कहते हैं इसमें मानसून/वर्षा आने के 7-8 दिन पूर्व सूखे खेत में बुआई कर देते हैं। वर्षा के बाद जमाव को देख कर आवश्यकता अनुसार खाली जगह पर पुनः बीज वो देते हैं इस विधि में उत्पादन अधिक मिलता है एवं बीज हेतु कपास उगने के लिए यह विधि उत्तम है सामान्तया यह बुआई 10-20 जून के मध्य होती है दूसरा समय बारिश के बाद बुआई का होता है इसमें पहले खेत को पहले तैयार रखते हैं जैसे ही बारिश होती है बुआई कर देते हैं हल्की बारिश के बाद बुआई करते हैं।

**बुवाई विधि :** कपास की बुआई पंक्ति में की जाती है देसी कपास की बुआई 30×15 सेंटीमीटर पर करते हैं हाइब्रिड एवं अमरीकन कपास की बुआई 45×90 सेंटीमीटर अथवा 45×120 सेंटीमीटर अथवा 30×120 सेंटीमीटर दूरी पर प्रजाति की अनुसार करते हैं।

**बीज की मात्रा :** बीज की मात्रा बोई जाने वाली प्रजाति पर निर्भर करता है सामान्तया हाइब्रिड कपास 450-500 ग्राम बीज एक एकड़ खेत के लिये पर्याप्त है देसी कपास की बुआई के लिये 5-6 किलोग्राम बीज एक एकड़ खेत हेतु आवश्यक होता है

**खेत की तैयारी :** गर्मी में गहरी जुताई करें और खेत को तपने के लिए छोड़ दें, इससे फफूंद जनित रोग व इल्ली का प्रकोप होता है। कपास का खेत तैयार करते समय इस बात का ध्यान रखें कि खेत पूर्णतया समतल हो ताकि मिट्टी की जलधारण एवं जल निकास क्षमता दोनों अच्छे हों। यदि खेत समतल न हो तो जुताई ढलान के विरुद्ध दिशा में करें, ताकि सभी कतार के बीच के कूड़ खेत में पानी के बहाव में अवरोधक बनते हैं, जिससे पानी को मिट्टी द्वारा सोखने में अधिक समय मिलता है।



फसल बुवाई के लिए खेत के खरपतवारों और पूर्व की फसल अवशेषों की सफाई करें बुवाई से पहले मेड़ों को साफ करें और कीट को संरक्षण देने वाले गाडर, कासकी, अंगेड़ो, जंगली भिंडी आदि खरपतवारकों नष्ट करें।

**जैविक खाद एवं जैव-उर्वरक:** कपास की जैविक खेती के लिए बुवाई से 15 दिन पूर्व खेत में 30 से 40 टन प्रति हेक्टेयर अच्छी सड़ी गोबर की खाद या वर्मीकम्पोस्ट 25 से 30 टन प्रति हेक्टेयर तथा 500 किलोग्राम घनजीवामृत बिखेरने के बाद खेत की अच्छी जुताई करें एवं पाटा चलाकर खेत समतल कर लें। खाद डालने के बाद खेत को खुला नहीं छोड़ें। जैव उर्वरक राइजोबियम, पीएसबी, पोटाश एवं जिंक घोलक जीवाणु कल्चर का उपयोग बुवाई से पूर्व बीज उपचार करते समय करें। इन कल्चर की मात्रा उत्पादनकर्ता की संस्तुत के आधार पर निश्चित करें।

## बीजोपचार और भूमि उपचार इस प्रकार करें

**भूमि उपचार-** कपास की जैविक खेती हेतु भूमि शोधन के लिए 2.5 से 3 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर ट्राइकोडर्मा विरिडी को 150 से 200 किलोग्राम वर्मीकम्पोस्ट अथवा गोबर खाद (अच्छी प्रकार सड़ी एवं छान कर) जिसमें पर्याप्त नमी हो में मिलाकर मोटी पॉलीथिन सीट से ढककर 10-12 दिन तक छाया में रखते हैं 3-4 दिन के अंतराल पर इसे पुनः आपस में मिला कर ढक दें इसके पश्चात् बुवाई से पूर्व अंतिम जुताई के समय खेत में समान रूप बिखेर कर मिला दें।

**बीज उपचार:** बीज जनित रोगों से बचाव के लिए 5-10 ग्राम प्रति कि.ग्रा. बीज दर से ट्राइकोडर्मा जैविक फफूंदनाशी से बीज को उपचारित करें इससे जड़ सडन्, तना सडन्, डैम्पिंग आफ, उकठा, झुलसा आदि फफूंद जनित रोगों से छुटकारा मिलेगा। इसके पश्चात् बीज को एजोटोबैक्टर, पी. एस. बी. एवं पोटाश जैव-उर्वरक (एनपीके जैव-उर्वरक) से उपचारित कर छाया में सुखाकर बोना चाहिए। यदि आवश्यक हो तो जिंक के जैव उर्वरक उपब्ध हैं इनका उपयोग कर सकते हैं। जैव उर्वरक मात्रा का प्रयोग उत्पादक के अनुमोदन के अनुसार करते हैं।

**सल्फर का प्रयोग :** कपास की जैविक की फसल में सल्फर बहुत आवश्यक है इसके लिए फूल निकलने से पूर्व आर्गेनिक प्रमणित घुलनशील सल्फर 2 प्रतिशत का घोल फसल पर स्प्रे करते हैं, 7 दिन के अंतराल पर दो बार करते हैं।

**तरल जैविक खाद :** कपास एक अधिक पोषण वाला फसल है। इसको ज्यादा तत्व की जरूरत होती है। इसलिए अच्छी जैविक फसल हेतु खड़ी फसल में तरल खाद आवश्यक होता है। बुवाई के 20 दिन बाद पहली बार तरल खाद जीवामृत 100 लिटर, वेस्ट डी कंपोजर 100 लीटर का ड्रैंचिंग करते हैं ! इसके पश्चात 8-10 दिन के के अंतराल पर चार पांच बार जीवामृत 200 लीटर, वेस्ट डी कंपोजर 200 लीटर, प्रयोग करते हैं। जीवामृत 1 लीटर तथा वेस्ट डी कंपोजर 1 लीटर पानी 12 लीटर मिला कर कड़ी फसल पर स्प्रे करते हैं। मटका खाद 50 लीटर अधिक प्रयोग करते हैं। अन्य तरल खाद का प्रयोग उसकी संस्तुत के अनुसार करते हैं।



## निराई-गुड़ाई एवं खरपतवार नियंत्रण

फसल बढ़वार बुवाई के 25 से 25 दिन बाद पहली गुड़ाई कसोले तथा ट्रैक्टर चालित कल्टीवेटर या बैल चालित कल्टीवेटर करते से हैं ।शेष निराई-गुड़ाई 2 से 3 बार फूल व टिंडे बनने के पहले ही समाप्त कर लेना आवश्यक है ।इस बात का विशेष ध्यान दें कि कपास की फसल बढ़वार वाली अवस्थाओं में पूरी तरह खरपतवार रहित हो ।यदि फसल में बोई किस्म के अलावा दूसरी किस्म के पौधे मिले हुए दिखाई दें तो उन्हें निराई के समय उखाड़ दीजिए क्योंकि मिश्रित कपास का मूल्य कम मिलता है ।

## कपास की चुनाई

कपास में टिंडे पूरे खिल जायें तब उनकी चुनाई कर लीजिये ।प्रथम चुनाई 50 से 60 प्रतिशत टिण्डे खिलने पर शुरू करें और दूसरी शेष टिण्डों के खिलने पर करें ।

## पैदावार

उपरोक्त उन्नत विधि से खेती करने पर देशी कपास की 20 से 25, संकर कपास की 25 से 32 क्विंटल प्रति हेक्टेयर पैदावार ली जा सकती है ।

**सिंचाई एवं जल प्रबंधन :** यदि वर्षा न हो अंकुरण के बाद पहली सिंचाई 20 से 30 दिन में कीजिये। इससे पौधों की जड़ें ज्यादा गहराई तक बढ़ती है। बाद की सिंचाईयां 20 से 25 दिन बाद करें। इस बात का विशेष ध्यान दें कि फूल और फल या टिंडे बनते समय पानी कि कमी न हो मध्य सितम्बर में यदि खेत में नमी न हो तो हलकी सिंचाई करनी चाहिए, ऐसा करने से टिंडे शीघ्र फटते हैं। ध्यान रखें फसल बढ़वार के समय वर्षा का पानी खेत में न रुकने दें। सिंचाई करते समय पानी हल्का लगाये यदि पौधों के पास पानी रुक जाए, तो यथा शीघ्र निकाल दें खेत में जल निकास हेतु एक नाली रखें। कपास की जैविक फसल में टपक सिंचाई प्रभावी पाई गई है। इससे पैदावार अधिक और पानी की भी बचत होती है।

# प्रशिक्षण के दौरान हादसे का शिकार हुए दो सैन्य हेलीकॉप्टर, क्रैश में एक की मौत

**टोक्यो, एजेंसी।** शनिवार देर रात दो जापानी मिलिट्री हेलीकॉप्टर प्रशिक्षण के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गए। जिसमें अब तक एक का शव बरामद हुआ है, अन्य सात लोग लापता हैं। हालांकि अब तक दोनों हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने का कारण पता नहीं लग पाया है। वहीं लापता सात लोगों की खोज जारी है।

जापान के दो हेलीकॉप्टर रात में प्रशांत महासागर के इजू द्वीप पर पनडुब्बियों का मुकाबला करने का अभ्यास कर रहे थे। टोरीशिमा द्वीप के पास रात 10:38 के आसपास एक हेलीकॉप्टर से संपर्क टूट गया, उसके कुछ क्षणों बाद ही विमान से एक आपातकालीन सिग्नल प्राप्त हुआ। इसके लगभग 25 मिनट बाद करीबन 11:04 पर इसी क्षेत्र में प्रशिक्षण कर रहे दूसरे विमान से भी संपर्क टूट गया। जापान के आत्मरक्षा बल (एसडीएफ) के एक प्रवक्ता ने एएफपी को शनिवार



देर रात की घटना की पुष्टि की और कहा कि एक व्यक्ति को बचाया गया था, लेकिन उसकी मौत हो गई।

रक्षामंत्री माइनोरू किहारा का कहना है कि समुद्र में विमान का हिस्से देखे गए हैं। जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि दोनों दुर्घटनाग्रस्त हुए। हालांकि अब तक दुर्घटना का सही कारण नहीं पता चल पाया है, हमारी प्राथमिकता लोगों को बचाना है। एक चालक दल के सदस्य को बचाया गया था, लेकिन उपचार के दौरान उसकी भी मौत हो गई। लापता अन्य सात लोगों की खोज जारी है। मैरीटाइम सेल्फ-डिफेंस फोर्स ने कहा कि आस-पास के जल क्षेत्र में कोई अन्य विमान या जहाज नहीं था, इसलिए घटना में किसी अन्य देश की संलिप्ता की संभावना नहीं है।

पिछले साल अप्रैल में एक सेना के हेलीकॉप्टर का दक्षिणी ओकिनावा में मियाको द्वीप पर एक्सीडेंट हो चुका है। इसमें 10 लोग सवार थे, जिसमें दो पायलट, दो मैकेनिक और एक सेना जनरल और अन्य सवार थे। इनमें से एक भी जीवित नहीं बचा।

वहीं जनवरी 2022 में भी एक लड़ाकू जैट मध्य इशिकावा में पानी में क्रैश हुआ था। इसमें बैठे दो पायलट की मौत हो गई थी। यही नहीं 2019 में एक स्टील्थ जेट का प्रशिक्षण मिशन पर उत्तरपूर्वी जापान से उड़ान भरने के बाद समुद्र में क्रैश हुआ।

पिछले साल नवंबर में अमेरिकी सेना का एक ऑस्प्रे सैन्य विमान जापान के पास दुर्घटनाग्रस्त हुआ, जिसमें सवार सभी आठ लोगों की मौत हो गई थी। जापान इन दिनों देश की सुरक्षा के पर खास ध्यान दे रहा है। लगातार संयुक्त राज्य अमेरिका, एशिया के कई देशों के साथ अपने संबंध सुधारने में लगा हुआ है। सूत्रों की मानें तो इन दिनों चीन की आक्रामता और उत्तर कोरिया के कारण जापान अपनी सुरक्षा व्यव्यस्था पर खर्च बढ़ा चुका है।

## संसद के निचले सदन में यूक्रेन-इस्राइल के लिए 95 अरब डॉलर के पैकेज को मंजूरी, बाइडन ने की थी अपील

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा में यूक्रेन के साथ-साथ पश्चिम एशियाई देश इस्राइल और युद्धग्रस्त गाजा में मानवीय सहायता संबंधी पैकेज को मंजूरी मिल गई। सदन ने 61 अरब अमेरिकी डॉलर के यूक्रेन सहायता पैकेज को मंजूरी दी। राष्ट्रपति जो बाइडन की अपील के दो दिन बाद अमेरिकी संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा में यूक्रेन के साथ-साथ पश्चिम एशियाई देश इस्राइल और युद्धग्रस्त गाजा में मानवीय सहायता संबंधी पैकेज को मंजूरी मिल गई। सदन ने 61 अरब अमेरिकी डॉलर के यूक्रेन सहायता पैकेज को मंजूरी दी। इस पैकेज को युद्धग्रस्त यूक्रेन को नए सिरे से अमेरिकी समर्थन की तरह देखा जा रहा है। इसके अलावा सदन ने इस्राइल की सहायता करने और युद्धग्रस्त गाजा में लोगों को मानवीय राहत प्रदान करने के लिए 26 बिलियन अमेरिकी डॉलर के पैकेज को मंजूरी दी। समाचार एजेंसी एपी की रिपोर्ट के अनुसार, सदन में यूक्रेन, इस्राइल और अन्य अमेरिकी सहयोगियों के लिए कुल 95.3 अरब डॉलर के पैकेज पर वोटिंग हुई। मंजूरी के बाद इसे सीनेट में भेज दिया गया। सहायता को मंजूरी के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की और इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी सांसदों का आभार प्रकट किया। न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, सांसदों ने अलग-अलग मतदान किए जिसके बाद राहत पैकेज को मंजूरी दी गई। इसमें से अधिकांश प्रत्यक्ष सैन्य सहायता है।

## खैबर पख्तूनख्वा में 13 और मौतें, बाढ़ में अब तक 59 लोगों की गई जान; मरने वालों में 33 बच्चे



**खैबर पख्तूनख्वा , एजेंसी।** खैबर पख्तूनख्वा में 13 और लोगों की मौत की खबर सामने आई है। डॉन ने प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) की रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया कि एक ही दिन में लगभग दो दर्जन लोगों की मौत के साथ खैबर पख्तूनख्वा में गंभीर मौसम की स्थिति से मरने वालों की संख्या बढ़कर 59 हो गई है।

शुक्रवार को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए), जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) और अन्य संबंधित विभागों को पाकिस्तान में 29 अप्रैल तक भारी बारिश और तूफान के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया था। डॉन के अनुसार, इससे पहले खैबर पख्तूनख्वा में पीएमडी ने बुधवार रात से 21 अप्रैल तक शांगला, बुनेर, बाजौर, खैबर और पेशावर सहित क्षेत्रों में बारिश,आंधी-तूफान और ऊंची चोटियों पर बर्फबारी का पूर्वानुमान जारी किया था।

12 अप्रैल के बाद से लगातार बारिश के कारण प्रांत के उत्तरी क्षेत्रों में अचानक बाढ़ आ गई है, जिससे पूरे खैबर पख्तूनख्वा में भूस्खलन और संरचनात्मक पतन हुआ है।

पीडीएमए की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, मृतकों में 33 बच्चे, 14 पुरुष और 12 महिलाएं शामिल हैं, जबकि बारिश से संबंधित घटनाओं में कुल 72 लोग घायल हुए हैं।

डॉन के अनुसार, रिपोर्ट में महत्वपूर्ण क्षति का संकेत दिया गया है, जिसमें 2,883 घर और 68 स्कूल प्रभावित हुए हैं और 309 मवेशियों की हानि हुई है। पीडीएमए के प्रवक्ता अनवर शहजाद ने डॉन वेबसाइट को बताया कि शनिवार को नदियों में पानी का प्रवाह सामान्य था। सिंचाई विभाग के बाढ़ सेल की एक रिपोर्ट पूरे प्रांत में 12 नदियों में अलग-अलग जल प्रवाह स्तर का संकेत देती है, जो निम्न से मध्यम और सामान्य तक है। पीडीएमए प्रवक्ता ने कहा कि राहत प्रयासों को बनाए रखने के लिए जिलों को 110 मिलियन पाकिस्तानी रुपय की आपातकालीन सहायता राशि आवंटित की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान ने एक सप्ताह के भीतर उधार लिए 657 अरब रुपये

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान गंभीर आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की सरकार बनने के बाद बीते एक हफ्ते में पाकिस्तान 657 अरब रुपये उधार ले चुका है। भारत का यह पड़ोसी ओवरऑल अब तक लाखों करोड़ रुपये का ऋण ले चुका है। आर्थिक संकट से जूझ रहे प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली पाकिस्तान सरकार ने एक सप्ताह के भीतर बैंकों से 657अरब पाकिस्तानी रुपया उधार लिया है। यह खुलासा डॉन ने शनिवार को अपनी रिपोर्ट में दी। यह कर्ज सरकार ने अपने बढ़ते खर्चों को पूरा करने के लिए लिया है। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) के आंकड़ों से पता चला है कि वाणिज्यिक बैंकों से सरकार की उधारी 1 जुलाई 2023 से 5 अप्रैल 2024 तक रिकॉर्ड 5.5 लाख करोड़ पाकिस्तानी रुपये तक पहुंच गई है। वहीं, 13 अप्रैल को एसबीपी की रिपोर्ट के अनुसार वाणिज्यिक बैंकों से सरकार की उधारी 4.8 लाख करोड़ थी। इससे पता चलता है कि एक सप्ताह के दौरान सरकार ने करीब 657 अरब पीकेआर का उधार लिया। डॉन के अनुसार यह भारी उधारी अर्थव्यवस्था पर अत्यधिक बोझ डाल रही है। वित्तीय विशेषज्ञों का मानना है कि आईएमएफ के साथ नया समझौता पाकिस्तान के लिए अंतरराष्ट्रीय बाजार से उधार लेने का रास्ता खोल सकता है। साथ ही जून 2024 के अंत तक उधारी 7 लाख करोड़ तक पहुंच सकती है।

### चुनावों की मांग को लेकर हजारों इजरायलियों ने विरोध किया

**तेल अवीव, एजेंसी।** इजरायल में हजारों लोग गाजा में बंधक बनाए गए सभी बंधकों की तत्काल रिहाई और नए चुनावों की मांग को लेकर सड़कों पर उतर आए हैं। तेल अवीव में शनिवार शाम को एक सामूहिक रैली में लोगों ने जोर-शोर से फिलिस्तीनी तटीय क्षेत्र में इजरायल से अगवा किए गए सभी लोगों की तत्काल रिहाई के साथ-साथ नए चुनावों की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की ओर इशारा करते हुए कहा कि जिन्होंने उन्हें त्याग दिया है उसे उन्हें घर लाना होगा। अपहृत लोगों के परिजनों ने इजरायली सरकार पर फिलिस्तीनी इस्लामी संगठन हमास के साथ समझौते पर पहुंचने में कोई गंभीर रुचि नहीं होने का आरोप लगाया है। इजरायल और हमास महीनों से युद्धविराम और 7 अक्टूबर को अगवा किए गए अन्य बंधकों की रिहाई के बारे में अप्रत्यक्ष रूप से बातचीत कर रहे हैं। फिलहाल कोई सफलता नजर नहीं आ रही है। शनिवार शाम को तटीय शहरों तेल अवीव और हाइफा में हजारों लोगों ने और बेर्शेबा शहर में सैकड़ों लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। कथित तौर पर कैसरिया में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के एक निजी विला के पास एक हजार से अधिक लोग एकत्र हुए थे। अन्य इजरायली शहरों में भी रैलियां हुईं। कुछ हफ्ते पहले तक, इजरायल ने मान लिया था कि बचे हुए 130 बंधकों में से 100 से भी कम अभी भी जीवित हैं। हालांकि, अब यह आशंका है कि उनमें से काफी अधिक लोग मारे जा सकते हैं।

### न्यूयॉर्क में बोले ईरान के विदेश मंत्री, पश्चिम एशिया में तनाव कम हो

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** इजरायल और ईरान के बीच जारी जैसे को तैसा कार्रवाइयों के बीच ईरान के विदेश मंत्री हुसैन अमीरबदोल्लाहियान ने पश्चिम एशिया में तनाव कम करने की वकालत की है। न्यूयॉर्क में शनिवार को ईरानी मीडिया से रू-ब-रू होते हुए उन्होंने यह बात कही। अमीरबदोल्लाहियान ने कहा युद्ध और सैन्य तनाव से क्षेत्र में किसी भी पक्ष को कोई फायदा नहीं है, इसलिए मौलिक समाधान ढूंढे जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी पक्षों को राजनीतिक समाधान पर ध्यान देने की जरूरत है। अमीराबदोल्लाहियान ने अमेरिका की यात्रा के अंत में कहा कि इजरायल को क्षेत्र में अपने युद्ध अपराध बंद करने होंगे। इसके बाद गाजा संघर्ष में मानवीय सहायता और कैदियों के लिए बंधकों की अदला-बदली संभव हो जाएगी। संयुक्त राष्ट्र के कई सत्रों में शामिल होने के लिए न्यूयॉर्क दौरे पर आए अमीरबदोल्लाहियन ने इस बात पर जोर दिया कि ईरान शुक्रवार को अपने मध्य इस्फ़हान प्रांत में सैन्य ठिकानों पर हुए हमलों पर जवाबी कार्रवाई नहीं करेगा।

## तुम लोगों का इस्लाम दुपट्टे से ही क्यों शुरू होता है... युवक ने महिला यूट्यूबर को ओढाया शॉल तो लग गई तगड़ी क्लास

**इस्लामाबाद , एजेंसी।** पाकिस्तान में एक महिला यूट्यूबर का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि जब महिला यूट्यूबर लोगों से बातचीत कर रही होती है वहां पर एक युवक आता है और उसके सिर को जबरन ढकने लगता है।

युवक के इस व्यवहार को देखकर महिला गुस्सा उठती है। महिला तुरंत सिर से शॉल उतार देती है। इसके बाद महिला ने युवक की तगड़ी क्लास लगा दी।

वीडियो में देखा जा सकता है कि युवक महिला से कहता है कि हम एक इस्लामिक देश में हैं और पारंपरिक रूप से महिला को अपना सिर ढकना चाहिए। और वो अपने शॉल से महिला के सिर पर शॉल रख देता है। इसके बाद महिला हंसते हुए कहती है,तुम लोगों का इस्लाम



दुपट्टे से क्यों शुरू होती है क्या इस्लाम तुमको यही सिखाता है क्या कोई अजनबी बिना इजाजत के किसी महिला को छू सकता है आप अरेस्ट हो सकते हो ये सोशल हरासमेंट है।

इस वीडियो पर कई यूजर्स ने दिलचस्प कमेंट्स किए। एक यूजर ने लिखा, मैं इस युवा और साहसी महिला को सलाम करता हूं जिसने नैतिक पुलिसिंग की तरह व्यवहार करने वाले किसी भी व्यक्ति को सही सबक सिखाया। वहीं, एक अन्य यूजर ने लिखा, ये महिला की आजादी है कि वो क्या पहने।

## इमरान का दावा फेल, बुशरा बीबी के खाने में नहीं मिला था टॉयलेट क्लीनर; जांच में सामने आई यह समस्या

**इस्लामाबाद , एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के इस आरोप के बाद कि जेल में सजा काट रही उनकी पत्नी बुशरा बीबी को टॉयलेट क्लीनर मिला हुआ खाना दिया गया था, इस्लामाबाद जवाबदेही अदालत ने मामले में मेडिकल जांच का आदेश दिया था।



जांच के बाद अब डॉक्टरों ने बुशरा बीबी के स्वास्थ्य को लेकर उनके भोजन में किसी भी प्रकार के केमकिल की मिलावट की बात से इनकार कर दिया है। जियो न्यूज ने यह जानकारी दी।

जियो न्यूज के अनुसार, मेडिकल जांच पाकिस्तान इमरान खान के भरोसेमंद फैमिली डॉक्टर आसिम युसुफ की मौजूदगी में की गई। जांच के दौरान, बुशरा बीबी एंडोस्कोपी सहित डायग्नोस्टिक परीक्षणों के लिए इस्लामाबाद के एक निजी अस्पताल में छह घंटे तक रुकीं। अस्पताल के सूत्रों ने कहा कि बुशरा बीबी का अल्ट्रासाउंड, ईसीएचओ और ईसीजी परीक्षण किया गया था। सूत्रों के मुताबिक, डॉक्टरों ने बुशरा बीबी की सभी मेडिकल रिपोर्ट्स को मंजूरी दे दी है। अस्पताल के सूत्रों ने बताया कि बुशरा बीबी को केवल मामूली गैस्ट्रिक समस्या थी।

## इस्राइल को अमेरिका से मिली सैन्य मदद के बाद टली जंग की संभावना, ईरान ने भी पीछे खींचे हाथ

**वॉशिंगटन/यरुशलम, एजेंसी।** दुनिया के कई देश युद्ध में घिरे हुए हैं। जहां रूस-यूक्रेन जंग को दो साल से ज्यादा का वक्त हो चुका है, वहीं हमास और इस्राइल बीते छह महीने से लड़ाई लड़ रहे हैं। इस बीच ईरान और इस्राइल के बीच भी जंग छिड़ती दिख रही थी। हालांकि, अब युद्ध की संभावना कम हो गई है। इसका कारण यह है कि इस्राइल के बचाव में उसका जिगरी दोस्त अमेरिका उतर आया है। अमेरिकी सांसदों ने शनिवार को इस्राइल के लिए नई सैन्य सहायता की मंजूरी दी है।



**वेस्ट बैंक में संघर्ष तेज:** बताया जा रहा है कि ईरान ने इस्राइल से बदला लेने के लिए कुछ कदम पीछे ले लिए हैं। उसने ड्रोन और मिसाइल हमले में कमी कर दी है। इस कदम ने उन आशंकाओं को कम दिया है कि कट्टर दुश्मनों के बीच बढ़ते हमले मध्य पूर्व में एक जंग में बदल सकते हैं। हालांकि, इराक में हाल ही में ईरान समर्थित सैन्य ठिकानों पांच धमाके हुए। इससे क्षेत्र में तनाव देखने को मिला। वहीं, गाजा में इस्राइल लगातार हमला कर रहा है। इससे वेस्ट बैंक में संघर्ष तेज हो गया है।

अमेरिका के निचले सदन हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव ने आयरन डोम वायु रक्षा प्रणाली सहित इस्राइल की सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से मदद करने का फैसला लिया। इसलिए उसने इस्राइल के लिए नई सैन्य सहायता के लिए 13 अरब डॉलर को मंजूरी दी।

## अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन अगले सप्ताह जाएंगे चीन

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी विदेश विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि एंटनी ब्लिंकन जैसा हमेशा करते हैं, वैसा ही इस बार करेंगे। वह सीधे रूप से द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर अमेरिका की चिंताओं पर बात करेंगे।

अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन जल्द ही चीन का दौरा करने वाले हैं। इसकी जानकारी देते हुए अमेरिकी विदेश विभाग ने बताया कि ब्लिंकन 24 से 26 अप्रैल तक चीन की यात्रा पर रहेंगे।

विदेश विभाग का कहना है कि ब्लिंकन शंघाई और बीजिंग में चीनी अधिकारियों के साथ द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करने के लिए मिलेंगे। इस दौरान मध्य पूर्व संकट, यूक्रेन के खिलाफ रूस का युद्ध, क्रॉस-स्ट्रेट मुद्दे और दक्षिण चीन सागर पर भी बात होगी।

एक बयान में कहा गया, विदेश मंत्री नवंबर में वुडसाइड शिखर सम्मेलन में राष्ट्रपति बाइडन और शी द्वारा किए गए प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए चल रहे



कार्यों पर भी चर्चा करेंगे, जो कि काउंटरनार्कोटिक्स सहयोग, सैन्य-से-सैन्य संचार, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और लोगों के बीच संबंधों को मजबूत करने पर है।

विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के साथ सार्वजनिक कूटनीति और सार्वजनिक मामलों की अवर सचिव लिज एलेन, पूर्वी एशियाई और प्रशांत मामलों के ब्यूरो के सहायक सचिव डैनियल क्रिटेनब्रिंक, अंतरराष्ट्रीय नारकोटिक्स और कानून प्रवर्तन मामलों के ब्यूरो के सहायक सचिव टॉड रॉबिन्सन और साइबरस्पेस और डिजिटल नीति के लिए बड़े पैमाने पर राजदूत नथानिएल फिक भी होंगे।

विदेश विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, मंत्री की यात्रा निश्चित रूप से अमेरिका-चीन संबंधों को मजबूत करने के लिए होगी। वहीं, यह यात्रा पिछले एक साल में हमारी गहन कूटनीति पर आधारित होगी। सबसे पहले महत्वपूर्ण मुद्दों पर काम करना लक्ष्य है। हमारा मानना है कि उच्च स्तरीय कूटनीति हमें उन मुद्दों पर आगे बढ़ने के लिए दबाव डालने की अनुमति देती है जो अमेरिकी लोगों और दुनिया के लिए मायने रखते हैं और जहां पीआरसी के साथ सीधा जुड़ाव विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। उन्होंने आगे कहा कि विदेश मंत्री जैसा हमेशा करते हैं, वैसा ही इस बार करेंगे। वह सीधे रूप से द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर अमेरिका की चिंताओं पर बात करेंगे। वह हमारे मूल्यों और हमारे हितों के लिए बोलेंगे।

## चीनी में बुनियादी ढांचे के बढ़ते वजन से लाखों इमारतों पर खतरा

**बीजिंग, एजेंसी।** अध्ययन के लिए वैज्ञानिकों ने 2015 से 2022 की अवधि में 20 लाख से अधिक लोगों की आबादी वाले प्रत्येक चीनी शहर में भूमि धंसाव को मापा। उन्होंने जिन 82 शहरों की जांच की, उनमें से टीम ने पाया कि कुछ शहर तेजी से धंस रहे हैं।

नए शोध में पता चला है कि चीन के करीब आधे प्रमुख शहरों पर पानी की निकासी और शहरी इमारतों व बुनियादी ढांचे के बढ़ते वजन के कारण खतरा मंडरा रहा है। जर्नल 'साइंस' में छपे इस शोध में पाया गया कि बीजिंग और तियानजिन समेत चीनी शहर भूस्खलन के 'मध्यम से गंभीर' जोखिम में हैं। शोध में चीनी जमीन के धंसने की दर भी बताईगई। अध्ययन के मुताबिक, चीन की 45 प्रतिशत शहरी भूमि प्रति वर्ष 3 मिलीमीटर से अधिक तेजी से धंस रही थी, जबकि 16 प्रतिशत प्रति वर्ष 10 मिलीमीटर से अधिक की दर से धंस रही है।

अध्ययन के लिए वैज्ञानिकों ने 2015 से 2022 की अवधि में 20 लाख से अधिक लोगों की आबादी वाले प्रत्येक चीनी शहर में भूमि धंसाव को मापा। उन्होंने जिन 82 शहरों की जांच की, उनमें से टीम ने पाया कि कुछ शहर तेजी से धंस रहे हैं। छह में से एक शहर प्रति वर्ष 10 मिमी से अधिक तेजी से धंस रहा है। उन्होंने यह भी पाया कि शंघाई जहां लगातार डूब रहा है, वहीं बीजिंग वार्षिक रूप से 45 मिलीमीटर नीचे जा रहा है।

**खनन व शहरी परिवहन नेटवर्क भी एक कारण**

वैज्ञानिकों ने धंसते शहरों व भूजल क्षति के बीच एक मजबूत संबंध भी पाया, जो परत में खाली छिद्र छोड़ देता है और ऊपर वजन के ढेर में सिमट जाता है। शोध के अनुसार, अन्य कारकों में शहरी परिवहन नेटवर्क, साथ ही हाइड्रोकार्बन निष्कर्षण और खनन शामिल हैं।

**ढांचे की अखंडता के लिए बड़ा खतरा:**





शोधकर्ताओं ने जोर देकर कहा, चीन के शहरों की गिरावट को संबोधित करने की कुंजी भूजल निकासी के दीर्घकालिक, निरंतर नियंत्रण में निहित हो सकती है। ईस्ट एंग्लिया विश्वविद्यालय में जलवायु अनुकूलन के प्रोफेसर रॉबर्ट निकोल्स ने कहा, यह धंसाव इमारतों और बुनियादी ढांचे की संरचनात्मक अखंडता के लिए बड़ा खतरा है और बाढ़ के संदर्भ में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को बढ़ाता है।

## लंदन मेयर पद की दौड़ में शामिल हुआ दिल्ली में जन्मा शख्स, पाकिस्तानी मूल के सादिक खान को देंगे चुनौती

**लंदन, एजेंसी।** इंग्लैंड के लंदन में मेयर पद पर पाकिस्तान मूल के सादिक खान तीसरी बार जीत हासिल करने के लक्ष्य के साथ चुनाव लड़ रहे हैं। हालांकि, इस बार उन्हें भारतीय मूल के एक उम्मीदवार से चुनौती मिलने वाली है। इनका नाम है तरुण गुलाटी। दिल्ली में जन्मे तरुण का कहना है कि लंदन के नागरिकों को सभी राजनीतिक पार्टियों ने दुखी किया है। उन्होंने आगे कहा कि वह लंदन को अनुभवी सीईओ की तरह चलाना चाहते हैं, जिससे सभी को लाभ मिल सके। उनका मानना है कि एक व्यवसायी और निवेश विशेषज्ञ के रूप में उनका अनुभव लंदन को लाभ पहुंचाने में मददगार साबित होगा। दो मई को होने वाले मेयर चुनाव में 63 वर्षीय भारतीय मूल के तरुण गुलाटी निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव में उतरेंगे। मेयर पद के लिए उनकी लड़ाई 13 अन्य उम्मीदवारों से होने वाली है। तरुण गुलाटी ने कहा, मैं लंदन को एक अनोखे वैश्विक शहर के तौर पर देखता हूं। यह विश्व के वैश्विक बैंक की तरह है, जहां दुनियाभर के लोग एकत्रित होते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### फर्जी कैफ़े ने राजधानी भोपाल में अपने कदम रखे, रणविजय सिंह ने साझा किए अपने अनुभव




**भोपाल।** दुनिया भर में अपने अनूठे स्वाद का लोहा मनवाने के बाद, फर्जी कैफ़े ने राजधानी भोपाल में अपने कदम रखे। भोपाल की सबसे प्राइम लोकेशन में से एक बंसल वन में 4500 वर्ग फुट में फैले इस आउटलेट के लॉन्च के पहले दिन जहाँ फर्जी कैफे फ्रैंचाइज़ी के मालिक जोरावर कालरा मौजूद रहे वहीं दूसरे दिन बॉलीवुड अभिनेता और रोडीज फेम रणविजय सिंह ने शिरकत की। रणविजय सिहं ने फर्जी कैफे भोपाल के लॉन्च के दौरान कहा, मैं फर्जी कैफे के लॉन्च में शामिल होने के लिए बहुत उत्साहित हूं। मेरा फर्जी कैफ़े के दिल्ली और अन्य आउटलेट्स में पिछला अनुभव बहुत ही शानदार रहा है। फर्जी कैफे एक जबरदस्त कॉन्सेप्ट पर आधारित है, यह एक अनूठा कैफे है जो हमेशा कुछ नया और रोमांचक पेश करता है। भोपाल में फर्जी कैफ़े ने मुझे काफी प्रभावित किया है, मुझे यहां का माहौल और भोजन बहुत पसंद आया। मैंने यहां कुछ व्यंजन आजमाए हैं और वे सभी बहुत स्वादिष्ट थे। झीलों का यह शहर भोपाल हमेशा ही मेरा फेवरेट रहा है। फर्जी कैफ़े भोपाल की पूरी टीम को बहुत बहुत शुभकामनाएं जो उन्होंने इतना बहरीन वेन्यु तैयार किया, जिसने इस खुबसूरत शहर की खुबसूरती को चार चाँद लगा दिए हैं। मुझे लगता है कि युवा लोग कैफे के अनूठे कॉन्सेप्ट और स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेंगे।

### लोरेंजी अपैरल्स लिमिटेड को अपने बोनस शेयर्स की लिस्टिंग के लिए ट्रेडिंग अप्प्रूवल मिला

**मुंबई, एजेंसी।** रेडीमेड गारमेंट्स की मैन्युफैक्चरिंग, डिजाइनिंग और मार्केटिंग के क्षेत्र में एक प्रमुख कंपनी लोरेंजी अपैरल्स लिमिटेड ने घोषणा की है कि उसे एनएसई और बीएसई द्वारा 16 अप्रैल 2024 से इफेक्टिव अपने बोनस शेयर्स को सूचीबद्ध करने के लिए ट्रेडिंग अप्रूवल मिल गया है। लोरेंज़ी अपैरल्स लिमिटेड रेडीमेड गारमेंट्स की मैन्युफैक्चरिंग, डिजाइनिंग और मार्केटिंग के क्षेत्र में एक प्रोमिनेन्ट प्लेयर है, जो पुरुषों और महिलाओं दोनों की अलग-अलग फैशन जरुरतों को पूरा करता है। फॉर्मल, सेमी-फॉर्मल और कैजुअल वेयर की एक विस्तृत श्रृंखला के साथ, यह क्वॉलिटी अटायर प्रदान करने पर गर्व करता है जो कंटेंपरेरी ट्रेंड्स और टाइमलेस स्टाइल के साथ मेल खाता है। रिटेल आउटलेट्स और ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों के माध्यम से ऑपरेशन करते हुए, कंपनी अपने ग्राहकों के लिए एक्सेसिबिलिटी और कन्वीनियंस सुनिश्चित करती है। इसके ऑपरेशनल सेंटर में एक कुशल गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग प्रॉसेस सम्मिलित है

# गोदरेज ग्रुप की ताले बनाने से हुई थी शुरुआत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गोदरेज ग्रुप देश के सबसे पुराने घरानों में से एक है। गोदरेज ग्रुप का बंटवारा शुरू हो गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, परिवार के लोगों ने एक-दूसरे की कंपनियों के बोर्ड से इस्तीफा दे दिया है। अब आने वाले समय में जल्द ही शेयरों की अदला-बदली हो जाएगी। गोदरेज ग्रुप करीब 126 साल पुराना है। इस ग्रुप की शुरुआत 1897 में हुई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, नादिर और आदि गोदरेज ने बोर्ड से इस्तीफा दे दिया है। वहीं जमशेद गोदरेज ने गोदरेज प्रॉपर्टीज और गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट लिमिटेड के बोर्ड में अपनी सीट छोड़ दी है। अब वह जल्द ही एक-दूसरे की कंपनियों में हिस्से बेच देंगे। यह विभाजन परिवार की दो शाखाओं के बीच हो रहा है। इसमें एक तरफ आदि गोदरेज और भाई नादिर गोदरेज हैं। वहीं दूसरी तरफ उनके चचेरे भाई जमशेद गोदरेज और उनकी बहन स्मिता गोदरेज कृष्णा हैं। गोदरेज इंडस्ट्रीज एंड एसोसिएट्स का नेतृत्व आदि गोदरेज और उनके भाई करते हैं। वहीं गोदरेज एंड बॉयस (जी एंड बी) का नेतृत्व जमशेद गोदरेज और उनकी बहन करती हैं। आदि ओर नादिर गोदरेज एंड बॉयस में अपने हिस्से को दूसरी शाखा को बेच देंगे। जमशेद गोदरेज और उनके परिवार के लोग गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स (जीसीपीएल) और गोदरेज प्रॉपर्टीज में अपने चचेरे भाइयों को पारिवारिक व्यवस्था के तहत हिस्सेदारी हस्तांतरित करेंगे। ऐसा बताया जा रहा है कि यह बंटवारा सौहाद्रपूर्ण तरीके से हो रहा है।



### बन गए दो ग्रुप

इस बंटवारे से पहले गोदरेज फैमिली में पहले से ही दो बिजनेस ग्रुप बन गए हैं। इनमें से एक ग्रुप गोदरेज इंडस्ट्रीज एंड एसोसिएट्स है जिसे आदि गोदरेज और उनके भाई नादिर गोदरेज संभालते हैं। वहीं दूसरी तरफ गोदरेज एंड बॉयस मैन्युफैक्चरिंग कंपनी को आदि गोदरेज के चचेरे भाई जमशेद गोदरेज और स्मिता गोदरेज संभालते हैं। इस ग्रुप की पांच कंपनियां शेयर बाजार में लिस्टेड हैं। इनमें गोदरेज इंडस्ट्रीज, गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट, गोदरेज एग्रोवेट, एस्टेक लाइफ साइसेंस और गोदरेज प्रॉपर्टीज शामिल हैं। इनकी वैल्यूएशन करीब 2.74 लाख करोड़ रुपये है।

### ऐसे हुई थी ग्रुप की शुरुआत

गोदरेज ग्रुप की शुरुआत साल 1897 में ताले बेचने से हुई थी। आज गोदरेज ग्रुप कई सेक्टरों में कारोबार करता है। इसमें इंजीनियरिंग, इक्विपमेंट, सिक्योरिटी सॉल्यूशंस, एग्रीकल्चर प्रोडक्ट्स, रियल एस्टेट और कंज्यूमर प्रोडक्ट्स शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इन सभी सेक्टरों में फैले कारोबार का बंटवारा किया जा सकता है।

# राजनीतिक दलों के मुफ्त उपहारों पर लाना चाहिए श्वेतपत्र, पूर्व आरबीआई गवर्नर की केंद्र को सलाह

**हैदराबाद एजेंसी।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर डी सुब्बाराव ने मुफ्त उपहार को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार को सलाह दी है। उनका कहना है कि सरकार को मुफ्त उपहार देने के मुद्दे पर राजनीतिक दलों के बीच सहमति बनाने के लिए श्वेत पत्र लाना चाहिए। साथ ही इस बारे में गहन बहस होनी चाहिए कि इस संबंध में राजनीतिक दलों पर कैसे अंकुश लगाया जाए।

सुब्बाराव ने यह भी सलाह दी कि आम जनता को इन मुफ्त उपहारों की लागत और लाभों के बारे में अधिक जागरूक किया जाना चाहिए और यह सरकार की जिम्मेदारी है कि वह इस बारे में लोगों को कैसे शिक्षित करे। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह एक राजनीतिक मुद्दा है और इस पर राजनीतिक सहमति होनी चाहिए। इसका नेतृत्व केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री को करना होता है। मेरा मानना है कि उन्हें एक श्वेत पत्र जारी करना चाहिए और इस पर आम सहमति बनाने का प्रयास करना चाहिए।



### इस पर कैसे लगा सकते हैं रोक

आरबीआई के पूर्व गवर्नर का कहना है कि लोगों को मुफ्त उपहारों के बारे में जागरूक करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार को सुनिश्चित करना चाहिए कि हम इस पर कैसे रोक लगा सकते हैं और हम इसे कैसे लागू कर सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि भारत जैसे गरीब देश में यह सरकार की जिम्मेदारी है कि वह सबसे कमजोर वर्गों को कुछ सुरक्षा तंत्र प्रदान करे और यह भी आत्मनिरीक्षण करे कि वित्तीय बाधाओं को देखते हुए उन्हें कितना दूर तक ले जाया जा सकता है। उन्होंने सलाह देते हुए कहा, आपको पूछना चाहिए कि क्या यह इस धन का सर्वश्रेष्ठ उपयोग है या हम कुछ बेहतर कर सकते हैं। इसलिए मुझे लगता है कि हमें मुफ्त उपहारों पर अधिक जागरूक होना चाहिए। साथ ही जोरदार बहस करनी चाहिए और यह पता लगाना चाहिए कि हम राजनीतिक दलों पर कुछ संयम कैसे लगा सकते हैं।

### वित्तीय अनुशासन बनाए रखना जरूरी

एफआरबीएम की सीमा का उल्लंघन करने वाले कुछ राज्यों के बारे में उन्होंने कहा कि राज्यों और केंद्र सरकार को वित्तीय अनुशासन बनाए रखना चाहिए और एफआरबीएम लक्ष्यों का पालन किया जाना चाहिए। एक सवाल पर सुब्बाराव ने कहा कि आईएमएफ के एक अध्ययन के अनुसार भारत को एक विकसित राष्ट्र बनने के लिए 2047 तक लगातार 7.6 प्रतिशत की दर से वृद्धि करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, अगले 25 साल तक हर साल 7.6 प्रतिशत की वृद्धि दर को बनाए रखना, कुछ देशों ने ऐसा किया है, चीन ने यह किया है। लेकिन सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि जलवायु परिवर्तन, भू-राजनीतिक, वैश्वीकरण जैसी चुनौतियों के कारण क्या हम यह कर सकते हैं।

# जोमैटो को भारी भरकम जीएसटी का नोटिस मिला

## कंपनी को जुर्माने सहित 11.82 करोड़ रुपये टैक्स भरने को कहा गया है

### जोमैटो के शेयर कल गिरावट के साथ बंद हुए थे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फूड डिलीवरी करने वाली कंपनी जोमैटो को बड़ा झटका लगा है। कंपनी को भारी भरकम जीएसटी का नोटिस मिला है। ऑनलाइन ऑर्डर लेकर खाना पहुंचाने वाले मंच जोमैटो को जीएसटी प्राधिकरण से 11.82 करोड़ रुपये की कर मांग और जुर्माना देने का आदेश मिला है। कंपनी के जुलाई 2017 से मार्च 2021 के बीच भारत के बाहर स्थित उसकी सहायक कंपनियों को दी गई निर्यात सेवाओं के संबंध में यह नोटिस मिला। यह आदेश अतिरिक्त आयुक्त, केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर, गुरुग्राम ने जारी किया। इसमें 5,90,94,889 रुपये की जीएसटी मांग के अलावा 5,90,94,889 रुपये का ब्याज और जुर्माना शामिल है। जोमैटो ने शुक्रवार देर शाम शेयर बाजार को बताया कि कंपनी उचित प्राधिकारी के समक्ष आदेश के खिलाफ अपील दायर करेगी। इससे पहले बीते महीने मार्च में भी जोमैटो को भारी-भरकम जीएसटी नोटिस मिला था।

कंपनी को यह नोटिस कर्नाटक में कमर्शियल टैक्स (ऑडिट) के असिस्टेंट कमिश्नर से मिला था। ऑनलाइन ऑर्डर देकर खाना मंगाने की सुविधा देने वाले मंच जोमैटो को कर अधिकारियों से 23.26 करोड़ रुपये की कर मांग का नोटिस मिला था। इसमें ब्याज और जुर्माना शामिल था। कंपनी ने कहा था कि वह आदेश के खिलाफ उपयुक्त प्राधिकार के समक्ष चुनौती देगी। इस बार कंपनी को नोटिस अतिरिक्त आयुक्त, केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर, गुरुग्राम ने जारी किया है।




### क्या शेयर पर दिखेगा असर


जोमैटो का शेयर कल यानी कारोबारी सप्ताह के अंतिम दिन शुक्रवार को करीब दो फीसदी के उछाल के साथ बंद हुआ था। जोमैटो का शेयर अभी 188.50 रुपये पर बंद हुआ है। हालांकि पिछले 5 दिनों से जोमैटो के शेयर में गिरावट देखने को मिली है। शेयर करीब 5 फीसदी गिरा है। पिछले एक महीने में जोमैटो के शेयर ने निवेशकों को 11 फीसदी का रिटर्न दिया है। पिछले 6 महीने की बात करें तो जोमैटो का शेयर करीब 73 फीसदी तक उछला है। पिछले एक साल में जोमैटो के शेयर ने निवेशकों को 247.79 फीसदी का शानदार रिटर्न दिया है। निवेशकों को उम्मीद है कि आने वाले समय में जोमैटो के शेयर में और उछाल आ सकता है।

### 66 पर जाएगा कंस्ट्रक्शन कंपनी का यह शेयर, लगातार दे रहा मुनाफा, विजय केडिया के पास हैं 1 करोड़ शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार के दिग्गज निवेशक विजय केडिया के पोर्टफोलियो में कुछ ऐसे भी स्टॉक हैं जिनकी कीमत 60 रुपये से कम है। ऐसा ही एक स्टॉक सिविल कंस्ट्रक्शन से जुड़ी कंपनी- पटेल इंजीनियरिंग का है। बीते कुछ दिनों से सुस्त पड़े इस स्टॉक पर एक्सपर्ट बुलिश नजर आ रहे हैं। आनंद राठी की रिसर्च रिपोर्ट के मुताबिक इस कंपनी के स्टॉक मंदी के दौर से गुजर रहे हैं लेकिन शॉर्ट टर्म में खरीदारी बढ़ने की संभावना है। ब्रोकरेज आनंद राठी ने पटेल इंजीनियरिंग के स्टॉक को 56-58 रुपये के रेंज में खरीदारी की सलाह दी है। इसके साथ ही अनुमान लगाया है कि स्टॉक शॉर्ट टर्म में 66 रुपये के स्तर तक जा सकता है। वहीं, 53 रुपये पर स्टॉप-लॉस की सलाह दी गई है। वर्तमान में पटेल इंजीनियरिंग के शेयर की कीमत 59 रुपये है। छह फरवरी 2024 को इस शेयर की कीमत 79 रुपये तक गई।

# कभी चप्पल खरीदने के लिए भी नहीं थे पैसे, आज हैं दुनिया की सबसे बड़ी थॉयरॉइड टेस्टिंग कंपनी के मालिक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** थायरोकेयर टेक्नोलॉजीज लिमिटेड दुनिया की सबसे बड़ी थॉयरॉइड टेस्टिंग कंपनी है। इस कंपनी के 950 से अधिक ब्रांडेड और 5,000 से अधिक नॉन-ब्रांडेड आउटलेट्स हैं। कंपनी के फाउंडर, चेयरमैन और एमडी ए वेलुमणि का ताल्लुक तमिलनाडु के एक गरीब परिवार से है। उनके पिता एक गरीब किसान थे, उनकी अपनी जमीन नहीं थी। वेलुमणि का जीवन गरीबी में बीता। हालत यह थी कि उनके पास कपड़े और चप्पल खरीदने के लिए भी पैसे नहीं होते थे। लेकिन वेलुमणि ने अपनी मेहनत और लगन से बड़ा मुकाम हासिल किया। आज उनकी कंपनी का मार्केट कैप 3,300 करोड़ रुपये है। इसका कारोबार भारत ही नहीं बल्कि कई दूसरे देशों में भी फैला है। वेलुमणि का जन्म तमिलनाडु में कोयंबटूर के करीब एक गरीब परिवार में हुआ। उनके तीन और भाई-बहन थे। परिवार का गुजारा करने के लिए मां दूध बेचने का काम करती थी। कई साल तक मां ने ही घर का खर्च चलाया। वेलुमणि ने अपनी स्कूलिंग गांव से पूरी की और फिर ग्रेजुएशन करने के लिए शहर चले गए। उन्होंने सारी पढ़ाई सरकारी स्कूल-कॉलेजों से ही पूरी की है। 19 वर्ष की उम्र में उन्होंने बीएससी की डिग्री पूरी की और फिर कोयंबटूर में एक छोटी सी दवा कंपनी में काम करने लगे। यहां उनकी सैलरी 150 थी। सैलरी काफी कम थी लेकिन उन्होंने फिर भी वो 100 रुपये घर मां के पास भेजते थे, और किसी तरह से 50 रुपयों में खुद का खर्च चलाते थे। लेकिन कुछ समय बाद कंपनी ही बंद हो गई और वेलुमणि बेरोजगार हो गए। लेकिन कहते हैं कि एक रास्ता बंद होता है तो 100 रास्ते खुल जाते हैं। कंपनी बंद होने के बाद वेलुमणि ने भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर में लैब असिसटेंट की पोस्ट के लिए अप्लाई किया। इसमें उनका सेलेक्शन हो गया। इसमें काम करते हुए उन्होंने अपनी आगे की पढ़ाई पूरी की और फिर साइंटिस्ट बने। 14 साल तक भाभा में काम करने के बाद वेलुमणि ने अपनी कंपनी खोलने की बात सोची। उनकी शादी सुमति वेलुमणि से हुई थी जो एसबीआई में कर्मचारी थीं। जब 1995 में उन्होंने कंपनी खोली तो उनकी बीवी ही पहली कर्मचारी थीं।



# टीमो प्रोडक्शंस एचक्यू लिमिटेड, निर्माता मोहन की बिना शक्कर की चाय का पहला शूटिंग शेड्यूल पूरा

**नई दिल्ली एजेंसी।** मोहान नदार के नेतृत्व में टीमो प्रोडक्शंस हेडक्कार्टर्स लिमिटेड (टीपीएचक्यू) ने अपनी नवीनतम सिनेमाई प्रस्तुति बिना शक्कर की चायका पहला शूटिंग शेड्यूल सफलतापूर्वक पूरा किया है। इस चल रहे प्रोजेक्ट की लागत लगभग 40 मिलियन रुपये है और कंपनी के लिए 55960 मिलियन रुपये की आय उत्पन्न करने की उम्मीद है। प्रोजेक्ट की शूटिंग 5 मई 2024 तक पूरी की जाएगी। फिल्म को 31 मई 2024 से महोत्सव सर्किट्स में प्रोजेक्ट किया जाएगा और उसके बाद विभिन्न प्लेटफ़ॉर्म्स पर रिलीज़ किया जाएगा।

टीमो प्रोडक्शंस एचक्यू लिमिटेड (टीपीएचक्यू) के प्रबंध निदेशक, मोहन नादर ने साई देवधर की निर्देशकीय क्षमता की गहरी प्रशंसा व्यक्त करते हुए पुष्टि की, हमें साई देवधर पर बेहद गर्व है, जिनकी निर्देशन दृष्टि इस आकर्षक कथा में जान फूंक देती है। बिना शक्कर की चाय सिर्फ एक कहानी नहीं है; यह उन व्यक्तियों की अदम्य भावना का प्रमाण है जो सपने देखने का साहस करते हैं। इस सिनेमाई यात्रा पर हम पहले शूटिंग शेड्यूल के सफल समापन की घोषणा करते हुए रोमांचित हैं, यह प्रगति वास्तव में एक मनोरम फिल्म अनुभव प्रदान करने हेतु मंच तैयार करती है।

डायरेक्टर साई देवधर ने फिल्म के सार पर विचार करते हुए कहा, बिना शक्कर की चाय के साथ, हमारा लक्ष्य एक ऐसी मार्मिक कहानी तैयार करना है जो दर्शकों को गहराई से मानवीय स्तर पर प्रभावित करे। मैं हमारे कलाकारों और कर्मचारियों के समर्पण और प्रतिभा के प्रति कृतज्ञता से पूर्ण हूं।

कलाकारों में प्रसिद्ध रेवती, सीमा सजदेह, राजेश शर्मा, श्रुति प्रकाश, रेवती पिल्लई (कोटा फैक्ट्री फेम), और ललित प्रभाकर शामिल हैं।

टीपीएचक्यू की सह-संस्थापक और निर्माता केतकी पंडित ने कहा, पहला शूटिंग शेड्यूल पूरा होने के बाद, हम स्क्रीन पर दिलों को छूते हुए और दर्शकों को प्रेरित करते हुए जादू को देखने के लिए उत्साहित हैं। टीपीएचक्यू के सीईओ और राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता श्रबणी देवधर ने टिप्पणी की, हम जीवन के इस हिस्से को लाने के लिए उत्सुक हैं। दर्शकों को, यह याद दिलाते हुए कि जीवन की चुनौतियों के बीच, आनंद और संतुष्टि पाई जा सकती है। टीमो प्रोडक्शंस हेडक्कार्टर्स लिमिटेड (टीपीएचक्यू) की मुख्य कार्यकारिणी अधिकारी (सीईओ) और राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्ममेकर श्रबणी देवधर ने टिप्पणी की, हम उम्मीद करते हैं कि हम इस जीवन के एक अंश को दर्शकों के सामने लाने में सफल होंगे, जो उन्हें याद दिलाएगा कि जीवन की चुनौतियों के बीच, खुशी और पूर्णता का अहसास हो सकता है।

बिना शक्कर की चाय दर्शकों को हंसी, आंसुओं और आत्मनिरीक्षण का आनंददायक मिश्रण परोसती है, जो उन्हें जीवन के अनुभवों का स्वाद लेने के लिए आमंत्रित करता है, चाहे वह मीठा हो, या मीठा न हो। फिल्म ने अपनी शूटिंग यात्रा 8 अप्रैल, 2024 को मुंबई के एक सुरम्य स्थान पर शुरू की, जो प्राकृतिक आकर्षण और हरियाली से पूर्ण था, यहां फिल्म का पहला शूटिंग शेड्यूल पूरा हो गया। रेवती और सीमा सजदेह के साथ फिल्म का दूसरा शेड्यूल शुरू हो चुका है।

# छह कंपनियों के निवेशकों को लगा झटका, 1 हफ्ते में डूब गए 1.40 लाख करोड़ रुपये



**नई दिल्ली, एजेंसी।** शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में छह के संयुक्त बाजार मूल्यांकन में इस सप्ताह 1,40,478.38 करोड़ रुपये की गिरावट आई। इस दौरान आईटी कंपनियों टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इंफोसिस को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स में 1,156.57 अंक या 1.55 फीसदी की गिरावट आई थी। राम नवमी के अवसर पर बुधवार को शेयर बाजार बंद थे।

### इन कंपनियों को फायदा

इस दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मूल्यांकन बढ़ा। दूसरी ओर टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इंफोसिस, आईटीसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर के मूल्यांकन में गिरावट आई। टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 62,538.64 करोड़ रुपये घटकर 13,84,804.91 करोड़ रुपये रह गया। इंफोसिस को अपने मूल्यांकन में 30,488.12 करोड़ रुपये की गिरावट का सामना करना पड़ा। कंपनी का मूल्यांकन 5,85,936.45 करोड़ रुपये था। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 26,423.74 करोड़ रुपये घटकर 7,49,023.89 करोड़ रुपये और भारतीय स्टेट बैंक का बाजार पूंजीकरण 14,234.76 करोड़ रुपये घटकर 6,70,059.86 करोड़ रुपये रह गया।

आईटीसी का मूल्यांकन 6,616.9 करोड़ रुपये घटकर 5,30,350.97 करोड़ रुपये और हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 176.22 करोड़ रुपये घटकर 5,24,487.51 करोड़ रुपये रह गया। दूसरी ओर भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 37,797.09 करोड़ रुपये बढ़कर 7,30,658.36 करोड़ रुपये और एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 9,420.17 करोड़ रुपये बढ़कर 11,63,314.93 करोड़ रुपये हो गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 4,397.82 करोड़ रुपये बढ़कर 19,90,195.52 करोड़ रुपये और एलआईसी का बाजार पूंजीकरण 1,201.75 करोड़ रुपये बढ़कर 6,15,453.90 करोड़ रुपये हो गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे मूल्यवान कंपनी रही।



कम उम्र के हीरो के साथ

# रोमांस करना चाहती हैं मानुषी

मिस वर्ल्ड का खिताब जीतने के बाद मानुषी छिल्लर धीरे-धीरे बॉलीवुड में अपने पैर जमा रही हैं। उन्होंने फिल्म सम्राट पृथ्वीराज से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। मानुषी इन दिनों अपनी फिल्म बड़े मियां छोटे मियां को लेकर चर्चा में चल रही हैं। इस फिल्म में अभिनेत्री ने अपने से बड़े अक्षय कुमार के साथ रोमांस फरमाया है। हालांकि, इसके लिए अभिनेत्री को ट्रोलिंग का भी सामना करना पड़ा है। अब हाल ही में, मानुषी ने इस पर चुप्पी तोड़ी है। बड़े मियां छोटे मियां में मानुषी अभिनेता अक्षय कुमार के साथ दिखाई दी हैं। एक तरफ जहां सोशल मीडिया उनकी ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री की सराहना की गई है। वहीं, दूसरी तरफ उनके बीच उम्र के महत्वपूर्ण अंतर ने इंटरनेट पर बहस छेड़ दी। हाल ही में, मानुषी ने इस मामले पर अपने विचार साझा किए। आइए जानते हैं कि अभिनेत्री ने क्या कहा है।

बातचीत के दौरान जब मानुषी छिल्लर और अक्षय कुमार के बीच उम्र के अंतर का विषय उठाया गया, तो अभिनेत्री ने एक सुपरस्टार के रूप में उनकी प्रशंसा की और उनकी उम्र की परवाह किए बिना उनके साथ काम करने की इच्छा व्यक्त की। उन्होंने बताया कि अक्षय के साथ काम करके उनका समय बहुत अच्छा गुजरा। हालांकि, उन्होंने साफ किया कि वह कास्टिंग संबंधी निर्णय नहीं लेती हैं और कास्टिंग निर्देशकों द्वारा चुने गए विकल्पों का सम्मान करती हैं। वह उन्हें दी गई भूमिकाओं पर ध्यान केंद्रित करती हैं और एक सुपरस्टार के साथ काम करने के अवसर को महत्व देती हैं, क्योंकि इससे प्रोजेक्ट पर महत्व बना रहता है।

मानुषी ने कहा, सुपरस्टार के साथ काम करना अच्छा है। आपको अच्छा खासा स्क्रीन स्पेस मिलता है। अगर मैं अपनी पहली फिल्म के बारे में बात करूं तो उम्र का अंतर था, लेकिन हमने भूमिकाएं अच्छे से निभाई। हमने मार्केटिंग के लिए गाने बनाए, इसलिए उन्हें गाने के लिए दो लोगों को एक साथ रखना पड़ा, लेकिन यह ठीक है। मैं इसे कुछ ऐसा नहीं मानती, जो नहीं होना चाहिए था। मानुषी ने यह भी उम्मीद जताई कि उन्हें भविष्य में कम उम्र के हीरो के साथ रोमांस करने का मौका मिलेगा। सम्राट पृथ्वीराज के साथ अपनी शुरुआत करने के बाद, अभिनेत्री ने विक्की कौशल के साथ द ग्रेट इंडियन फैमिली में अभिनय किया। वह ऑपरेशन वैलेंटाइन में भी नजर आई थीं।







# डीपफेक वीडियो से परेशान हुए रणवीर

टेक्नॉलजी में तरक्की ने जहां लोगों की कई समस्याओं को सुलझाया है, तो वहीं इसने कई ऐसी नई समस्याओं को जन्म भी दिया है। आए दिन कोई न कोई इसका शिकार बनता है। कुछ समय पहले पुष्पा फेम अभिनेत्री रश्मिका मंदाना का एक डीपफेक वीडियो वायरल हुआ था, जिसे लेकर काफी हल्ला भी मचा था।

अब बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह इसके शिकार बने हैं। अभिनेता का एक डीपफेक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह राजनीतिक पार्टी को प्रमोट करते हुए दिखाई दे रहे हैं। रणवीर सिंह इस फर्जी वीडियो में एक राजनीतिक पार्टी का प्रचार करते हुए दिखाई दे रहे हैं। बीते कुछ दिनों में यह वीडियो काफी तेजी से फैल रही थी। इसे लेक आज 19 अप्रैल को रणवीर सिंह का रिएक्शन सामने आया है। इस वीडियो को लेकर रणवीर सिंह ने अपने सोशल मीडिया अकांउट पर प्रतिक्रिया देते हुए लोगों से डीपफेक से बचने की चेतावनी दी है।

अभिनेता ने इस तरह के वीडियो से लोगों को बचने की सलाह देते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया है। उन्होंने अपने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट साझा कर लिखा, डीपफेक से बचो दोस्तों। रणवीर सिंह से पहले आलिया भट्ट, कटरीना कैफ, काजोल, रश्मिका मंधाना, नोरा फतेही समेत कई अन्य सितारे भी इस डीपफेक ट्रेंड का शिकार बन चुके हैं। तेजी से वायरल हो रही रणवीर सिंह की इस वीडियो को एडिट कर के आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स के माध्यम से बनाया गया है।

# तलाक के 9 महीने बाद कुशा कपिला को मिला नया प्यार

सोशल मीडिया सेंसेशन कुशा कपिला एक बार फिर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में हैं। खबर है कि पति जोरावर अहलूवालिया से तलाक लेने के बाद कुशा कपिला की लाइफ में नए प्यार की एंट्री हो गई है। कुशा कपिला का ये नया प्यार कोई और नहीं बल्कि मशहूर कॉमेडियन अनुभव सिंह बस्सी हैं। जी हां चर्चा बटोर रही हैं। रिपोर्ट्स से पता चलता है कि दोनों को गोवा में एक साथ देखा गया था, जिससे उनके रिश्ते की स्थिति के बारे में अटकलें तेज हो गईं। सोशल मीडिया सेंसेशन कुशा कपिला एक बार फिर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में हैं। खबर है कि पति जोरावर अहलूवालिया से तलाक लेने के बाद कुशा कपिला की लाइफ में नए प्यार की एंट्री हो गई है। कुशा कपिला का ये नया प्यार कोई और नहीं बल्कि मशहूर कॉमेडियन अनुभव सिंह बस्सी हैं। जी हां चर्चा बटोर रही हैं। रिपोर्ट्स से पता चलता है कि दोनों को गोवा में एक साथ देखा गया था, जिससे उनके रिश्ते की स्थिति के बारे में अटकलें तेज हो गईं। एक वायरल रेडिट पोस्ट में उनके कथित रिश्ते के बारे में पता चला, जिसमें गोवा में छुट्टियों के दौरान उन्हें साथ देखा गया था। हालांकि, इस डेटिंग को लेकर दोनों में से किसी ने भी अब तक रिएक्ट नहीं किया है। पहली शादी जोरावर अहलूवालिया से हुई थी, जिनसे उन्होंने 2017 में शादी की थी। हालांकि, उन्होंने जून 2023 में तलाक ले लिया, दोनों ने दुनिया के सामने अलग होने की घोषणा की थी।

# डीप नेक लेदर आउटफिट में दिखे शहनाज के...

शहनाज गिल रियालिटी शो बिग बॉस 13 की मोस्ट एंटरटेनर कंटेस्टेंट थी। शो से निकलने के बाद शहनाज ने अपना इतना जबरदस्त ट्रांस्फॉर्मेशन दिखाया। शहनाज ने जिस तरह कुछ ही समय में फैट टू फिट हुईं वह काबिले तारीफ है। वह अक्सर बोल्ड तस्वीरें शेयर कर फैंस के दिलों पर छुरियां चलाती हैं। जैस-जैसे शहनाज करियर आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे उनका अंदाज भी बोल्ड होता जा रहा है। हाल ही मेंशहनाज ने अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की है जिसने आपकी नजरें नहीं हटेंगी। शहनाज गिल रियालिटी शो बिग बॉस 13 की मोस्ट एंटरटेनर कंटेस्टेंट थी। शो से निकलने के बाद शहनाज ने अपना इतना जबरदस्त ट्रांस्फॉर्मेशन दिखाया। शहनाज ने जिस तरह कुछ ही समय में फैट टू फिट हुईं वह काबिले तारीफ है। वह अक्सर बोल्ड तस्वीरें शेयर कर फैंस के दिलों पर छुरियां चलाती हैं। जैस-जैसे शहनाज करियर आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे उनका अंदाज भी बोल्ड होता जा रहा है। हाल ही मेंशहनाज ने अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की है जिसने आपकी नजरें नहीं हटेंगी। इन तस्वीरों में शहनाज का अब तक का सबसे ज्यादा बोल्ड अंदाज देखने को मिल रहा है। तस्वीरों में शहनाज गिल हद ज्यादा हॉट आउटफीट में दिखाई दे रही हैं। लुक की बात करें तो शहनाज ने ब्लैक कलर का डीपनेक लैदर जैकेट और मैचिंग शॉर्ट्स में बोल्ड दिख रही हैं। इस डीपनेक लैदर जैकेट में उनके क्लीवेज साफ दिख रहे हैं। हसीना ने सिल्वर ऑक्सीडाइज़्ड ज्वेलरी से अपने लुक को पूरा किया। मिनिमल मेकअप, स्ट्रेट हेयर शहनाज के लुक को परफेक्ट बना रहे हैं।



# इटली के मिलान में सुहाना ले रही हैं छुट्टियों का आनंद

बॉलीवुड मेगास्टार शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान इटली में अपनी छुट्टियों का आनंद ले रही हैं। सुहाना ने स्ट्रीमिंग फिल्म द आर्चीज से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की है। अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम पर इटली में अपनी छुट्टियों की कई तस्वीरें साझा कीं। तस्वीरों में, उन्हें इटली की गलियों में घूमते, स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेते, मिलान की सुंदरता को देखते और नए फैशन आउटफिट आज़माते हुए देखा जा सकता है।



# सनी लियोनी ने शुरू की अपने अगले मलयालम प्रोजेक्ट की शूटिंग

एक्ट्रेस सनी लियोनी एक नए प्रोजेक्ट के साथ मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। एक्ट्रेस-एंटरप्रेन्योर ने पहले ही अनाम मलयालम प्रोजेक्ट की शूटिंग शुरू कर दी है। एक वीडियो, जिसमें सनी को टीम के साथ मुहूर्त पूजा करते हुए दिखाया गया है, ऑनलाइन सामने आया है और इसने फैंस को उत्साहित कर दिया है। कुछ सबसे बड़ी फिल्मों का हिस्सा बनने के बाद, एक्ट्रेस-एंटरप्रेन्योर की इस आगामी फिल्म ने उनकी शानदार फिल्मोग्राफी में एक सुनहरा पंख जोड़ दिया है। कैनेडी एक्ट्रेस के इस दिलचस्प प्रोजेक्ट ने दर्शकों को यह जानने के लिए उत्सुकता से इंतजार करवा दिया है कि सनी अपने सशक्त स्क्रीन प्रेजेंस और अभिनय कौशल के साथ दर्शकों को कैसे करेंगी एंटरटेन। सनी लियोनी ने इससे पहले ममूटी की मधुराजा में गेस्ट अपीयरेंस किया था। उन्होंने पहले दो मलयालम फिल्मों की घोषणा की थी, जिनका नाम रंगीला और शेरो है, जो अभी रिलीज़ नहीं हुई हैं। इस बीच, सनी लियोनी फिलहाल स्प्लिट्सविला ङ्ग5 की लेटेस्ट सीरीज़ को होस्ट कर रही हैं।



शादी के 17 साल

# ऐश्वर्या ने लुटाया अभिषेक पर प्यार, फैमिली तस्वीर में आराध्या ने लूट ली लाइमलाइट

बॉलीवुड एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन के रिश्तों के बारे में चाहे दुनिया में कितनी भी बातें क्यों ना हो लेकिन ये कपल हमेशा ही वह सभी को नजरअंदाज कर देते हैं। बीते कई महीनों से दोनों के बीच अनबन की कई खबरें आईं। इतना ही नहीं बच्चन बहू के घर छोड़ने की खबर ने भी खूब चर्चा बटोरी पर बिना कुछ कहे इस कपल को लोगों के मुंह पर भी ताला लगाना भी उन्हें बखूबी आता हैं। अब 20 अप्रैल को इनके शादी की सालगिरह थी। इस खास दिन पर कपल की एक झलक पाने के लिए आतुर थे। पूरी दिन बीत गया। बॉलीवुड एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन के रिश्तों के बारे में चाहे दुनिया में कितनी भी बातें क्यों ना हो लेकिन ये कपल हमेशा ही वह सभी को नजरअंदाज कर देते हैं। बीते कई महीनों से दोनों के बीच अनबन की कई खबरें आईं। इतना ही नहीं बच्चन बहू के घर छोड़ने की खबर ने भी खूब चर्चा बटोरी पर बिना कुछ कहे इस कपल को लोगों के मुंह पर भी ताला लगाना भी उन्हें बखूबी आता हैं। अब 20 अप्रैल को इनके शादी की सालगिरह थी। इस खास दिन पर कपल की एक झलक पाने के लिए आतुर थे। पूरी दिन बीत गया। मगर कोई पोस्ट नहीं किया गया मगर रात में ऐश्वर्या राय और अभिषेक दोनों ने एक-एक फोटो शेयर की जिसको देखने के बाद फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

# करण जौहर का घर किराए पर लेने को इमरान खान ने बताया अफवाह!



बॉलीवुड एक्टर इमरान खान कई सालों से लाइमलाइट से दूर हैं। उन्होंने हाल ही में बताया कि शोबिज से दूर जाने के बाद वह साधारण जीवन जी रहे हैं। अपना पाली स्थित आलीशान बंगला छोड़ वह खाली अपार्टमेंट में शिफ्ट हो गए। अपनी पत्नी अवंतिका से अलग होने के बाद उनके जीवन में कई बदलाव आए हैं।

इसके साथ ही उन्होंने करण जौहर का घर किराए पर लेने की खबर पर भी चुप्पी तोड़ी है। फिल्म कंपैनियन को दिए इंटरव्यू में इमरान ने कहा कि पांच साल पहले ही वह अपने पाली वाले बंगले को छोड़ चुके हैं। ये उस वक्त की बात है जब उनका अवंतिका के साथ सेपरेशन हुआ था। इमरान ने कहा, मैंने एक खाली जगह पर बसने से शुरुआत की। मैंने अपनी जरूरतों के हिसाब से सामान लाना शुरू किया।

मेरे पास एक टीवी था क्योंकि मुझे फिल्में देखना पसंद था और एक सोफा। इसके बाद धीरे-धीरे मैंने सामान लाना शुरू किया जिसकी मुझे वास्तव में जरूरत थी। मेरे पास कोई लिव-इन स्टाफ नहीं था, मेरे पास एक इंसान था जो भारी सफाई करने के लिए हर दूसरे दिन आता था, लेकिन मैंने अपने लिए एक डायसन वैक्यूम क्लीनर खरीदा था और कहा कि मैं खुद सफाई करूंगा। अगर मेरे पास तीन प्लेट हैं, एक-एक हर मील के लिए है। एक नाश्ते की, एक लंच की और एक डिनर की तो धोने के लिए बस तीन प्लेट होती थी, तो कितनी ही गंदगी होती। एक्टर ने बताया कि उनका खाना उनकी मां के घर से आता था। लंबे समय से उन्हें लेकर खबर आ रही है कि उन्होंने और उनकी गर्लफ्रेंड लेखा वाशिंगटन ने करण जौहर का घर किराये पर लिया। इस खबर पर इमरान खान ने कहा, फिर से, यह उन चीजों में से एक है जिसे मैं कभी भी पूरी तरह से समझ नहीं पाया हूं।

- साभार एजेंसी



दो ग्रैंड स्लैम जीते

जनवरी 2023 के बाद से टेनिस कोर्ट में नहीं उतरी

साल 2016 में फ्रेंच ओपन जीता।

# टेनिस स्टार गार्बाइन मुगुरुजा ने संन्यास का ऐलान किया

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पूर्व वर्ल्ड नंबर एक खिलाड़ी गार्बाइन मुगुरुजा ने 30 साल की उम्र में ही पेशेवर टेनिस से संन्यास लेने की घोषणा कर दी है। उन्होंने ये फैसला लंबे समय से टेनिस से दूर रहने की वजह से किया है।

मुगुरुजा 2023 जनवरी से टेनिस नहीं खेली हैं। उन्होंने शनिवार को मैड्रिड में प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि मुझे लगता है कि अब संन्यास लेने और अपनी जिंदगी में एक नया अध्याय खोलने का समय आ गया है।

**विलियम्स बहनों को ग्रैंड स्लैम फाइनल में हरा चुकी हैं**

मुगुरुजा विलियम्स बहनों को ग्रैंड स्लैम फाइनल में हराने वाली इकलौती खिलाड़ी हैं। उन्होंने साल 2016 में फ्रेंच ओपन के फाइनल में सेरेना विलियम्स को और 2017 में विम्बलडन फाइनल में वीनस विलियम्स को हराया था। वहीं स्पेनिश खिलाड़ी मुगुरुजा के नाम 10 करियर खिताब है।


वह 2015 विम्बलडन तथा 2020 आस्ट्रेलियाई ओपन में उप विजेता रही थीं गार्बाइन मुगुरुजा ने 2017 में विम्बलडन फाइनल में वीनस विलियम्स को हराया कर खिताब अपने नाम किया था।

**1998 के बाद फ्रेंच ओपन जीतने वाली पहली स्पेनिश खिलाड़ी**

मुगुरुजा के पिता स्पेनिश हैं। जबकि मां वेनेजुएला की हैं। मुगुरुजा ने टेनिस का प्रशिक्षण लेने के लिए बार्सिलोना चली गईं। उन्होंने 2016 में फ्रेंच ओपन जीता।

## विनेश फोगाट ने जीता ओलंपिक कोटा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की विनेश फोगाट ने शनिवार को एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में महिलाओं के 50 किग्रा सेमीफाइनल में कजाकिस्तान की लॉरा गनिक्यज़ी को 10-0 से हराकर पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा हासिल किया। एशियाई खेल और राष्ट्रमंडल चैंपियन फोगाट ने लॉरा गनिक्यजी के खिलाफ तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर 4 मिनट 18 सेकंड में मुकाबला जीत लिया।



**IPL 2024**

### मेरे लिए धोनी मतलब क्रिकेट और क्रिकेट मतलब धोनी...

## शिवम दुबे की वाइफ ने माही की तारीफ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक्ट्रेस और क्रिकेटर शिवम दुबे की पत्नी अंजुम खान ने शनिवार को भारत के महान कप्तान एमएस धोनी के लिए सोशल मीडिया पर एक इमोशनल पोस्ट शेयर किया है। अंजुम खान ने धोनी के साथ अपनी मुलाकात की तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की है और उनके लिए लंबा कैप्शन भी लिखा। वह धोनी को कितना मानती हैं और उनका कितना सम्मान करती हैं। यह सब उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा। अंजुम ने धोनी के खेल के लिए अपने क्रेज को खुलेआम स्वीकार भी किया है।

**शिवम दुबे की वाइफ ने धोनी के लिए शेयर किया खास पोस्ट**

अंजुम खान ने सोशल मीडिया के सबसे चर्चित प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर धोनी के साथ अपनी मुलाकात की फोटो शेयर की। उसकी कैप्शन में उन्होंने लिखा, अल्हम्दुलिल्लाह धोनी यह नाम मैंने सुना था एक न्यूज चैनल पर...जब उनको कप्तान बनाया गया था भारतीय टीम का... और उसके पहले क्रिकेट पसंद था मुझे पर इतना नहीं कि मैं देखती रहूं... और मैं वो न्यूज चैनल पर रुक गई पता नहीं क्यों मैंने पूरा इंटरव्यू देख लिया। वो इंटरव्यू नॉर्मल नहीं था...एक कनेक्शन एक इमोशन वो इंटरव्यू से जुड़ गया था...और मैंने क्रिकेट पूरी तरह से फॉलो करना शुरू कर दिया...और तबसे आज तक जब तक...धोनी इंडिया में थे कोई मैच कुछ मिस नहीं किया। उन्होंने आगे लिखा, मेरे लिए धोनी मतलब क्रिकेट और क्रिकेट मतलब धोनी। सॉरी मैं सर यूज नहीं कर रही...पीर यही तो उनका सम्मान है कि बच्ची बच्ची उनको माही धोनी बुलाता है और चेन्नई के बाद थाला...और सच में वो एक इमोशन है।



अभी भी मैं पूरी इमोशनल हूं...इसके पहले इमोशनल हुई ये सीजन उनके बाल देखकर क्योंकि ये टाइम इतना जल्दी क्यों बढ़ता है।

उन्होंने आगे कहा, एक दम मेरा सारा बचपन मेरी आंखों के सामने आ गया...और आज भी मैं वो ही उनको देखकर आज भी एक शब्द मुंह से नहीं निकलता है...मैं वेसे ही एक्साइटेड होती हूं क्योंकि टीवी पर उनका मैच देखकर आती थी और होती हूं। मेरे लिए माही वो ही है जो बचपन में थे...पूरी टीम आउट हो जाए पर...माही है ना वो जिता देगा...कुछ नहीं होगा हम जीतेंगे...अगर कोई आउट भी हो जाए जल्दी आज तक मैं वो ही हूं कि कोई नहीं ये तो होता है पर माही तो माही ही है।



## जैक फ्रेजर ने लगाया आईपीएल 2024 का सबसे तेज अर्धशतक

### एक साथ तोड़ा ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा का रिकॉर्ड

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2024 के 35वें लीग मैच में दिल्ली कैपिटल्स को अपने घरेलू मैदान पर बेशक हार मिली, लेकिन इस मैच में इस टीम के बल्लेबाज जैक फ्रेजर ने कमाल की बल्लेबाजी की और आईपीएल 2024 का सबसे तेज अर्धशतक लगा दिया। इस मुकाबले में हैदराबाद की टीम ने पहले खेलते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 266 रन का विशाल स्कोर बनाया और इसके जवाब में दिल्ली की टीम लड़खड़ा गई और 19.1 ओवर में 199 रन बनाकर आउट हो गई और उसे 67 रन से हार मिली।

**जैक फ्रेजर ने तोड़ा हेड और अभिषेक का रिकॉर्ड**

जैक ने इस मैच में 15 गेंदों पर अर्धशतक लगाया और आईपीएल 2024 में सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। इस सीजन में इससे पहले ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा ने 16-16 गेंदों पर अर्धशतक लगाया था। जैक ने इस मैच में 18 गेंदों पर 7 छक्के और 5 चौकों की मदद से 65 रन की जोरदार पारी खेली।

**आईपीएल 2024 का सबसे तेज अर्धशतक**

15 गेंद – जेक फ्रेजर बनाम एसआरएच, दिल्ली, 2024
16 गेंद – अभिषेक शर्मा बनाम एमआई, हैदराबाद 2024
16 गेंद – ट्रेविस हेड बनाम डीसी, दिल्ली, 2024

क्रिस मौरिस से आगे निकले जैक

जैक अब दिल्ली के लिए भी आईपीएल में सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। इससे पहले ये रिकॉर्ड क्रिस मौरिस के नाम पर दर्ज था जिन्होंने इस टीम के लिए 17 गेंदों पर अर्धशतक लगाया था, लेकिन जैक ने 15 गेंदों पर ऐसा करते हुए उन्हें पीछे छोड़ दिया।

**दिल्ली के लिए सबसे तेज आईपीएल अर्धशतक लगाने वाले बैट्समैन**

15 गेंद – जेक फ्रेजर बनाम एसआरएच, 2024
17 गेंद – क्रिस मॉरिस बनाम जीएल, 2016
18 गेंद – ऋषभ पंत बनाम एमआई, 2019
18 गेंद – पृथ्वी शॉ बनाम केकेआर, 2021
19 गेंद – ट्रिस्टन स्टब्स बनाम एमआई, 2024

**आईपीएल में सबसे तेज अर्धशतक**

13 गेंद – यशस्वी जयसवाल बनाम केकेआर (2023)
14 गेंद – केएल राहुल बनाम डीसी (2018)
14 गेंद – पैट कमिंस बनाम एमआई (2022)
15 गेंद – यूसुफ बनाम एसआरएच (2014)
15 गेंद – नरेन बनाम आरसीबी (2017)
15 गेंद – पूरन बनाम आरसीबी (2023)
15 गेंद – जैक फ्रेजर बनाम एसआरएच (2024)



### अभिषेक शर्मा 12 गेंदों में 46 रन बनाने के बावजूद किस बात से घबराए

## युवराज सिंह मुझसे खफा होंगे क्योंकि...

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सनराइजर्स हैदराबाद के ऑलराउंडर अभिषेक शर्मा आईपीएल 2024 में अपनी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी से जमकर सुर्खिया बटोर रहे हैं। उन्होंने अब तक सात मैचों में 215.96 के स्ट्राइक रेट से 257 रन बनाए हैं।

उन्होंने शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ भी कमाल की पारी खेली। उन्होंने दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में 12 गेंदों में 46 रन बनाए, जिसमें दो चौके और 6 सिक्स शामिल हैं। अभिषेक ने ट्रैविस हेड (32 गेंदों में 89, 11 चौके, 6 छक्के) के साथ पहले विकेट के लिए 131 रन की साझेदारी की। हालांकि, तूफानी पारी खेलने के बावजूद अभिषेक एक बात को लेकर घबराए हुए हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर युवराज सिंह दिल्ली के विरुद्ध उनके आउट होने के तरीक से खफा होंगे। अभिषेक को स्पिनर कुलदीप यादव ने सातवें ओवर की दूसरी गेंद पर पवेलियन की राह दिखाई थी। कुलदीप ने फुलर गेंद डाली, जिसके बाद अभिषेक ने ड्राइव किया लेकिन कवर पर अक्षर पटेल को कैच थमा बैठे। अक्षर ने आगे की ओर डाइव लगाकर कैच लिया।

अभिषेक शर्मा ने मैच के बाद कहा, जिस तरह से मैं आउट हुआ, उससे युवराज सिंह मुझसे खफा होंगे लेकिन कुल मिलाकर वह मेरी प्रोग्रेस से खुश होंगे। उन्होंने कड़ी मेहनत की है। बता दें कि युवराज 23 वर्षीय ऑलराउंड अभिषेक के मेंटॉर हैं। अभिषेक घरेलू क्रिकेट में पंजाब की ओर से खेलते हैं। युवराज भी पंजाब टीम से खेलते थे। अभिषेक ने युवराज के साथ ट्रेनिंग की है, जिससे उन्हें आईपीएल में दमदार प्रदर्शन करने में मदद मिल रही है। अभिषेक और हेड ने शुरुआती 6 ओवर में 125 रन जोड़े, जो टी20 क्रिकेट का पावरप्ले में सबसे बड़ा स्कोर है। हैदराबाद ने 266/7 का विशाल स्कोर खड़ा किया।

नितीश रेड्डी ने 37 रन का योगदान दिया। शाहबाज अहमद ने नाबाद 59 रन की पारी खेली। जवाब में दिल्ली की टीम 199 रन पर ऑलरआउट हो गई। एसआरएच ने 67 रन से विजयी परचम फहराया। दिल्ली के लिए जेक फ्रेजर-मैकगर्क (65) ने सबसे ज्यादा रन बनाए। अभिषेक पोरेल ने 42 और कप्तान ऋषभ पंत ने 44 रन जुटाए।

## दिल्ली में ट्रैविस हेड का तूफान, तोड़े कई रिकॉर्ड

**नईदिल्ली, एजेंसी।** । आईपीएल 2024 में शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच टूर्नामेंट का 35वां मैच दिल्ली में खेला गया। हालांकि, मैदान का वेन्यू जरूर बदला है लेकिन हैदराबाद की बल्लेबाजी का अंदाज नहीं।

सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल 2024 में बल्लेबाजी के नए रिकॉर्ड स्थापित करने की आदत बना ली है और यह दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ भी जारी रहा। पहले बल्लेबाजी करने उतरी एसआरएच की ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा की ओपनिंग जोड़ी ने पावरप्ले में ही बोर्ड पर 100 से अधिक रन जोड़ लिए। खासतौर पर हेड ने दिल्ली के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ा दी। हेड 32 गेंदों पर 89 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने 278.11 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए जिसमें 11 चौके और 6 छक्के शामिल थे।

वहीं अभिषेक शर्मा ने 12 गेंदों पर 46 रन ठोक डाले जिसमें दो चौके और 6 छक्के शामिल थे। अभिषेक ने 383.33 के स्ट्राइक रेट से रन जोड़े।हैदराबाद ने तोड़े ये रिकॉर्ड्सटी20 में सबसे तेज 100 रन जो सिर्फ सिर्फ पांच ओवर में आए।किसी भी टी20 में पावरप्ले में सर्वाधिक स्कोर। इस जोड़ी ने पहले 6 ओवर में 125 रन का विशाल स्कोर बनाया।



## टी-20 वर्ल्ड कप में खेलने को तैयार दिनेश कार्तिक



**नईदिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया के विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में खेलने के लिए तैयार हैं। इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना कोलकाता नाइटराइडर्स के से होगा।

इस मैच से पहले आरसीबी के विकेटकीपर कार्तिक ने कहा, मेरे जीवन के इस पड़ाव पर, भारत का प्रतिनिधित्व करना सबसे बड़ी खुशी होगी। मैं इसके लिए 100त्न तैयार हूं। मैं टी-20 वर्ल्ड कप के लिए टीम में शामिल होने के लिए हर संभव कोशिश करूंगा।

कार्तिक ने अपना आखिरी इंटरनेशनल मुकाबला 2022 टी-20 वर्ल्ड कप में खेला था। तब से उन्होंने भारत के लिए कोई भी मैच नहीं खेला। इस दौरान वे कमेंट्री करते नजर आए।

**आईपीएल के इस सीजन में 7 मैचों में दो अर्धशतक लगाए**

38 साल के दिनेश कार्तिक आईपीएल के इस सीजन में शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने 7 मैचों में 205.45 के स्ट्राइक रेट से 226 रन बनाए हैं। इसमें दो हाफ सेंचुरी शामिल है। वे मौजूदा सीजन में टीम के तीसरे टॉप स्कोरर हैं।

**टी-20 इंटरनेशनल में दिनेश कार्तिक**

कार्तिक ने टी-20 इंटरनेशनल में भारत के लिए अब तक 60 मैच खेले हैं। इस दौरान उन्होंने 686 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 142.62 रहा है। टी-20 इंटरनेशनल में उनके नाम एक अर्धशतक है।

**टी-20 वर्ल्ड कप में दिनेश कार्तिक का प्रदर्शन**

दिनेश कार्तिक ने तीन बार टी-20 वर्ल्ड कप में भारत का प्रतिनिधित्व किया। कार्तिक ने भारत के लिए 2007, 2010 और 2022 का वर्ल्ड कप खेला है। उन्होंने अब तक टी-20 वर्ल्ड कप में 10 मैच खेले हैं, इसमें उनके नाम केवल 71 रन ही हैं। यहां उनका स्ट्राइक रेट 97.26 है।

## भारतीय निशानेबाजों की नजर पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल करने पर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पृथ्वीराज टोंडिमन, जोरावर संधू और विवान कपूर पुरुषों के ट्रैप में शेष उपलब्ध कोटा स्थान जीतने की कोशिश करेंगे, जबकि श्रेयसी सिंह, मनीषा कीर और नीरू महिलाओं की संबंधित स्पर्धा में भारत के पेरिस स्थानों को अधिकतम करने की कोशिश करेंगी।

निशानेबाजी में रिकॉर्ड 20 ओलंपिक कोटा स्थान पहले ही हासिल कर चुका भारत रविवार से दोहा में आईएसएसएफ फाइनल ओलंपिक क्वालीफिकेशन चैम्पियनशिप (शॉटगन) शुरू होने पर 2024 पेरिस स्थानों के लिए अपने अभियान की शुरआत करेगा। पृथ्वीराज टोंडिमन, जोरावर संधू और विवान कपूर पुरुषों के ट्रैप में शेष उपलब्ध कोटा स्थान जीतने की कोशिश करेंगे, जबकि श्रेयसी सिंह, मनीषा कीर और नीरू महिलाओं की संबंधित स्पर्धा में भारत के पेरिस स्थानों को अधिकतम करने की कोशिश करेंगी।

भवनीश मेंदीरत्ता और राजेश्वरी कुमारी ने पिछ्ली प्रतियोगिताओं में भारत के लिए पुरुष और महिला ट्रैप में एक-एक कोटा स्थान हासिल किया था। क्वालीफिकेशन तीन दिनों तक चलेगा और 23 अप्रैल को दोनों स्पर्धाओं के फाइनल के साथ समाप्त होगा। ट्रैप प्रतियोगिता के बाद पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए स्कीट स्पर्धा होगी, जहां भारत दो और कोटा स्थान जीत सकता है। भारत ने अब तक निशानेबाजी में 20 पेरिस कोटा स्थान जीते हैं, जिनमें



राइफल और पिस्टल विषयों में अधिकतम आठ-आठ और शॉटगन में चार स्थान शामिल हैं। दोहा प्रतियोगिता के बाद, निशानेबाजों के पास उपलब्ध विश्व रैंकिंग स्थानों के माध्यम से पेरिस के लिए अर्हता प्राप्त करने का एक अंतिम मौका होगा।

